www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर, गुरुवार, 19 अक्टूबर 2023 । वर्ष – 33 । अंक – 171 । पृष्ठ – 12 । मूल्य – 4.00 रु



शारदीय नवरात्रि के पांचवे दिन माता स्कंदमाता देवी की होगी आराधना

■ जैतून की टहनी का इंतजार
■ एक कमजोर रस्सी पर लटका है कर्नाटक जनता दल (एस)... पृष्ठ 4

■ अमेरिका इजरायल का समर्थन करना जारी रखेगा : बाइडेन
■ जॉर्डन ने इजरायल-हमास संघर्ष के कारण शिखर सम्मेलन किया रद्द पृष्ठ 9

दानिश कनेरिया ने धार्मिक पूर्वाग्रह को लेकर पाकिस्तान क्रिकेट को घेरा पृष्ठ 10

# कांग्रेस की दूसरी सूची में 10 विधायकों का पत्ता साफ, 10 महिलाओं सहित 17 नए चेहरे

## 7 सीटों पर रोका गया प्रत्याशियों का नाम

**रायपुर**, 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। कांग्रेस ने प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी कर दी है इस सूची में 53 प्रत्याशियों के नाम हैं। केवल 7 प्रत्याशियों का नाम आना बाकी है। इससे पहले कांग्रेस ने पहली सूची में 30 प्रत्याशियों की लिस्ट जारी की थी, जिसमें 8 विधायकों का टिकट काटा गया था।वहीं दूसरी सूची में 10 विधायकों का टिकट काटा गया है।

प्रदेश कांग्रेस प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी कर दी गई है। इसमें 53 लोगों के नाम शामिल किए गए हैं। इसके अनुसार पूर्व महापौर जतिन जायसवाल जगदलपुर से कांग्रेस के प्रत्याशी बनाए गए हैं। जतिन उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव के करीबी माने जाते हैं। 58 वर्षीय जतिन नए चेहरे हैं। धरसीवा विधायक अनिता शर्मा की टिकट काटकर मुख्यमंत्री के करीबी छाया वर्मा को टिकट दी गई है। वही रायपुर दक्षिण में उलट फेर करते हुए सारे दावेदारो को किनारे करते हुए महंत राम सुंदर दास को प्रत्याशी बनाया गया है। रायपुर ग्रामीण से सत्यनारायण शर्मा की जगह उनके पुत्र पंकज वर्मा को टिकट दी गई है। जगदलपुर सीट से भाजपा ने भी अपने पूर्व महापौर किरण देव को प्रत्याशी बनाया है। जगदलपुर अनारक्षित सीट पर दो पूर्व महापौर के बीच विधानसभा चुनाव में मुकाबला होगा। ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## रायपुर दक्षिण विस में बृजमोहन-रामसुंदर दास के बीच मुकाबला





रायपुर विधानसभा की सबसे अहम मानी जा रही सीट रायपुर दक्षिण विस में 7 बार के विधायक वरिष्ठ नेता एवं मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के खिलाफ कांग्रेस ने इस बार रणनीति के तहत वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रामसुंदर दास महंत को मैदान में उतारा है। अब तक अपराजित रहे बृजमोहन अग्रवाल इस बार कैसे महंत को मात देंगे यह देखना काफी रोचक होगा। फिलहाल पाटन, राजनांदगांव की सीट को लेकर लोग अकटकले लगा रहे हैं पर रायपुर दक्षिण विस अब इस श्रेणी में शामिल हो गया है।

## ये 10 विधायक जिनके कटे टिकट

| | |
|---|---|
| बिलाईगढ़ | – चंद्रदेव राय |
| धरसीवां | – अनिता शर्मा |
| जगदलपुर | – रेखचंद जैन |
| मनेंद्रगढ़ | – विनय जायसवाल |
| प्रतापपुर | – प्रेमसाय सिंह टेकाम |
| रामानुजगंज | – बृहस्पति सिंह |
| सामरी | – चिंतामणी महाराज |
| लैलूंगा | – चक्रधर सिदार |
| पाली–तानाखार | – मोहित केरकेट्टा |

(रायपुर ग्रामीण से सत्यनारायण शर्मा ने अपनी जगह बेटे पंकज शर्मा के लिए टिकट मांगा)

## रायपुर उत्तर, सरायपाली,धमतरी, कसडोल सिहावा व बैकुंठपुर पर अभी भी फंसा है पेंच

कांग्रेस के 7 प्रत्याशियों का नाम आना बाकी है। जिन सीटों पर कांग्रेस ने अपने प्रत्याशियों का ऐलान नहीं किया है, उनमें धमतरी, कसडोल, बैकुंठपुर, सरायपाली, महासमुंद, रायपुर उत्तर और सिहावा है। जहां पर अभी तक प्रत्याशियों के नाम पर मुहर नहीं लगी है।धमतरी में भाजपा का कब्जा है।कसडोल,महासमुंद,रायपुर उत्तर,सरायपाली बैकुंतुपुर में कांग्रेस का कब्जा है। सूत्रों की माने तो इन विधायकों को टिकट मिलने की संभावना नहीं है। जातीय समीकरण को देखते हुए उन्हीं वर्ग से नए चेहरों को मौका दिया जाएगा।

## प्रत्याशियों के नाम

| | |
|---|---|
| भरतपुर-सोनहट(एसटी) | - गुलाब सिंह कमरो |
| मनेंद्रगढ़ (सामान्य) | - रमेश सिंह |
| प्रेमनगर(सामान्य) | - खेलसाय सिंह |
| भटगांव (सामान्य) | - प्रेमनाथ राजवाड़े |
| प्रतापपुर(एसटी) | - राजकुमार मरावी |
| रामानुजगंज(एसटी) | - डॉ. अजय तिर्की |
| सामरी(एसटी) | - विजय पैकरा |
| लुंड्रा(एसटी) | - डा. प्रीतम राम |
| जशपुर(एसटी) | - विनयकुमार भगत |
| कुनकुरी(एसटी) | - यूडी मिंज |
| पत्थलगांव(एसटी) | - रामपुकार सिंह |
| लैलुंगा(एसटी) | - विद्यावती सिदार |
| रायगढ़(सामान्य) | - प्रकाश शक्राजीत नायक |
| सारंगढ़(एससी) | - उत्तरी जांगड़े |
| धर्मजयगढ़(एसटी) | - लालजीत सिंह राठिया |
| रामपुर(एसटी) | - फूलसिंह राठिया |
| कटघोरा(सामान्य) | - पुरुषोत्तम कंवर |
| पाली-तानाखार (एसटी) | - दुलेश्वरी सिदार |
| मरवाही(एसटी) | - डा. केके ध्रुव |
| कोटा(सामान्य) | - अटल श्रीवास्तव |
| लोरमी(सामान्य) | - थानेश्वर साहू |
| मुंगेली(एससी) | - संजीत बैनर्जी |
| तखतपुर(सामान्य) | - डा. रश्मि आशीष सिंह |
| बिल्हा(सामान्य) | - सियाराम कौशिक |
| बिलासपुर(सामान्य) | - शैलेष पांडेय |
| बेलतरा(सामान्य) | - विजय केशरवानी |
| मस्तुरी(एससी) | - दिलीप लहरिया |
| अकलतरा(सामान्य) | - राघुवेंद्र सिंह |
| जांजगीर-चांपा(सामान्य) | -व्यास कश्यप |
| चंद्रपुर(सामान्य) | - रामकुमार यादव |
| जैजैपुर(सामान्य) | - बालेश्वर साहू |
| पामगढ़(एससी) | - शेषराज हरबंश |
| बसना(सामान्य) | - देवेंद्र बहादुर सिंह |
| खल्लारी (सामान्य) | - द्वारिकाधीश यादव |
| बिलाईगढ़(एससी) | - कविता प्रान लहरे |
| बलौदाबाजार(सामान्य) | - शैलेष नितिन त्रिवेदी |
| भाटापारा (सामान्य) | - इंदरकुमार साव |
| धरसींवा(सामान्य) | - छाया वर्मा |
| रायपुर-ग्रामीण(सामान्य) | - पंकज शर्मा |
| रायपुर- पश्चिम (सामान्य) | - विकास उपाध्याय |
| रायपुर-दक्षिण(सामान्य) | - महंत रामसुंदर दास |
| अभनपुर(सामान्य) | - धनेंद्र साहू |
| राजिम(सामान्य) | - अमितेश शुक्ल |
| बिंद्रानवागढ़(एसटी) | - जनकलाल ध्रुव |
| कुरूद(सामान्य) | - तारिणी चंद्राकर |
| संजारी बालोद(सामान्य) | - संगीता सिन्हा |
| गुंडरदेही(सामान्य) | - कुंवरसिंह निषाद |
| दुर्ग शहर (सामान्य) | - अरुण बोरा |
| भिलाई नगर(सामान्य) | - देवेंद्र यादव |
| वैशाली नगर(सामान्य) | - मुकेश चंद्राकर |
| अहिवारा(एससी) | - निर्मल कोसरे |
| बेमेतरा(सामान्य) | - आशीष कुमार छाबड़ा |
| जगदलपुर(सामान्य) | - जितिन जायसवाल |
| बिंद्रानवागढ़ | - जनक ध्रुव |

## राहुल गांधी ने फिर मोदी सरकार को घेरा

# अडानी ने किया 32000 करोड़ का घोटाला



■ घोटाले का पैसा देश की जनता की जेब से बिजली की कीमतें बढ़ाकर वसूला गया
■ विदेश से खरीदा कोयला भारत आकर हुआ महंगा
■ कोयला घोटाले में प्रधानमंत्री मोदी का मिला संरक्षण
■ राहुल ने विदेशी अखबार की रिपोर्ट का दिया हवाला

**नई दिल्ली**, 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने उद्योगपति गौतम अडानी पर सीधा हमला करते हुए कहा है कि उन्होंने (श्री अडानी) कोयला घोटाला किया है, जिसके कारण बिजली की कीमतें बढ़ी हैं और बिजली दरें बढ़ाकर जनता के 32000 करोड़ रुपए डकारे गए हैं। श्री गांधी ने बुधवार पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पहले हम 20,000 करोड़ के घोटाले की बात कर रहे थे, लेकिन अब एक विदेशी अखबार ने रिपोर्ट छपी है कि 12,000 करोड़ रुपए का और घोटाला हुआ है और इस तरह से अडानी समूह ने पूरा 32,000 करोडट रुपए का घोटाला किया है।

**हिंदुस्तान की जनता की जेब से पैसे निकाले**–उन्होंने कहा कि आश्चर्य की बात यह है कि घोटाले के दस्तावेज मौजूद हैं, लेकिन मोदी सरकार अपने प्रिय उद्योगपति के खिलाफ किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। उनका कहना था कि अडानी के खिलाफ कार्रवाई इसलिए नहीं हो रही है, क्योंकि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उन्हें संरक्षण प्राप्त है। कांग्रेस नेता ने कहा कि जब अडानी के खिलाफ दस्तावेज हैं, तो श्री मोदी और उनके नेतृत्व वाली सरकार इस उद्योगपति के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं करती, जबकि इसको लेकर कांग्रेस सांसद से सड़क तक सवाल उठा रही है और इस घोटाले के सबूत भी दे रही है। उनका कहना है कि अडानी ने हिंदुस्तान की जनता की पॉकेट से 12,000 करोड़ रुपए निकाले हैं और इस तरह से अडानी ने देश में 32,000 करोड रुपए का कोयला घोटाला किया है। उन्होंने कहा, इस घोटाले का पैसा देश की जनता की जेब से बिजली की कीमतें बढ़ाकर वसूला गया है। श्री गांधी ने कहा, कांग्रेस सरकार मध्य प्रदेश, कर्नाटक आदि राज्यों में बिजली में सब्सिडी देकर लोगों को राहत दे रही है लेकिन असली मुद्दा बिजली की कीमतें बढ़ने का है जो अडानी के कोयला घोटाले की वजह से बढ़ रहीं है।

**कोयला भारत आते ही दोगुना महंगा**–राहुल ने अडानी पर आरोप लगाते हुए एक न्यूज आर्टिकल भी दिखाया। कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि अडानी इंडोनेशिया में कोयला खरीदते हैं और जब तक कोयला भारत आता है, तब तक इसकी कीमत दोगुनी हो जाती है।

**भ्रष्टाचार कांग्रेस के डीएनए में है: भाजपा**

भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने नेशनल हेराल्ड मामले में राहुल की चुप्पी पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि गांधी परिवार दुनिया का सबसे भ्रष्ट परिवार है। राहुल और सोनिया दोनों भ्रष्टाचार के मामले में जमानत पर बाहर हैं। इस पर राहुल बात नहीं करेंगे। नेशनल हेराल्ड घोटाले में रॉबर्ट वाड्रा के भ्रष्टाचार पर बात नहीं करेंगे, क्योंकि भ्रष्टाचार कांग्रेस के डीएनए में है।

## सार संक्षेप

### मिजोरम के लिए भाजपा ने 21 उम्मीदवार उतारे

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने मिज़ोरम विधानसभा चुनाव के लिए आज 21 उम्मीदवारों की दो सूचियां जारी कीं। भाजपा महासचिव अरुण सिंह ने इन सूचियों को जारी करते हुए कहा कि पार्टी की केन्द्रीय चुनाव समिति ने इन उम्मीदवारों के नामों को मंजूरी दी है। पहली सूची में 12 और दूसरी सूची में नौ उम्मीदवार हैं।

### सौम्या विश्वनाथन हत्याकांड में कोर्ट ने 5 को दोषी ठहराया

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार को 2008 में टीवी पत्रकार सौम्या विश्वनाथन की हत्या के मामले में चार आरोपियों को मकोका प्रावधानों के तहत और एक को चोरी की संपत्ति प्राप्त करने में मदद करने के लिए दोषी ठहराया है। साकेत कोर्ट के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश रवींद्र कुमार पांडे ने 13 अक्टूबर को फैसला सुरक्षित रखने के बाद फैसला सुनाया है। चार आरोपियों रवि कपूर, अमित शुक्ला, अजय कुमार और बलजीत मलिक को महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) प्रावधानों के तहत और अजय सेठी को चोरी की संपत्ति प्राप्त करने के लिए दोषी ठहराया गया है।

### आईआईटी खड़गपुर में छात्र का शव लटका मिला

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के पश्चिम मिदनापुर जिले के प्रतिष्ठित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी)-खड़गपुर के छात्र का शव बुधवार को हॉस्टल में रहस्यमय परिस्थितियों में बरामद किया गया है। मृतक की पहचान तेलंगाना निवासी के. किरण चंद्रा (21) के रूप में हुई है। वह इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग का छात्र था। तेलंगाना में चंद्रा के माता-पिता को घटना की जानकारी दे दी गई है। मौत का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं है।

## भाजपा ने पंडरिया से बनाया भावना बोहरा को प्रत्याशी

**रायपुर**, 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी ने छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए पंडरिया से भावना बोहरा को प्रत्याशी घोषित किया है। इसके साथ ही अब बेलतरा, बेमेतरा, कसडोल और अंबिकापुर विधानसभा सीटों पर प्रत्याशी घोषित करना बाकी है।



भाजपा की तीसरी सूची में भावना बोहरा को टिकट देकर एक बार फिर से सालों से सक्रिय पार्टी कार्यकर्ता को मौका दिया है। भावना बोहरा जिला पंचायत सदस्य से लेकर सभापति और भाजपा महिला मोर्चा का प्रदेश मंत्री से लेकर संगठन मंत्री तक का सफर कर चुकी हैं। पंडरिया विधानसभा सीट से अब उनका मुकाबला कांग्रेस के नीलकंठ चंद्रवंशी से होगा। बीजेपी ने छत्तीसगढ़ के 90 विधानसभा सीटों के लिए जारी पहली सूची में 64 प्रत्याशियों और दूसरी सूची में 21 नामों का ऐलान किया था। इसके साथ पांच सीटों पर नामों का ऐलान होना बाकी था। पंडरिया से भावना बोहरा के नाम की घोषणा के साथ अब बेलतरा, बेमेतरा, कसडोल और अंबिकापुर विधानसभा सीटों पर नामों की घोषणा होना बाकी है।

## सरकार ने रबी फसलों का समर्थन मूल्य बढ़ाया

### गेहूं के समर्थन मूल्य में 150 रुपए व सरसों में 200 रुपए की वृद्धि

■ मसूर की एमएसपी में 425 रुपए की बढ़ोतरी
■ मोदी मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया फैसला

**नई दिल्ली**, 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। सरकार ने वर्ष 2024–25 के लिए रबी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि की है। गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य में 150 रुपए प्रति क्विंटल और सरसों की कीमत में 200 रुपए प्रति क्विंटल वृद्धि करने का निर्णय लिया है । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति की आज यहां हुयी बैठक में मसूर के न्यूनतम समर्थन मूल्य में 425 रुपए, बाजरा की कीमत में 115 रुपए तथा चना की कीमत में 105 रुपए प्रति क्विंटल की वृद्धि करने का निर्णय किया गया । सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने संवाददाता सम्मेलन में बैठक की जानकारी देते हुए गेहूं का मूल्य अब किसानों को 2275 रुपए प्रति क्विंटल मिलेगा ।इसी तरह सरसों का 5650 रुपए, मसूर का 6425 रुपए तथा चना का 5440 रुपए प्रति क्विंटल मिलेगा । उन्होंने बताया कि जौ का न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रति क्विंटल बढा कर 1850 रुपए तथा सूरजमुखी का मूल्य 150 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ा कर 5800 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया गया है ।

**केंद्रीय कर्मियों का डीए 4 फीसदी बढ़ा**–त्योहारी मौसम केंद्र सरकार ने अपने कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 4 फीसदी की बढ़ोत्तरी कर दी है। इससे अब केंद्रीय कर्मियों का कुल महंगाई भत्ता 42 फीसदी से बढ़कर 46 फीसदी हो गया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल के इस फैसले से केंद्र सरकार के 48 लाख कर्मचारियों के साथ ही 68 लाख पेंशन भोगियों को भी फायदा मिलेगा। उन्होंने बताया कि बढ़ा हुआ मंहगाई भत्ता 1 जुलाई से देय होगा।इस फैसले से सरकार पर 12,857 करोड़ रुपए का अतिरिक्त बोझ बढ़ेगा।

**रेलवे कर्मियों को मिलेगा 78 दिनों का बोनस**– केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंहगाई भत्ते के साथ ही रेलवे कर्मियों के बोनस को भी मंजूरी दे है। इस साल रेलवे के गैर राजपत्रित 11 लाख 7 हजार 340 कर्मियों को उनके 78दिन के वेतन के बराबर बोनस दिया जाएगा।

## अमित शाह की आज जगदलपुर और कोंडागांव में आमसभा



**रायपुर**, 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल 19 अक्टूबर गुरुवार को छत्तीसगढ़ के दौरे पर रहेंगे और श्री शाह जगदलपुर और कोंडागांव में आयोजित आमसभा को संबोधित करेंगे तथा नामांकन रैली में शामिल होंगे।

जानकारी के अनुसार गृह मंत्री श्री अमित शाह कल सुबह 10.15 बजे विशेष विमान द्वारा दिल्ली से रवाना होकर दोपहर 12.05 बजे मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट जगदलपुर पहुंचेंगे तथा लालबाग मैदान में आयोजित जनसभा एवम नामांकन रैली में शामिल होंगे। तथा भोजन करने के बाद दोपहर 1.45 बजे बाय रोड मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट पहुंचकर हेलीकॉप्टर द्वारा कोंडागांव पहुंचेंगे। एवम दोपहर 2.20 बजे पुलिस मैदान कोंडागांव में आयोजित जनसभा तथा नामांकन पत्र दाखिल रैली में शामिल होकर वापस कोंडागांव पहुंचकर हेलीकॉप्टर द्वारा हेलीकॉप्टर से जगदलपुर पहुंचेंगे।तथा शाम 4.05 बजे मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट जगदलपुर से विशेष विमान द्वारा न्यू दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

### फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामला

## आजम खान को सुनाई सात साल की सजा

■ बेटे अब्दुल्ला व पत्नी को भी सात साल की सजा का फैसला

**रामपुर**, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी के नेता आजम खान के बेटे अब्दुल्ला आजम के दो जन्म प्रमाण पत्र के मामले में रामपुर की एक अदालत ने अपना फैसला सुनाया है। कोर्ट ने बुधवार को आजम खान, अब्दुल्ला आजम और पत्नी तंजीन फात्मा को सात साल की सजा सुनाई है।

एमपी–एमएलए मजिस्ट्रेट शोभित बंसल की कोर्ट ने दो जन्म प्रमाणपत्र के 2019 के मामले में आजम खान, तंजीन फातिमा और अब्दुल्ला आजम को दोषी ठहराया और अधिकतम सात साल की सजा सुनाई। भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने 2019 में गंज थाने में सपा के वरिष्ठ नेता आजम खान के बेटे पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम के खिलाफ दो जन्म प्रमाणपत्र होने का मामला दर्ज कराया था, जिसमें सपा नेता आजम खान और उनकी पत्नी डॉ. तंजीन फात्मा को भी आरोपी बनाया गया था। आरोप पत्र के मुताबिक, रामपुर नगर पालिका द्वारा जारी एक जन्म प्रमाणपत्र में, अब्दुल्ला आजम की जन्म तिथि एक जनवरी, 1993 बताई गई थी। दूसरे प्रमाणपत्र के अनुसार उनका जन्म 30 सितंबर, 1990 को लखनऊ में हुआ था। आरोप था कि अब्दुल्ला ने अपने दो जन्म प्रमाणपत्र बनवाए हैं, जिनमें एक रामपुर नगरपालिका परिषद से, जबकि दूसरा प्रमाणपत्र लखनऊ नगर निगम से बनवाया।

## टिकैत बन्धुओं ने दी बड़े आंदोलन की चेतावनी

**मुजफ्फरनगर** 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू) नेता राकेश टिकैत ने कहा है कि किसान 23 अक्टूबर को आंदोलन के लिए तैयार रहें। मुजफ्फरनगर के मुण्डभर गांव में एक सभा को संबोधित करते हुए बीकेयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि बिजली विभाग की मनमानी के खिलाफ किसान नेताओं ने मोर्चा खोल दिया है। कलम व कैमरे पर बंदूक का पहरा है, इसलिए भारतीय मीडिया की बजाय विदेशी मीडिया में किसान आंदोलन को सही दिखाया जा रहा है। बीकेयू अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत ने विभागीय अधिकारियों पर किसानों के शोषण का आरोप लगाया है। किसान नेताओं ने चेतावनी दी है कि जब तक उनकी समस्या का समाधान नहीं हो जाता तब तक धरना जारी रहेगा।

## संसद में पैसा लेकर सवाल पूछने का आरोप

■ 26 अक्टूबर को सुनवाई करेगी एथिक्स कमेटी
■ महुआ पर आरोप लगाने वाले निशिकांत दुबे को बुलाया

**नई दिल्ली**, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा पर पैसे लेकर संसद में सवाल पूछने का आरोप लगाया था। इसे लेकर लोकसभा की एथिक्स कमेटी 26 अक्टूबर को सुनवाई करेगी। इसके लिए कमेटी ने निशिकांत दुबे को बुलाया है।

लोकसभा के डिप्टी सेक्रेटरी बाला गुरु ने बुधवार को दुबे को नोटिस जारी करते हुए ये जानकारी दी। निशिकांत सुनवाई में मौजूद रहेंगे या नहीं, इसे लेकर उन्हें 20 अक्टूबर तक जवाब देने को कहा गया है। ये सुनवाई संसद के कमेटी रूम में होगी। निशिकांत दुबे की शिकायत की सुनवाई करने वाली एथिक्स कमेटी के अध्यक्ष भाजपा सांसद विनोद कुमार सोनकार हैं। साथ ही इस कमेटी के मेंबर के तौर पर भाजपा की ओर से वीडी शर्मा, सुमेधानंद सरस्वती, अपराजिता सारंगी, डॉ. राजदीप रॉय, सुनिता दुग्गल और सुभाष भामरे हैं।

वहीं, कांग्रेस की ओर से वी वैथीलिंगम, एन उत्तम कुमार रेड्डी, बालासौरी वल्लभनेनी और प्रणीत कुमार शामिल हैं। इसके अलावा शिवसेना के हेमंत गोडसे, जेडीयू के गिरिधारी यादव, सीपीआई (एम) के पीआर नटराजन और बसपा के दानिश अली शामिल हैं।

**विधानसभा चुनाव** *उप्र की सीमा से लगे क्षेत्रों पर खासा असर डालती है बसपा*

# मध्य प्रदेश में हाथी की चाल पर तय होंगे चुनावी नतीजे

**भोपाल, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के आगामी विधानसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी की बड़ी भूमिका रहने वाली है। उत्तर प्रदेश की सीमा से लगे विधानसभा क्षेत्र में बसपा चुनावी नतीजे पर खासा असर डालती है। राज्य के उस इलाके पर गौर करें जो उत्तर प्रदेश की सीमा से जुड़ा हुआ है मसलन ग्वालियर- चंबल, विंध्य और बुंदेलखंड, यह वो इलाके हैं जहां की लगभग तीन दर्जन सीटें उत्तर प्रदेश की सीमा से जुड़ी हुई हैं।**

*इन सीटों पर मुकाबला तो कांग्रेस और भाजपा के बीच होता है, मगर बहुजन समाज पार्टी को मिलने वाले वोट नतीजे को सीधे तौर पर प्रभावित करते हैं। यही कारण है कि दोनों राजनीतिक दलों की बसपा पर नजर है और बसपा भी इन दोनों दलों के बागियों को अपने से जोड़ने की कोशिश में है। राज्य में हुए पिछले विधानसभा चुनाव पर गौर किया जाए तो यह बात साफ हो जाती है कि बहुजन समाज पार्टी का वोट बैंक जब बढ़ा है तो कांग्रेस को नुकसान हुआ है और भाजपा को फायदा और जब भी बसपा के वोट बैंक में गिरावट आई है तो उसका लाभ कांग्रेस को हुआ है। बात 2008 के चुनाव की करें तो बसपा को 9 फीसदी से ज्यादा वोट मिले थे। जिसके चलते भाजपा बढ़त में थी, वहीं 2013 के चुनाव में बसपा को 6 फीसदी से ज्यादा वोट मिले और भाजपा बढ़त में रही। वहीं 2018 में बसपा का प्रतिशत गिरकर 5 के करीब हुआ तो कांग्रेस को बढ़त मिली। यह इस बात के संकेत हैं कि बसपा का वोट बैंक बढ़ता या घटता, चुनावी नतीजे को प्रभावित करता है।*

***राज्य में 35 सीटें आरक्षित***– *राज्य में अनुसूचित जाति वर्ग का वोट बैंक साढ़े 15 फीसदी से ज्यादा है और इस वर्ग के लिए राज्य में 35 सीटें आरक्षित हैं। वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में इन सीटों में से कांग्रेस को 18 पर और भाजपा को 17 पर जीत मिली थी। राजनीतिक विश्लेषकों की मानें तो उनका कहना है कि राज्य के विधानसभा चुनाव में पूरे राज्य पर तो बीएसपी असर नहीं डालती है, मगर उत्तर प्रदेश की सीमा से लगे क्षेत्र पर बसपा का असर रहता है। यही कारण है कि बसपा के वोट प्रतिशत के घटने और बढ़ने पर चुनावी नतीजे सीधे असर डालते हैं। इस बार बसपा ने गोंगपा से गठबंधन किया है जिसके चलते बसपा का वोट बैंक और भी बढ़ सकता है।*

# तखतपुर से दूसरी बार प्रत्याशी बनी रश्मि सिंह

- मां महामाया में की पूजा-अर्चना
- नगर में कार्यकर्ताओं ने की आतिशबाजी



**तखतपुर** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में श्रीमती रश्मि आशीष सिंह को तखतपुर विधानसभा से कांग्रेस का दूसरी बार प्रत्याशी बनने के बाद कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह दिखा और ढोल ताशे के साथ कार्यालय से मां महामाया मंदिर तक श्रीमती रश्मि आशीष सिंह पहुंची और मंदिर में पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा आज दूसरी सूची जारी की गई जिसमें तखतपुर विधानसभा क्षेत्र 28 से विधायक रश्मि आशीष सिंह को दोबारा पार्टी ने टिकट देकर भरोसा जताया और लगातार टिकट को लेकर अटकलों पर भी विराम लग गया। आज शाम को कांग्रेस पार्टी के द्वारा जैसे ही सूची जारी की गई विधानसभा से रश्मि सिंह का नाम प्रत्याशी के रूप में आने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। सैकड़ों कार्यकर्ताओं श्रीमती रश्मि सिंह के निवास पहुंचकर बधाई दी और इसके बाद कार्यकर्ताओं ने पुराना बस स्टैण्ड पर जमकर आतिशबाजी की और कांग्रेस पार्टी के इस निर्णय का स्वागत किया। इसके बाद सभी कार्यकर्ता ढोल ताशे के साथ महामाया मंदिर पहुंचकर मां महामाया की पूजा अर्चना की और क्षेत्र की खुशीहाली की कामना करते हुए जीत का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर आशीष सिंह ठाकुर, पुष्पा मुन्ना श्रीवास, टेकचंद कारड़ा, हरविंदर हूरा, सुरेश ठाकुर, कैलाश देवांगन, सुनील आहुजा, लक्ष्मी यादव, परमजीत कौर हूरा, अजय देवांगन, बिहारी देवांगन, करीम कुरैशी, मोहित सिंह राजपूत, अभिषेक पाण्डेय, सुरेंद्र प्रधान, सुनील जांगड़े, आदर्श बंजारे, अजय ध्रुव, राजवीर हूरा, सत्यम ताम्रकार, चंद्रप्रकाश देवांगन, अनिल जांगड़े, बबलू पटेल, पवन पण्डेय, शिवेंद्र कौशिक, बसंत गुप्ता, अश्वनी गुप्ता, जितेंद्र राज, बबलू गुप्ता, साबिर जायसी, हेमंत कश्यप, शैलेंद्र निर्मलकर, दिनेश देवांगन, मिथिलेश गुप्ता, जय दुबे, शहजादा खान, ओमप्रकाश निर्मलकर, सहित अन्य उपस्थित रहे।जनता और कार्यकर्ता ही असली ताकतइ तखतपुर विधानसभा में 2018 में जिस तरह कार्यकर्ताओं की एकजुटता और जनता के भरोसे ने विधायक बनाया था उस पर खरा उतरते हुए तखतपुर विधानसभा में करोड़ों रूपए के विकास कार्य के साथ शासन की योजनाओं का लाभ आम जनता का पहुंचाया। सबसे बड़ी चुनौती कोरोना काल रहा है जहां पूरी परिवार की जान को जोखिम में रखकर क्षेत्र की सेवा की और तखतपुर में श्रीराम दरबार, एसडीएम कार्यालय, कन्या महाविद्यालय, सकरी में महाविद्यालय, सकरी में तहसील, गनियारी को नगर पंचायत दर्जा, धान खरीदी केंद्र सहित आम आदमी तक अपनी पहुंच बनाकर स्वास्थ्य सेवा दिलाना प्रमुख रहा और इसी विकास को गति देने के लिए 2023 जनता मुझे फिर से आशीर्वाद देगी।

# कोटा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के उम्मीदवार अटल

- छत्तीसगढ़ सरकार में पर्यटन मंडल के अध्यक्ष हैं अटल श्रीवास्तव

**गौरेला पेंड्रा मरवाही** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)।( देशबंधु) अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा विधानसभा चुनाव छत्तीसगढ़ के लिए जारी दूसरी सूची में कोटा विधानसभा क्षेत्र से कोटा विधानसभा क्षेत्र से अटल श्रीवास्तव को कांग्रेस प्रत्याशी बनाया गया है। अटल श्रीवास्तव मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नजदीकी माने जाते हैं तथा वर्तमान में छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष हैं।

कांग्रेस की बहु प्रतीक्षित दूसरी सूची जारी होने के बाद अब स्पष्ट हो चुका है कि कोटा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी अटल श्रीवास्तव होंगे। अटल श्रीवास्तव के कोटा विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने की चर्चा कांग्रेस की राजनीतिक नेपथ्य में लंबे समय से चल रही थी। कोटा विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने के इच्छुक कांग्रेस के दर्जन भर से ज्यादा दावेदारों के कारण इस सीट पर राजनीतिक पेंच फंसा हुआ था अंततः अनेक नाम के बीच अटल श्रीवास्तव के नाम को कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में हरी झंडी मिली। उल्लेखनीय कि कोटा विधानसभा क्षेत्र कांग्रेस की परंपरागत सीट मानी जाती रही है तथा यहां भारतीय जनता पार्टी को कभी भी विजय नहीं मिली है परंतु वर्तमान में कोटा विधानसभा क्षेत्र से विधायक डॉक्टर रेणु जोगी है जो वर्तमान में छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। वही भारतीय जनता पार्टी ने यहां कोटा विधानसभा क्षेत्र में प्रखर हिंदू आदि नेता प्रबल प्रताप सिंह जूदेव को अपना उम्मीदवार बनाया है । अटल श्रीवास्तव के कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में घोषणा होने पर पेंड्रा में उनके समर्थकों ने आतिशबाजी करके खुशी का इजहार किया।



## निर्वाचन कार्य में वाहन संलग्न कराने के लिए करवा सकते है पंजीयन

**रायगढ़**, 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन-2023 की घोषणा के फलस्वरूप आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गया है। आयोग द्वारा जारी घोषणा के अनुसार रायगढ़ जिले में 17 नवम्बर 2023 को मतदान होना सुनिश्चित किया गया है। निर्वाचन के लिए मतदान सामग्री, मतदान दलों के परिवहन, सेक्टर अधिकारियों, प्रेक्षकगण हेतु अत्यधिक संख्या में वाहनों (बस, इनोवा, स्कार्पियों, बोलेरो, टाटा सूमो)की आवश्यकता होगी।

संयुक्त कलेक्टर रायगढ़ ने समस्त वाहन मालिकों को सूचित करते हुए कहा है कि जो भी वाहन मालिक अपने वाहन को निर्वाचन कार्य में संलग्न कराना चाहते है, वे पंजीयन हेतु तत्काल विधानसभा निर्वाचन के वाहन शाखा के लिपिक अनिल कुमार सिदार मोबा.नं.88152-68258 के माध्यम से जिला कार्यालय के कक्ष क्रमांक 41 में संपर्क कर सकते है।

# ग्रामीण से ठगी, मामला दर्ज



**तखतपुर** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। आवास में पचास हजार रूपए खाते में आने का झांसा देकर ग्रामीण किसान से 12 हजार रूपए की ठगी कर दो युवक भाग गए। इसकी शिकायत तखतपुर में दर्ज की गई।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पड़रिया निवासी दुजराम पाली पिता स्व ईश्वर पाली उम्र 70 वर्ष से आज 18 अक्टूबर को सुबह 11 बजे जिला सहकारी बैंक तखतपुर आया था और बैंक 13 हजार रूपए खाते से निकालकर पैदल नया बस स्टैण्ड की तरफ जा रहा था तभी नया बस स्टैण्ड एटीएम के पास दो युवक दूपहिया वाहन में पहुंचें और कहने लगे प्रधानमंत्री में तुम्हारा पैसा पचास हजार आया और जनपद तरफ चलो बोलकर कहने लगे कि कुछ खर्चा करोगे तो कल खाते में 50 हजार रूपए आ जाएगा ऐसा कहकर किसान के पास रखे 13 हजार रूपए में से 12 हजार रूपए ले उड़े। जिसकी शिकायत पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

# वाहनों में लिखें पदनाम और राजनीतिक चिन्ह हटाएं गए

**बिलासपुर**,18 अक्टूबर (देशबन्धु)। आदर्श आचार संहिता लागू होने के उपरांत वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के दिशा निर्देश एवम डीएसपी यातायात संजय साहू के आदेश अनुसार यातायात स्टाफ द्वारा निजी वाहनों में नंबर प्लेट में लगे पदनाम व राजनीतिक चिन्ह हटवाए की कार्यवाही लगातार की जा रही है, जो निरंतर जारी रहेगी कार्यवाही।



आज यातायात पुलिस बिलासपुर द्वारा कार्यवाही का क्रम जारी रखते हुए लगभग 25 पदनाम एवम राजनीतिक चिन्ह पट्टी निकलवाया गया। इस प्रकार डीएसपी संजय साहू के नेतृत्व में यातायात पुलिस द्वारा अब तक लगभग 150 से अधिक पदनाम राजनीतिक चिन्ह पट्टी निकलवाया जा चुका है।इसी प्रकार मोटर व्हीकल एक्ट के नियमो का उल्लंघन करने वालो पर कार्यवाही भी निरंतर किया जा रहा है, साथ ही शराब के नशे में रहकर वाहन चलाने वालो की चेकिंग किया जा रहा है विगत दिनों सहित कुल 05 शराब प्रकरण तैयार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया है। जिसमे प्रत्येक में न्यायालय द्वारा दसङ्कदस हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया गया है, मोटर व्हीकल एक्ट के अन्य धाराओं में कार्यवाही करते हुए 101 वाहनों का कुल 35,100/- का चलान काटा गया।

# जे.एम.पी. महाविद्यालय तखतपुर में विश्व खाद्य दिवस का आयोजन

**तखतपुर** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। जे.एम.पी. महाविद्यालय तखतपुर में विश्व खाद्य दिवस का आयोजन शासकीय जे.एम. पी.महाविद्यालय तखतपुर में अर्थशास्त्र विभाग द्वारा विश्व खाद्य दिवस कार्यक्रम के माध्यम से छात्र छात्राओं को खाद्यान्नों के प्रति जागरुक कर पोषक तत्वों से भरपूर भोजन की आवश्यकता पर प्रकाश का डाला गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मधुलिका लाल मैडम द्वारा जल एवं खाद्यान्न का पूर्ण उपयोग कर उनके संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला गया। अर्थशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष श्रीमती मीरा गुप्ता द्वारा संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन का संक्षिप्त परिचय देते हुए वर्तमान में विश्व खाद्य दिवस की आवश्यकता बताया गया। इस कार्यक्रम में डॉ. मीना शर्मा, डॉ.सीमा मनीषा नाथ, प्रकाश कौशिक एवं अन्य प्राध्यापकगण उपस्थित रहें। अर्थशास्त्र विभाग के रितेश, सुनील ,मनीषा, गार्गी ,अदिति, सविता, इंदू, पूजा, अनीस, रामकिशोर, प्रशांत एवं मंजू इत्यादि छात्र-छात्राओं ने विश्व खाद्य दिवस के अवसर पर खाद्यान्न से संबंधित विभिन्न विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए।





श्रीमती सस्मिता बरगाह द्वारा कार्यक्रम का आभार व्यक्त किया गया । कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने भारी संख्या में अपनी सहभागिता निभाई।

## ईवीएम व वीवीपैट मशीनों का प्रथम रेण्डमाईजेशन 20 को

**रायगढ़**, 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा आम निर्वाचन 2023 में उपयोग होने वाले ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों का प्रथम रेण्डमाईजेशन 20 अक्टूबर को पूर्वान्ह 11 बजे जिला कार्यालय स्थित एनआईसी कक्ष क्रमांक 8 में किया जाना है। सर्वमान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के प्रतिनिधि नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर प्रथम रेण्डमाईजेशन में शामिल हो सकते है।

## धरमजयगढ़ में निर्वाचन तैयारियां देखने पहुंचे कलेक्टर-एसएसपी

**रायगढ़**,18 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल आज विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों का जायजा लेने धरमजयगढ़ के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में बनाये जाने वाले स्ट्रांग रूम पहुंचे। वहां उन्होंने मतदान केंद्र में सामग्री वितरण-वापसी, मशीनों एवं मतदाता मूवमेंट की जानकारी ली। सुरक्षा की लिहाज से उन्होंने वहां सीसीटीवी कैमरा लगाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने मतदान केन्द्रों में आवश्यक बुनियादी सुविधायें सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार, सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्दर यादव भी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री गोयल संगवारी, दिव्यांग, महिला एवं आदर्श मतदान केन्द्रों का भी निरीक्षण किए। उन्होंने एसडीएम को सभी मतदान केंद्रों में पेयजल, विद्युत, रैम्प, टॉयलेट जैसी मूलभुत व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदान केंद्र वाले स्कूलों में यथाशीघ्र मरम्मत कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गोयल मतदान दलों के वाहन पार्किंग के संबंध में जानकारी लेते हुए जगह का निरीक्षण किया। इसके पश्चात उन्होंने मतदान दलों एवं सुरक्षा कर्मियों के ठहरने की व्यवस्था की जानकारी लेते हुए डाइट हॉस्टल, कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला, एकलव्य आवासीय विद्यालय भी पहुंचे। उन्होंने पीडब्ल्यूडी के सब इंजीनियर को हॉस्टल एवं अन्य स्थानों में वॉश रूम, पानी, बिजली एवं आवश्यक मरम्मत व सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गोयल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार हमीरपुर बार्डर पर तैनात एसएसटी का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री गोयल ने बॉर्डर के चेक पोस्ट पर तैनात कर्मचारियों को गुजरने वाले हर गाड़ी की मुस्तैदी से जांच करने और अवैध और संदिग्ध परिवहन पर तत्काल कार्यवाही करने के साथ अपने उच्च अधिकारियों को सूचित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री गोयल धरमजयगढ़ के सिविल अस्पताल भी पहुंचे।

प्रथम पृष्ठ का शेष

## कांग्रेस की दूसरी सूची में ...

कांग्रेस ने वर्तमान विधायक अमितेश शुक्ल पर भरोसा बरकार रखते हुए उन्हें छठवीं बार राजिम से प्रत्याशी घोषित किया है। अमितेश शुक्ल 2018 के चुनाव में 59 हजार मतों से विजयी हुए थे । राजिम को शुक्ला परिवार की परंपरागत सीट माना जाता है। 1999 में श्यामाचरण के लोकसभा जाने के बाद उप चुनाव हुए और अमितेश शुक्ल ने जीत दर्ज की। इसी तरह रायपुर पश्चिम से विकास उपाध्याय,अभनपुर से धनेंद्र साहू पर पार्टी ने फिर भरोसा जताया है। आशीष छाबड़ा,देवेंद्र यादव,अरुण वोरा,संगीता सिन्हा,देवेंद्र बहादुर,रामकुमार यादव, रामपुकर सिंह को फिर से प्रत्याशी बनाया गया है।

# पीताम्बरा पीठ त्रिदेव मंदिर में शारदीय नवरात्र

**पांचवे दिन माँ श्री ब्रह्मशक्ति बगलामुखी देवी का स्कन्दमाता के रूप में किया जाएगा आराधना**

**बिलासपुर**,18 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ बिलासपुर सरकण्डा स्थित श्री पीताम्बरा पीठ त्रिदेव मंदिर में शारदीय नवरात्र उत्सव हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया जा रहा है। पीताम्बरा पीठ के पीठाधीश्वर आचार्य डॉ. दिनेश जी महाराज ने बताया कि त्रिदेव मंदिर में नवरात्र के चौथे दिन प्रात:कालीन श्री ब्रह्मशक्ति बगलामुखी देवी का विशेष पूजन श्रृंगार कूष्मांडा देवी के रूप में किया गया।श्री शारदेश्वर पारदेश्वर महादेव का महारुद्राभिषेक, महाकाली महालक्ष्मी महासरस्वती देवी का षोडश मंत्र द्वारा दूधधारिया पूर्वक अभिषेक किया गया।परमब्रह्म मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम जी का पूजन एवं श्रृंगार किया जा रहा है।श्री दुर्गा सप्तशती पाठ एवं श्री पीताम्बरा हवनात्मक यज्ञ रात्रिकालीन प्रतिदिन रात्रि 8.30 बजे से रात्रि 1.30 बजे तक निरंतर चलता रहेगा तत्पश्चात महाआरती रात्रि 1.30 बजे किया जा रहा है। नवरात्रि में पाँचवे दिन ब्रह्मशक्ति बगलामुखी देवी का स्कन्दमाता रूप में पूजा जाएगा।पांचवें स्वरूप मां स्कंदमाता की पूजा और अर्चना की जाती है। स्कंद शिव और पार्वती के दूसरे और षडानन (छह मुख वाले) पुत्र कार्तिकेय का एक नाम है। स्कंद की मां होने के कारण ही इनका नाम स्कंदमाता पड़ा। माना जाता है कि मां दुर्गा का यह रूप अपने भक्तों की सभी मनोकामनाओं की पूर्ति करता है और उन्हें मोक्ष का मार्ग दिखाता है। मां के इस रूप की चार भुजाएं हैं और इन्होंने अपनी दाएं तरफ की ऊपर वाली भुजा से स्कंद अर्थात कार्तिकेय को पकड़ा हुआ है और इसी तरफ वाली निचली भुजा के हाथ में कमल का फूल है। बाईं ओर की ऊपर वाली भुजा में वरदमुद्रा है और नीचे दूसरा श्वेत कमल का फूल है। सिंह इनका वाहन है। क्योंकि यह सूर्यमंडल की अधिष्ठात्री देवी हैं इसलिये इनके चारों ओर सूर्य सदृश अलौकिक तेजोमय मंडल सा दिखाई देता है। सर्वदा कमल के आसन पर स्थित रहने के कारण इन्हें पद्मासना भी कहा जाता है।पौराणिक कथाओं के अनुसार, असुर तारकासुर कठोर तपस्या कर रहा था। तारकासुर की तपस्या से भगवान ब्रह्मा प्रसन्न हो गए थे। वरदान में तारकासुर ने अमर होने की इच्छा रखी। यह सुनकर भगवान ब्रह्मा ने उसे बताया कि इस धरती पर जिसने जन्म लिया है उसकी मृत्यु निश्चित है , कोई अमर नहीं हो सकता है। तारकासुर निराश हो गया, जिसके बाद उसने यह वरदान मांगा कि भगवान शिव का पुत्र ही मेरा वध कर सके। तारकासुर ने सोचा की भगवान शिव कभी विवाह नहीं करेंगे और ना ही उनका पुत्र होगा। तारकासुर यह वरदान प्राप्त करने के बाद लोगों पर अत्याचार करने लगा। तंग आकर सभी देवता भगवान शिव से मदद मांगने लगे। तारकासुर का वध करने के लिए भगवान शिव ने माता पार्वती से विवाह किया। विवाह करने के बाद शिव-पार्वती का पुत्र कार्तिकेय हुआ। जब कार्तिकेय बड़ा हुआ तब उसने तारकासुर का वध कर दिया। स्कंदमाता को कार्तिकेय की माँ कहा गया है।



## मतदाता सूची में नाम जुड़वाने या सुधार के लिए 20 अक्टूबर तक कर सकते हैं आवेदन

**रायगढ़**,18 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए मतदाता सूची में नाम जुड़वाने या मतदाता सूची में जुड़े नाम में सुधार करवाने हेतु 20 अक्टूबर तक आवेदन किए जा सकते हैं। इस संबंध में जिला निर्वाचन शाखा से प्राप्त जानकारी अनुसार जिले के ऐसे पात्र मतदाता जिनका नाम अब तक मतदाता सूची में नहीं जुड़ा है अथवा सूची में जुड़े नाम या जानकारी में किसी प्रकार का सुधार करवाना चाहते हैं तो 20 अक्टूबर तक आवेदन कर सकते हैं। यह आवेदन ऑनलाइन भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट में जाकर किया जा सकता है। भारत निर्वाचन आयोग के वोटर हेल्प लाइन एप के माध्यम से भी आवेदन किए जा सकते हैं। वहीं अपने नजदीकी तहसील कार्यालय में भी जाकर नाम जुड़वाने या सुधार के ऑफलाइन आवेदन भरे जा सकते हैं। गौरतलब है कि भारत निर्वाचन आयोग ने विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के लिए निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा कर दी है।

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जांजगीर (तहसील अकलतरा एवं बलौदा) जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक/ 3557/ रीडर / अ.वि.अ./ 2023
जांजगीर, दिनांक 17/10/2023

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी रा. जांजगीर (अकलतरा एवं बलौदा) में आवेदक शब्बीर महोम्मद पिता रमजान ग्राम अकलतरा तहसील अकलतरा के द्वारा ग्राम अकलतरा तहसील अकलतरा में स्थित भूमि खसरा नं. 2166/7 रकबा 0.150 में से 0.06 एकड़ भूमि को औद्योगिक मद में व्यपवर्तन किये जाने का आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति अथवा दावा पेश करना हो तो दिनांक 06/11/2023 को समय 10:00 बजे तक मेरे न्यायालय में स्वयं अथवा अपन अभिभाषक के माध्यम से दावा आपत्ति पेश कर सकते हैं।

उपरोक्त तिथि पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17/10/2023 को मेरे न्यायालय की मुहर एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जांजगीर (तहसील अकलतरा एवं बलौदा)**

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पुराना नाम शिनू कृष्णन पिता कैपानबारा वेलायुधन उन्नी कृष्णन अपना पुराना नाम को बदलकर नया नाम शिनू कृष्णन कैपानबारा उन्नीकृष्णन पिता कैपानबारा वेलायुधन उन्नी कृष्णन निवासी 14/377, शिव मंदिर रोड, विद्यानगर , वार्ड नं.27, विनोबा नगर, बिलासपुर (छ.ग.) 495004 रख लिया हूं अत: अब मुझे भविष्य में समस्त शासकीय अर्ध शासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नया नाम शिनू कृष्णन कैपानबारा उन्नीकृष्णन पिता कैपानबारा वेलायुधन उन्नी कृष्णन से जाना एवं पहचाना जाये।

**शिनू कृष्णन कैपानबारा उन्नीकृष्णन**
14/377, शिव मंदिर रोड,
विद्यानगर, वार्ड नं-27, विनोबानगर,
बिलासपुर (छ.ग.) 495004

**न्यायालय तहसीलदार दीपका, जिला कोरबा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुरेन्द्र पाल सिंह पिता छत्तर सिंह साकिन खोड़री तहसील दीपका द्वारा ग्राम खोड़री में स्थित आवेदक के नाम पर दर्ज एस.ई.सी.एल.कुसमुण्डा क्षेत्र में अधिग्रहित भूमि ख.नं. 11/12, 42/1, 43/2, 68/9, 178/2, 203/2, 206/2, 207, 212/1व 213/1 व 214/1 व 215/1 व 217/1, 242/1त्र, 242/2छ, 265/4, 279/3, 284/6, 296/4 व 297/4 रकबा 0.065, 0.089, 0.170, 0.105, 0.069, 0.101, 0.065, 0.012, 0.093, 0.036, 0.020, 0.077, 0.008, 0.016, 0.057 हे. भूमि में से ख.नं. 42/1 रकबा 0.089 के स्थान पर ऋण-पुस्तिका में ख.नं. 42/2, ख.नं. 68/9 व 284/6 बी-1, वर्ष 2013-14 व ऋण पुस्तिका में ख.नं. क्रमांक 68/8 व 284/5, भूमि ख.नं. 212/1, 213/1, 214/1, 215/1, 217/1 रकबा 0.093 हे. नामांतरण पंजी में अंकित नहीं है व ख.नं. 284/6 के स्थान पर 284/5 अंकित है। ख.नं. 242/1त्र व 242/2छ ऑनलाईन में अंकित नहीं है। उक्त त्रुटि को मुआवजा पत्रक के अनुसार सुधार करने बाबत् अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कटघोरा के समक्ष प्रस्तुत आवेदन पत्र जॉच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 27/10/2023 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 11/10/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

सील **तहसीलदार दीपका, जिला कोरबा (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार दीपका, जिला कोरबा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक गनपत सिंह पिता पत्थर सिंह ग्राम खोड़री तहसील दीपका द्वारा ग्राम खोड़री तहसील दीपका में स्थित आवेदक के नाम पर दर्ज एस.ई.सी.एल. कुसमुण्डा क्षेत्र द्वारा अधिग्रहित भूमि ख.नं. 11/10, 151/3, 173/2ग, 193/2, 242/1थ, 275/3, 296/2, 321, 67/2 रकबा 0.032, 0.085, 0.043, 0.283, 0.109, 0.036, 0.040, 0.138, 0.077 हे. भूमि में से भूमि ख.नं. 173/2ग का रकबा 0.053 के स्थान पर 0.043 आनलाईन बी-1 में अंकित है, ख.नं. 193/2 रकबा 0.238 के स्थान पर ऋण-पुस्तिका में 0.248 अंकित है, ख.नं. 321 रकबा 0.138 हे. के स्थान पर ऋण-पुस्तिका में 0.178 अंकित तथा ख.नं. 151/3 रकबा 0.085 हे. का रकबा नामांतरण पंजी में उल्लेखित नहीं है। उक्त त्रुटि को सुधार करने बाबत् अनुविभागीय (रा.) कटघोरा के समक्ष प्रस्तुत आवेदन पत्र जॉच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 27/10/2023 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 11/10/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

सील **तहसीलदार दीपका, जिला कोरबा (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार दीपका, जिला कोरबा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मंगल भवन सिंह पिता छत्तर सिंह साकिन खोड़री तहसील दीपका द्वारा ग्राम खोड़री में स्थित आवेदक के नाम पर दर्ज एस.ई.सी.एल. कुसमुण्डा क्षेत्र में अधिग्रहित भूमि ख.नं. 78/2, 107/6, 183/2, 206/1, 212/5 व 213/5 व 214/5 व 215/5, व 217/5, 242/1, 242/2च, 265/3, 279/2, 284/5, 296/3 व 297/3, 12/5, 46/2 रकबा 0.061, 0162, 0.101, 0.125, 0.093, 0.036, 0.020, 0.077, 0.008, 0.020, 0.057, 0.129, 0.109 हे. भूमि में से ख. नं. 46/2 रकबा 0.109 नामांतरण पंजी में दर्ज नहीं है व बी-1 वर्ष 2013-14 में रकबा 0.065 हे./ .16 दर्ज है, ख.नं. 107/6 रकबा 0.162 हे. नामांतरण पंजी एवं ऋण-पुस्तिका में दर्ज नहीं है, ख.नं. 242/1ख रकबा 0.036 व 242/2च रकबा 0.020 हे. ऑनलाईन बी-1 में दर्ज नहीं है। उक्त त्रुटि को मुआवजा पत्रक के अनुसार सुधार करने बाबत् अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कटघोरा के समक्ष प्रस्तुत आवेदन पत्र जॉच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 27/10/2023 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 11/10/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

सील **तहसीलदार दीपका, जिला कोरबा (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार दीपका, जिला कोरबा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मनबोध सिंह पिता बुधवार सिंह साकिन खोड़री तहसील दीपका द्वारा ग्राम खोड़री में स्थित आवेदक के नाम पर दर्ज एस.ई.सी.एल.कुसमुण्डा क्षेत्र में अधिग्रहित भूमि ख.नं. 12/9, 67/4, 68/6, 84/3, 194/3, 195/3, 196/5, 203/5, 210/3, 242/1स व 242/2ड, 257/4, 262/5, 284/4 रकबा 0.040, 0.024, 0.028, 0.073, 0.040, 0.053, 0.089, 0.040, 0.154, 0.069, 0.020, 0.016, 0.028 हे. भूमि में से भूमि ख.नं. 284/4 का रकबा 0.028 के स्थान पर आनलाईन बी-1 में 0.020 अंकित है, ख.नं. 242/1स व 242/2ड, रकबा 0.069 ऑनलाईन में अंकित नहीं है व बी-1 2012-13 व ऋण-पुस्तिका एवं नामांतरण पंजी में रकबा 0.068 (242/1ख रकबा 0.040 व 242/2ड, रकबा 0.028 कुल रकबा 0.068 हे.) अंकित है, ख.नं. 196/5 रकबा 0.089 हे. बी-1 2012-13 में 196/3 अंकित है। उक्त त्रुटि को मुआवजा पत्रक के अनुसार सुधार करने बाबत् अनुविभागी अधिकारी (रा.) कटघोरा के समक्ष प्रस्तुत आवेदन पत्र जॉच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 27/10/2023 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 11/10/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

सील **तहसीलदार दीपका, जिला कोरबा (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार दीपका, जिला कोरबा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका लगनबाई बेवा पत्थर सिंह ग्राम खोड़री तहसील दीपका द्वारा ग्राम खोड़री तहसील दीपका में स्थित आवेदिका के नाम पर दर्ज भूमि ख.नं. 229/2 रकबा 0.283 हे.को नामांतरण दिनांक 30.05.1984 के अनुसार आवेदिका के नाम पर आनलाईन रिकार्ड एवं अन्य रिकार्ड पर दुरूस्त करने एवं रामकुंवर के वारिसान के द्वारा फौती हेतु प्रकरण को खारिज करने बाबत् अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कटघोरा के समक्ष प्रस्तुत आवेदन पत्र जॉच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 27/10/2023 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 11/10/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

सील **तहसीलदार दीपका, जिला कोरबा (छ.ग.)**

**न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. ............/ अ-6/ 2022-23
पक्षकार : सुयश गर्ग पिता राजेश कुमार अग्रवाल वगै.................... आवेदक
बनाम
रमेन्द्र नागदौने पिता टी.आर.नागदौने ........... अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुयश गर्ग पिता राजेश कुमार अग्रवाल निवासी अग्रसेन भवन जूनी लाईन बिलासपुर (छ.ग.) ने स्वतः / अधिवक्ता के माध्यम् से नगर बिलासपुर के मोहल्ला मगरपारा स्थित शीट नंबर 24, प्लाट नंबर 15/3 में से क्षेत्रफल (रकबा) 13380 वर्गफीट नजूल भूमि को पंजीकृत विक्रय-पत्र के आधार पर नामांतरण दर्ज कराने हेतु छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे दिनांक 27/10/2023 को न्यायालयीन समय में स्वतः उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम् से प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति/ दावा विचारणीय नहीं होगा।

आज दिनांक 04/10/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

सील **नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार, बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक/ क/ तह./ वाचक/ 2023
बिलासपुर, दिनांक 04/10/2023

ग्राम मोपका के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम मोपका प.ह.नं. 29 तहसील बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 993/2/5/14 में से रकबा 1852.5 वर्गफुट भूमि की नामांतरण विक्रय विलेख के आधार पर किए जाने के लिए श्री रवि सरवानी आ. रामचंद्र सरवानी निवासी बोदरी द्वारा आवेदन किया गया।

यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 20/10/2023 को सुबह 11.00 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेंगे।

आज दिनांक 04/10/2023 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

सील **तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. ............/ अ-6/ 2022-23
पक्षकार : मोहम्मद जमील कुरैशी पिता मोहम्मद हनीफ कुरैशी .......... आवेदक
बनाम
रमेन्द्र नागदौने पिता टी.आर.नागदौने ........... अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहम्मद जमील कुरैशी पिता मोहम्मद हनीफ कुरैशी निवासी ताज मस्जिद रोड रूकमणी विहार तालापारा बिलासपुर (छ.ग.) ने स्वतः / अधिवक्ता के माध्यम् से नगर बिलासपुर के मोहल्ला मगरपारा स्थित शीट नंबर 24, प्लाट नंबर 15/3 में से क्षेत्रफल (रकबा) 1050 वर्गफीट नजूल भूमि को पंजीकृत विक्रय-पत्र के आधार पर नामांतरण दर्ज कराने हेतु छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे दिनांक 27/10/2023 को न्यायालयीन समय में स्वतः उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम् से प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति/ दावा विचारणीय नहीं होगा।

आज दिनांक 04/10/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

सील **नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**

# देश

उवाच

लोकसभा चुनाव में भाजपा की विदाई तय है। उनके विकास के नाटक का पर्दा गिर चुका है। इस बार का लोकसभा चुनाव निर्णायक चुनाव होगा। कांग्रेस संगठन दुरुस्त होगा। कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता बब्बर शेर है, इसका पता आने वाले लोकसभा चुनाव में चल जाएगा।

–अजय राय, कांग्रेस नेता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 3`. | 2`. |
| मुंबई | 34. | 28. |
| कोलकाता | 29. | 25. |
| चेन्नई | 3`. | 27. |

# जैविक खेती कर लाभ उठाएं किसान : मुर्मू

**पटना,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बिहार के चौथे कृषि रोड मैप के उद्घाटन के अवसर पर कहा कि बिहार के किसान भाई बहनों को जैविक खेती कर लाभ उठाना चाहिए। मुझे खुशी है कि जैविक खेती के लिए बिहार सरकार ने गंगा किनारे जैविक कॉरीडोर भी बनवाया। बिहार में एथनॉल का भी उत्पादन किया जा रहा है। यह जानकर भी मुझे खुशी हुई। विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए बिहार से बहुत उम्मीद है। राष्ट्रपति ने कहा कि सीमांत किसानों के पास अपने कृषि कार्य के लिए उच्च प्रौद्योगिकी का उपयोग करने के लिए संसाधन नहीं है। वे गाय के गोबर जैसे पारंपरिक संसाधनों का उपयोग करके खेती कर सकते हैं। उन्होंने बिहार की समृद्ध संस्कृति की भी सराहना की और कहा कि वह इससे अच्छी तरह वाकिफ हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति के रूप में भले बिहार में मेरी पहली यात्रा है। लेकिन, बिहार की संस्कृति और यहां के लोगों से करीब से वाकिफ हूं। झारखंड की राज्यपाल रहते हुए मुझे बिहार और झारखंड की सभ्यता और संस्कृति को बेहतर ढंग से जानने का अवसर मिला था। वहीं मेरा गृह जिला ओडिशा भी बिहार से जुड़ा है। ऐसे में मुझे लगता है मैं भी अपने आप को बिहारी कह सकती हूं। द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि विदेशिया से लेकर कटनी तक के गीतों में बिहार ने अपनी अलग पहचान बनाई। प्रसन्नता की बात है कि वर्ष 2008 में पहला कृषि रोड मैप लॉन्च होने के बाद से राज्य ने कृषि क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन किया है। दूध, मांस, मछली और सब्जी उत्पादन में बिहार आज अग्रणी है। राष्ट्रपति ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुझे कई बार बिहार आने का निमंत्रण दिया है। मैं बार-बार बिहार जरूर आऊंगी, क्योंकि मैं इस राज्य को अपना मानती हूं। मैं भी किसान की बेटी हूं। मैं बिहार के कृषि रोड मैप के तहत हो रहे कार्यों को देखना चाहूंगी। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बिहारवासियों को नवरात्रि की दी बहुत सारी शुभकामनाएं दी।

**राष्ट्रपति ने बिहारवासियों को दी नवरात्रि की शुभकामनाएं**

## राष्ट्रपति ने बिहार के चौथे कृषि रोड मैप का किया लोकार्पण



विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए बिहार से बहुत उम्मीद है : द्रौपदी मुर्मू

### बिहार का दिख रहा है सर्वांगीण विकास : तेजस्वी

उप मुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि राज्य के पहले कृषि रोड मैप के लांच होने के बाद से बिहार का सर्वांगीण विकास दिख रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री को जाति सर्वेक्षण के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि हाल ही में बिहार में जाति सर्वेक्षण आयोजित किया गया जो साल 1931 में देश में हुई जाति जनगणना के बाद यह पहली ऐसी कवायद थी। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि 2008 से ही मंगला राय ने कृषि रोड मैप में काम करना शुरू किया था। नीतीश ने कहा कि बिहार सिर्फ कृषि ही नहीं अब पशुओं पर भी ध्यान दिया जा रहा है। कृषि कन्वेंशन के कार्य का और विस्तार किया जा रहा है। उत्तर बिहार के कई इलाके हैं जो चौर क्षेत्र हैं। 6 जिलों में चौर क्षेत्र के विकास का काम भी काम हो रहा है। नीतीश ने कहा कि राज्यपाल तो जगह जगह घूमते ही हैं। इसीलिए जहां जहां जाते हैं तो कृषि रोड मैप भी देख लीजिएगा। मेरा बात मानिएगा न केंद्र सरकार भले आपको बनाए हैं लेकिन इज्जत तो हम करते हैं न। वहीं सीएम नीतीश कुमार ने राष्ट्रपति से आग्रह करते हुए कहा कि आप बराबर बिहार आइए, 3 से 4 महीने पर जरूर आइए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मेरा पुराना रिश्ता है।

इस अवसर पर राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने कृषि उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए खेती की प्राकृतिक परंपरा को अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

उन्होंने एक महिला सॉफ्टवेयर इंजीनियर के खेती में आने को याद करते हुए कि कैसे एक महिला ने सॉफ्टवेयर इंजीनियर की नौकरी छोड़ दी थी और प्राकृतिक परंपरा का उपयोग करते हुए खेती को चुना था, जिससे वह मुंबई स्थित एक कंपनी के सॉफ्टवेयर इंजीनियर के वेतन से अधिक कमाने में सक्षम हो गई।

### बिहार ने कृषि क्षेत्र में अच्छी प्रगति की है : नीतीश

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार ने कृषि क्षेत्र में अच्छी प्रगति की है। राज्य में पहले कृषि रोड मैप के लॉन्च होने के बाद से कृषि उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि दूसरे कृषि रोड मैप की लॉन्चिंग में तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी आए थे। तीसरे रोड मैप के शुभारंभ में तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद आए थे और अब आप आई हैं। यह हमारे लिए गर्व की बात है। नीतीश कुमार ने कहा कि चौथे कृषि रोड मैप से पहले किसानों से भी राय ली गई थी। बिहार के किसानों ने फसलों के साथ साथ दूध, अंडा मछली के उत्पादन बढ़ाने का प्रयास किया। मछली का उत्पादन ढाई गुना से भी अधिक हो गया है। अब बाहर से लाने की जरूरत नहीं है। चावल, गेहूं के उत्पादन को लेकर केंद्र सरकार ने भी बिहार को कृषि कर्मण पुरस्कार दिया था। उन्होंने याद दिलाया कि कैसे बिहार के किसानों ने चीन के धान की खेती के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया।



# आतंकवाद से प्रभावी ढंग से निपट रही जम्मू-कश्मीर पुलिस : मनोज सिन्हा

## शीरी प्रशिक्षण केंद्र में रंगरूटों की पासिंग आउट परेड को किया संबोधित



**श्रीनगर,** 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर में कानून व्यवस्था को लेकर उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि स्थानीय पुलिस केंद्र शासित प्रदेश में कानून व्यवस्था को प्रभावी ढंग से बनाए रखते हुए आतंकवाद से भी निपट रही है। बारामूला जिले के शीरी प्रशिक्षण केंद्र में 510 रंगरूटों की पासिंग आउट परेड को संबोधित करते हुए एलजी ने कहा कि नार्को-आतंकवाद और मनोवैज्ञानिक युद्ध बड़े खतरों के रूप में उभर रहे हैं।

पुलिस को अन्य सुरक्षा बलों के साथ मिलकर इन चुनौतियों का प्रभावी ढंग से मुकाबला करना होगा। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे तकनीक दिन-ब-दिन उन्नत होती जा रही है, नार्को-आतंकवाद और मनोवैज्ञानिक युद्ध हमारे लिए सबसे बड़ी चुनौती बनकर उभर रहे हैं।

जम्मू-कश्मीर पुलिस को अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिलकर इन खतरों का प्रभावी ढंग से मुकाबला करना होगा। जम्मू-कश्मीर पुलिस प्रतिभा से भरपूर है और उसने लोगों के सम्मान की रक्षा में कोई कसर नहीं छोड़ी है। एलजी ने कहा कि पिछले तीन वर्षों में स्थिति बहुत बदल गई है और आम आदमी शांतिपूर्ण जीवन जी रहा है। लेकिन, कुछ तत्व शांति को बाधित करने में लगे रहते हैं क्योंकि वे शांतिपूर्ण जीवन जीने वाले गरीब लोगों से खुश नहीं हैं। उन्होंने युवाओं को विभिन्न खेल संबंधी गतिविधियों में शामिल करने के लिए बड़े पैमाने पर नागरिक कार्रवाई कार्यक्रम शुरू करने के लिए पुलिस की सराहना की। उन्होंने नए रंगरूटों से कहा कि आपको प्रतिज्ञा लेनी चाहिए और सुनिश्चित करना चाहिए कि आप आतंक और आतंकवाद के खिलाफ लड़ेंगे।

आपको आतंक को खत्म करना ही अपना अंतिम लक्ष्य बनाना चाहिए। जम्मू-कश्मीर पुलिस को इन शांति विरोधी तत्वों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनानी चाहिए।

### जम्मू-कश्मीर पुलिस देश की सबसे अच्छी ताकत

उपराज्यपाल ने कहा कि जम्मू-कश्मीर पुलिस को इन शांति विरोधी तत्वों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनानी चाहिए। अन्य चुनौतियां भी हैं जिनमें सामाजिक अपराध, दिन-प्रतिदिन के अपराध और सामान्य पुलिसिंग शामिल हैं। मुझे कहना होगा कि जम्मू-कश्मीर पुलिस देश की सबसे अच्छी ताकत है। सिन्हा ने पुलिस उपाधीक्षक हुमायूं भट और अन्य शहीद पुलिस बहादुरों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। जम्मू-कश्मीर और पूरा देश अपने राष्ट्र तथा मातृभूमि के लिए अपने प्राणों की आहुति देने के लिए इन नायकों का ऋणी है।

## सार संक्षेप

### पाकिस्तान ने जम्मू सीमा पर की गोलीबारी, दो घायल

**जम्मू।** पाकिस्तानी सैनिकों ने जम्मू के अरनिया सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बिना किसी उकसावे के गोलीबारी करके संघर्ष विराम का उल्लंघन किया। मंगलवार रात लगभग सवा नौ बजे पाकिस्तानी रेंजर्स ने बीएसएफ जवानों की ओर बिना किसी उकसावे के गोलीबारी की। उन्होंने कहा कि अरनिया सेक्टर में बीएसएफ के जवानों ने गोलीबारी का मुंहतोड़ जवाब दिया। उन्होंने कहा कि गोलीबारी में घायल हुए बीएसएफ के दो जवानों को तत्काल वहां से निकाला गया और उन्हें चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराया गया।

### ओडिशा के सिमलीपाल रिजर्व में बाघों की गणना शुरू

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मयूरभंज जिले में स्थित सिमिलिपाल टाइगर रिजर्व में बाघों की गणना बुधवार को शुरू हुई। मयूरभंज जिले के सतकोसिया, कप्टीपाड़ा, बिसोई, रायरंगपुर और करंजिया उपमंडलों के वन क्षेत्रों में तीन चरणों में गणना की जाएगी। पहले चरण में, 18 से 2 अक्टूबर तक पगमार्क के माध्यम से गणना की जाएगी और दूसरे चरण में 25 से 28 अक्टूबर तक राज्य में बाघों की आबादी जानने के लिए अनुप्रस्थ सर्वेक्षण किया जाएगा। तीसरे चरण में एक नवंबर से 25 नवंबर तक कैमरा ट्रैपिंग विधि के माध्यम से गणना की जाएगी। बाघों की गतिविधियों को जानने के लिए रणनीतिक स्थानों पर 5 कैमरे लगाए जाएंगे। गणना का संचालन सुचारू रूप से करने के लिए सात सौ वन कर्मचारियों को तैनात किया जाएगा।

### ममता ने पत्रकार के निधन पर शोक जताया

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अनुभवी फोटो पत्रकार सुधीर कुमार उपाध्याय के निधन पर बुधवार को दुख व्यक्त किया। सुधीर 5 वर्ष के थे और मंगलवर देर रात उत्तरी कोलकाता में उनके गिरीश पार्क स्थित घर पर उनका निधन हो गया। बनर्जी ने अपने शोक संदेश में कहा कि यह जानकर दुख हुआ कि हमारे सुधीरदा, सुधीर कुमार उपाध्याय, पश्चिम बंगाल के सबसे वरिष्ठ समाचार फोटोग्राफर, अब नहीं रहे।

### महिला ने बच्चों संग कुएं में कूदकर की आत्महत्या

**रायसेन।** मध्य प्रदेश के रायसेन जिले के सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के सुनवाहा गांव में पारिवारिक विवाद के चलते एक महिला ने अपने दो बच्चों के साथ कुएं में कूदकर आत्महत्या कर ली, जबकि उसका 11 वर्षीय एक अन्य बेटा स्कूल जाने के कारण बच गया है। अनुविभागीय पुलिस अधिकारी अनिल मौर्य ने घटना के बारे में बताया कि कल शाम मनीषा अहिरवार अपने दो बच्चों को लेकर पास के खेत में बने कुएं में कूद गई।

# झारखंड में 23 आईपीएस अफसरों का तबादला

**रांची,** 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। झारखंड सरकार ने बुधवार को 23 आईपीएस अफसरों का तबादला किया है। इनमें से 14 आईपीएस ऐसे हैं, जो पोस्टिंग का इंतजार कर रहे थे। हाल में डीएसपी से एसपी रैंक में प्रोन्नत हुए नौ अफसरों की भी पोस्टिंग दी गई है। बुधवार शाम जारी नोटिफिकेशन के अनुसार चंदन कुमार झा को झारखंड सशस्त्र पुलिस प्रशिक्षण केंद्र हजारीबाग में एसपी के तौर पर पदस्थापित किया गया है, जबकि अनुरंजन किस्पोट्टा को सीआईडी एसपी बनाया गया है। पोस्टिंग का इंतजार कर रहे अंजनी कुमार झा को एसीबी (एंटी करप्शन ब्यूरो) का एसपी बनाया गया है। इसी तरह अंबर लकड़ा को जैप-3 के कमांडेंट के तौर पर पोस्टिंग दी गई है। आनंद प्रकाश रांची में वायरलेस एसपी बनाए गए हैं। प्रभात कुमार को जैप 6 कमांडेंट जमशेदपुर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। एहतेशाम वकारिब को रांची में एसीबी एसपी और आर रामकुमार को एससीआरबी एसपी रांची के पद पर पदस्थापित किया गया है। अमित रेनू को एसपी नक्सल झारखंड की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कुमार गौरव को रांची ट्रैफिक एसपी और मुकेश कुमार लुनायत को जमशेदपुर सिटी एसपी बनाया गया है। मनोज स्वर्गीयारी को रेल एसपी धनबाद के पद पर पदस्थापित किया गया है। शुभांशु जैन को स्पेशल ब्रांच एसपी रांची, नवप्रोन्नत आईपीएस सरोजिनी लकड़ा को टाटीसिलवे रांची में जैप 2 का कमांडेंट बनाया गया है।





# किसी भी अप्रत्याशित स्थिति से निपटने की रणनीति तैयारी करे सेना : राजनाथ

**नई दिल्ली,** 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पूरी दुनिया में अनिश्चितता की स्थिति को देखते हुए सेना से किसी भी अप्रत्याशित स्थिति से निपटने और उसके अनुरूप रणनीति बनाने तथा तैयारी करने को कहा है। सिंह ने सेना के शीर्ष कमांडरों के पांच दिन के सम्मेलन के तीसरे दिन बुधवार को यहां अपने संबोधन में विश्व में मौजूदा जटिल तथा अनिश्चित स्थिति का उल्लेख करते हुए कहा कि हाइब्रिड युद्ध सहित गैर परंपरागत युद्ध, भविष्य के पारंपरिक युद्धों का हिस्सा होगा और दुनिया के विभिन्न हिस्सों में हो रहे संघर्षों में भी यह स्पष्ट है। इसके लिए आवश्यक है कि सशस्त्र बलों को रणनीति बनाते और योजना बनाते समय इन सभी पहलुओं को ध्यान में रखना चाहिए। हमें अतीत में घटी और मौजूदा वैश्विक घटनाओं से सीखते रहना चाहिए। अप्रत्याशित की अपेक्षा करें और उसके अनुसार योजना बनाएं, रणनीति बनाएं तथा तैयारी करें। उत्तरी सीमाओं की स्थिति का जिक्र करते हुए रक्षा मंत्री ने किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए सेना पर पूरा भरोसा व्यक्त किया, हालांकि उन्होंने कहा कि मुद्दों के शांतिपूर्ण समाधान के लिए सभी स्तरों पर चल रही बातचीत जारी रहेगी। मैं जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के खतरे से निपटने में केंद्रीय पुलिस बलों तथा राज्य पुलिस और सेना के बीच उत्कृष्ट तालमेल की सराहना करता हूं। जम्मू और कश्मीर में समन्वित अभियान क्षेत्र में स्थिरता और शांति बढ़ाने में योगदान दे रहे हैं।

उन्होंने किसी भी स्थिति



- सेना के शीर्ष कमांडरों के सम्मेलन को किया संबोधित
- विश्व में मौजूदा जटिल तथा अनिश्चित स्थिति का किया उल्लेख

### सीमा सड़क संगठन के प्रयासों की सराहना की

रक्षा मंत्री ने सीमा सड़क संगठन के प्रयासों की सराहना की और कहा कि बल के कर्मियों के कठिन परिस्थितियों में काम करने से पश्चिमी और उत्तरी दोनों सीमाओं पर सड़क संपर्क में सुधार हुआ है। सिंह ने पश्चिमी सीमाओं की स्थिति का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रतिद्वंद्वी द्वारा छद्म युद्ध जारी रहने के बावजूद सेना सीमा पार आतंकवाद का मुंहतोड़ जवाब दे रही है।

# प्रमोद महाजन ग्रामीण कौशल केंद्रों का शुभारंभ करेंगे मोदी

**नई दिल्ली,** 18 अक्टूबर (एजेंसियां) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से महाराष्ट्र में 511 प्रमोद महाजन ग्रामीण कौशल विकास केंद्रों का शुभारंभ करेंगे। यह केंद्र महाराष्ट्र के 34 ग्रामीण जिलों में स्थापित किए जा रहे हैं। ग्रामीण कौशल विकास केंद्र विभिन्न क्षेत्रों में कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाएंगे जिनसे ग्रामीण युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। प्रत्येक केंद्र कम से कम दो व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में लगभग 100 युवाओं को प्रशिक्षित करेगा। यह प्रशिक्षण राष्ट्रीय कौशल विकास परिषद के तहत सूचीबद्ध उद्योग जगत के भागीदारों और एजेंसियों द्वारा प्रदान किया जा रहा है। इन केंद्रों की स्थापना से अधिक सक्षम एवं कुशल जनशक्ति तैयार करने में मदद मिलेगी।



# इंडिया अलायंस की निकली हवा : सूशील मोदी

## प्रधानमंत्री पद को लेकर चल रही बयानबाजी पर साधा निशाना

**पटना,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के राज्यसभा सांसद सुशील मोदी ने इंडिया अलायंस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जब से कास्ट सर्वे हुआ उसके आंकड़े आने के बाद जदयू के लोग प्रचारित कर रहे थे पूरे देश की राजनीति के केंद्र में नीतीश कुमार आ गए हैं। उनको प्रधानमंत्री पद के दावेदार के तौर पर घोषणा की जा रही थी लेकिन, शशि थरूर और खड़गे साहब ने उसकी हवा निकाल दी।

इंडिया अलायंस के भीतर विरोधाभास अब खुलकर सामने है। अखिलेश यादव ने साफ किया है कि राज्यों में गठबंधन नहीं तो राष्ट्रीय स्तर पर अलायंस नहीं। आम आदमी पार्टी भी कई राज्यों में अलग चुनाव लड़ रही है। वहीं, शशि थरूर के राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे को पीएम उम्मीदवार बनाए जाने वाले बयान पर जदयू भड़की हुई है। अब भाजपा ऐसी विरोधाभासी राजनीति पर कटाक्ष कर रही है। इंडिया अलायंस में पीएम पद को लेकर चल रही बयानबाजी पर सुशील मोदी ने निशाना साधा है। दरअसल, कांग्रेस नेता शशि थरूर के इस बयान के बाद कि इंडिया अलायंस की ओर से राहुल गांधी या मल्लिकार्जुन खड़गे पीएम पद के उम्मीदवार हो सकते हैं, इंडिया अलायंस के भीतर हलचल मची हुई है। इस बयान पर जदयू की ओर से तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त किए जाने के बाद अखिलेश यादव की पार्टी समाजवादी पार्टी ने भी यह साफ कर दिया है कि राज्य के चुनावों में गठबंधन नहीं तो राष्ट्रीय स्तर पर भी अलायंस की उम्मीद नहीं। जाहिर है इंडिया अलायंस के इस विरोधाभास पर भाजपा अपने अंदाज में हमलावर है। सुशील मोदी ने सवालिया लहजे में कहा कि आखिर यह किस तरह का गठबंधन है जो न प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार तय कर पाते हैं और एक दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। इससे साफ जाहिर हो रहा है कि इंडिया गठबंधन टांय-टांय फिस्स हो गई और अलायंस की पूरी हवा निकल गई है।



### अब तक नहीं हुई इंडिया गठबंधन की कोई बैठक

सुशील मोदी ने दावा किया है कि इंडिया गठबंधन में मार काट मची हुई है और बीते एक महीने से ज्यादा हो गया अब तक कोई बैठक नहीं हुई है। भोपाल में रैली तय हुई थी वह रैली स्थगित हो गई और न अगली रैली का कोई डेट ही आया। मप्र व छग में समाजवादी पार्टी और आम आदमी पार्टी खुलकर कांग्रेस का विरोध कर रही है और खिलाफ चुनाव भी लड़ रही है।

# गुजरात में श्रमिकों को मिला पांच रुपए में भोजन का लाभ

**गांधीनगर,** 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। गुजरात में श्रमिक अन्नपूर्णा योजना अंतर्गत एक वर्ष में 50 लाख श्रमिकों को पांच रुपए में भोजन का लाभ मिला हैं। सरकारी सूत्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल के नेतृत्व में पिछले साल अक्टूबर में एक बार फिर से श्रमिक अन्नपूर्णा योजना का क्रियान्वयन शुरू किया गया था और केवल एक ही वर्ष की समयावधि में राज्य के लगभग 50 लाख श्रमिक इस योजना अंतर्गत पांच रुपए में भोजन का लाभ पा चुके हैं। कोविड महामारी के दौरान संक्रमण की संभावना को कम करने के लिए गुजरात सरकार ने श्रमिक अन्नपूर्णा योजना को कुछ समय के लिए बंद कर दिया था, जिसे पिछले साल अक्टूबर महीने में दोबारा शुरू किया गया। श्रमिकों की सुख-सुविधा को ध्यान में रखते हुए सरकार द्वारा कंस्ट्रक्शन साइट पर भोजन की डिलीवरी भी की जाती है। हाल में 50 से अधिक श्रमिकों वाली कंस्ट्रक्शन साइट पर भोजन की डिलीवरी की जाती है। अहमदाबाद, गांधीनगर, सूरत तथा वडोदरा की 13 साइट्स पर श्रमिकों के लिए भोजन पहुंचाया जाता है। दस जिलों में 118 कडियानाका पर श्रमिकों को भोजन श्रमिक अन्नपूर्णा योजना अंतर्गत राज्य में 10 जिलों में 118 श्रमिक नुक्कड़ों पर भोजन प्रदान किया जाता है।

# कर्नाटक सरकार को गिराने का प्रयास कर रही भाजपा : शिवकुमार

**बेंगलुरु,** 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने बुधवार को आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें राज्य में कांग्रेस सरकार को गिराने की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कोशिश की जानकारी है।

उन्होंने कहा कि मैं यह जानता हूं भाजपा कांग्रेस सरकार को गिराने की कोशिश कर रही है। सभी विधायक आ रहे हैं और मुख्यमंत्री मुझे बता रहे हैं कि कौन भाजपा के संपर्क में है। वे हमें यह भी बता रहे हैं कि उन्हें क्या पेशकश की जा रही है। जब शिवकुमार से कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने की भाजपा की कोशिश के बारे में पूछा गया तो उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि विधानसभा सत्र होने दीजिए। मेरे पास सारी जानकारी है। मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि जिन लोगों से संपर्क किया गया है। शिवकुमार ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को संबोधित कलेक्शन मास्टर पोस्टर जारी करने को लेकर हुए विवाद का जवाब देते हुए आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री पद हासिल करने के लिए 2,500 करोड़ की भारी रकम एकत्र की गई थी। इससे पहले शिवकुमार ने आरोप लगाया था कि इनकम टैक्स द्वारा जब्त की गई 94 करोड़ रुपए की रकम भाजपा नेताओं की है।

उन्होंने कहा कि नकदी और कांग्रेस पार्टी के बीच कोई संबंध नहीं है। भाजपा नेताओं के इस आरोप पर कि ताजा घटनाक्रम से कांग्रेस आलाकमान हिल गया है, उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यह कांग्रेस आलाकमान नहीं, बल्कि भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व हिल गया है।



परेशानी | *जल्द आई सर्दी से कश्मीर व लद्दाख वासियों की परेशानी बढ़ी*

# बिजली की जबरदस्त कटौती के साथ मंडराया पेयजल का संकट

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। कई सालों के बाद कश्मीर व लद्दाख में इस बार सर्दी का बहुत पहले आगाज होने का खामियाजा कश्मीरियों और लद्दाखियों को भुगतना शुरू हो गया है। सड़कें बंद होने के साथ ही बिजली की जबरदस्त कटौती के साथ ही पानी की किल्लत भी उन्हें सताने लगी है। पर इतना जरूर था कि कश्मीर पहुंचे सैलानियों की तो जैसे लाटरी निकल गई हो** क्योंकि जिन नजारों को देखने उन्हें दिसम्बर और जनवरी में आना पड़ता था उन्हें अभी से निहारने का अवसर मिल गया है। हालांकि हल्की बर्फबारी पिछले पखवाड़े से ही हो रही थी पर दो दिनों की बर्फबारी ने सोनमार्ग, पहलगाम और गुलमर्ग के अतिरिक्त जम्मू संभाग के पहाड़ों व लद्दाख के पहाड़ों पर करगिल से लेकर चीन सीमा तक सफेद चादर बिछा दी है। कई स्थानों पर 6 से 11 इंच तक बर्फ अभी भी पहली बार इतनी जल्दी रिकार्ड की गई है। सर्दी और बर्फबारी के जल्दी आ जाने के कई लाभ भी कश्मीरियों को दिख रहे हैं। लद्दाख के लिए भी ऐसा ही है। कश्मीर के मुख्य दरियाओं में पानी का स्तर बढ़ने लगा है जो पहले ही सूखे के कारण अपने तलों को दिखा रहे थे।



■ करगिल से लेकर चीन सीमा तक बर्फ की सफेद चादर बिछी

यह बात अलग है कि लद्दाख में बर्फ के साथ ही पर्यटन सीजन खत्म हो जाता है और कश्मीर में यह शुरुआत है। लद्दाखी अब पर्यावरण की चिंता के कारण इसे अब खुशी के तौर पर मनाने लगे हैं। पर खुशी वे सैलानी भी प्रकट कर रहे हैं जिन्होंने अक्टूबर के शुरू में ही बर्फ का नजारा ले लिया। बंगाल से आने वाले एक पर्यटक ने गंडोला की सवारी करने के बाद अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए अपने आपको खुशनसीब लिखा था तो एक अन्य कहता था कि जिन्दगी में पहली बार बर्फ गिरते हुए देखी है। उसके बकौल अभी तक बर्फ गिरने के बाद ही कश्मीर को निहारने का मौका मिलता था। जल्दी बर्फबारी के कारण कश्मीरियों की परेशानी भी बढ़ी है। सर्दी शुरू होने की घोषणा के साथ ही बिजली विभाग ने पांच से 8 घंटों की बिजली कटौती घोषित कर दी। बिजली विभाग का कहना था कि यह आने वाले दिनों में बढ़ भी सकती है क्योंकि इस बार कश्मीर में भीषण सूखे की स्थिति के कारण दरियाओं का पानी सूख गया था जिस कारण बिजली उत्पादन ही नहीं हो पा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार जम्मू कश्मीर में अगले दो दिनों तक मुख्य रूप से शुष्क मौसम का अनुमान है। गंदेरबल जिले में सोनमर्ग और बांदीपोरा जिले में गुरेज सहित कश्मीर के दूरदराज के पहाड़ी इलाकों में गत दिनों हिमपात हुआ। श्रीनगर में पिछले 24 घंटों में मंगलवार सुबह तक 20.9 मिमी बारिश दर्ज की गई जबकि इसी अवधि में दक्षिण कश्मीर के काजीगुंड में 47.4 मिमी, बारामूला जिले के गुलमर्ग के स्की रिसॉर्ट में 18.6 मिमी और दक्षिण कश्मीर के पहलगाम रिसॉर्ट में 27.4 मिमी बारिश दर्ज की गई।

बिलासपुर, गुरूवार 19 अक्टूबर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# राहुल गांधी का अदानी पर नया हमला

यह आरोप लगाकर कि केन्द्र सरकार द्वारा देशवासियों को महंगी बिजली बेचने का उद्देश्य गौतम अदानी को फायदा पहुंचाना है, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मुश्किल में डाल दिया है। मोदी और अदानी के रिश्तों को लेकर राहुल पिछले लम्बे समय से अनेक खुलासे करते आ रहे हैं जिसके चलते मोदी समेत पूरी भारतीय जनता पार्टी की भरपूर किरकिरी हो चुकी है। यह मामला न केवल भारत में वरन विदेशों में भी गूंज रहा है। संसद के भीतर हो या बाहर, राहुल और उनकी पार्टी इस मुद्दे को लेकर मोदी की घेराबन्दी करती आ रही है। नये आरोप यानी मोदी-भाजपा की नयी मुसीबत।

बुधवार को राहुल गांधी ने दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में प्रसिद्ध अखबार 'फाइनेंशियल टाइम्स' में छपी एक रिपोर्ट का हवाला देकर आरोप लगाया कि अदानी ने 12 हजार करोड़ रुपये का घोटाला किया है। उनका यह भी कहना था कि अदानी की वजह से ही देशवासियों को महंगी बिजली मिलती है। उनके मुताबिक अदानी इंडोनेशिया से कोयला खरीदते हैं और उसका भाव हिन्दुस्तान में दोगुना हो जाता है। अदानी कोयले की कीमत को गलत दिखाते हैं। कांग्रेस नेता का कहना है कि 'लोग जैसे ही बिजली का स्विच ऑन करते हैं, अदानी की जेब में पैसा जाता है। अदानी की रक्षा भारत के प्रधानमंत्री कर रहे हैं। दुनिया के बाकी देशों में जांच हो रही है लेकिन भारत में अदानी को कोरा चेक दिया गया है। अदानी जो चाहे कर सकते हैं।' राहुल का साफ कहना था कि 'लोग 12 हजार करोड़ रुपये का यह आंकड़ा याद रखें।' उन्होंने सवाल किया- 'पीएम अदानी की जांच क्यों नहीं कराते?'

उल्लेखनीय है कि राहुल पिछले वर्ष कन्याकुमारी से कश्मीर तक निकाली अपनी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कई बार मोदी व अदानी के बीच सांठ-गांठ का आरोप लगाते रहे। इतना ही नहीं, लोकसभा में भी उन्होंने इस मामले को दमदार तरीके से उठाया था। अदानी के हवाई जहाज में बैठकर प्रधानमंत्री पद के शपथ ग्रहण के लिये दिल्ली आ रहे मोदी की तस्वीर भी उन्होंने संसद में लहराई थी। इसके चलते खूब हंगामा हुआ था। उनके भाषणों के वे हिस्से विलोपित कर दिये गये थे, जिनमें राहुल ने मोदी-अदानी के रिश्तों तथा इस व्यवसायी के कथित घोटालों की पोल खोली थी। इस सबके चलते गुजरात की एक कोर्ट में 2019 के चुनाव प्रचार के दौरान दिये गये एक भाषण को आधार बनाकर राहुल के खिलाफ दाखिल अवमानना मामले की आनन-फानन में सुनवाई कर उन्हें दो साल की सज़ा दिला दी गई थी। उतनी ही तेज गति से उनकी लोकसभा की सदस्यता छीन ली गई थी। करीब चार माह सदन से बाहर रहने के बाद सुप्रीम कोर्ट द्वारा उनकी सजा पर लगाई गई रोक से सदस्यता बहाल हुई थी।

वैसे सदन के भीतर, सदस्यता के निलम्बन के दौरान, वापस आने के बाद और तत्पश्चात सदन के बाहर राहुल की अदानी को लेकर घेराबन्दी हमेशा जारी रही। मोदी शासनकाल में दुनिया के दूसरे सबसे अमीर बने अदानी को लेकर हिन्डनबर्ग की रिपोर्ट ने मोदी व अदानी को संकट में तो डाला ही था, राहुल को और भी हमलावर बना दिया। उनके बयानों तथा अदानी पर उनके आरोपों की एक तरह से पुष्टि पहले हिन्डनबर्ग रिपोर्ट से हुई। पहले भी प्रतिष्ठित समाचारपत्र 'फाइनेंशियल टाइम्स' ने अदानी को लेकर बड़े खुलासे किये थे। उसी कड़ी के रूप में अब यह नयी रिपोर्ट आई है जिसके आधार पर राहुल ने ताजा हमला बोला है। निश्चित है कि इससे मोदी और केन्द्र सरकार पर नये सवालिया निशान उठेंगे।

फिर, मोदी पर राहुल का नया आक्रमण ऐसे वक्त पर हो रहा है जब पांच राज्यों की विधानसभाओं के लिये अगले महीने चुनाव होने जा रहे हैं। भाजपा ये सभी चुनाव मोदी के चेहरे पर लड़ रही है जिनमें उन्हें एक सफल व साफ-सुथरी छवि का नेता के रूप में प्रोजेक्ट किया जा रहा है, वैसे ही जिस प्रकार से पिछले एक दशक से होता आया है। हालांकि उनकी यह छवि पहले ही काफी कुछ दरक चुकी है। साथ ही वे सभी मोर्चों पर पूर्णत: नाकाम प्रधानमंत्री भी साबित हो चुके हैं। फिर भी सरकार व संवैधानिक संस्थाओं पर अपनी मजबूत पकड़, संगठन पर एकाधिकार तथा पिछलग्गू मीडिया के बल पर वे अपनी छवि को कथित रूप से यशस्वी पीएम की बनाये रखने की कोशिश करते हैं। ऐसे वक्त में जब मोदी के नेतृत्व में भाजपा हिमाचल प्रदेश व कर्नाटक में चुनाव हार चुकी है और भाजपा पर भ्रष्टाचारियों के साथ मिलकर राज्य की सरकारें बनाने के आरोप हैं, राहुल के नये आरोपों से मोदी की परेशानियां बढ़ना तय है। पहले ही यह माना जा रहा है कि राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम के विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत की गुंजाइश शून्य है, जिसका असर अगले साल के मध्य में होने जा रहे लोकसभा चुनावों पर पड़ेगा। राहुल के इन आरोपों में अगर विपक्षी गठबन्धन इंडिया (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूज़िव एलाएंस) ने भी अपने सुर मिलाए तो इसकी गूंज निश्चित ही दूर तलक जाएगी। मोदी व भाजपा को होने वाला नुकसान केवल 5 राज्यों तक सीमित न रहकर सभी तरफ होगा। जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक पहले ही कह चुके हैं कि 'अदानी का पैसा दरअसल मोदी का पैसा है और मोदी व भाजपा 2024 का चुनाव अदानी की वजह से हारेंगे।' क्या मलिक की बात सच साबित होने जा रही है? संकेत तो ऐसे ही दिखते हैं।

# जैतून की टहनी का इंतजार

**दुनियादारी**

■ सर्वमित्रा सुरजन

ओ गाज़ा के शैतान बच्चो,
तुम, जो लगातार मेरी खिड़की के नीचे आकर चिल्लाते हो
और अपने शोर से मुझे परेशान करते हो
तुम, जो हर सुबह को भागदौड़ से बेतरतीब बना देते हो
तुम, जिन्होंने मेरे प्यारे गुलदान को तोड़ दिया
और तोड़ लिया मेरे बागीचे में लगे इकलौते फूल को
वापस आ जाओ, और चिल्लाओ जी भर के
तोड़ दो सारे गुलदानों को, चुरा लो सारे फूलों को
लेकिन वापस आ जाओ, बस वापस आ जाओ।

फिलिस्तीन कवि, खालिद जुमा
(अंग्रेजी से अनुवाद लेखिका द्वारा)

खालिद जुमा की ये कविता दुनिया के हर शांतिप्रिय इंसान के दिल की आवाज लगती है। बच्चों का शोर घरों से उठकर गलियों, मोहल्लों में होता रहे। किसी की बालकनी में गेंद चली जाए, किसी की खिड़की का शीशा क्रिकेट खेलने में टूट जाए। इन सबसे भले कुछ देर की परेशानी होती है, खीझ होती है, शैतान बच्चों पर गुस्सा आता है, उनके मां-बाप तक शिकायत पहुंच जाती है। लेकिन फिर भी ये शोर और शिकवे-शिकायतें, उस चुप्पी से लाख गुना बेहतर है, जो बमों और राकेटों के धमाकों के बाद चारों ओर पसर जाती है।

बच्चों को स्कूल भेजने की जद्दोजहद में लगे मां-बाप, बरामदों में बैठकर अखबार पढ़ते बुजुर्ग, कचरा फेंकने पर दो पड़ोसियों के बीच की बहस, सड़कों पर निकलते फेरी वाले, गाड़ियों का शोर, बगीचों में चहलकदमी करते लोग, ऐसे कई दृश्य हमारे रोजमर्रा के जीवन में इतने रचे-बसे हुए हैं कि हमें इनकी अहमियत का अहसास ही नहीं होता। तमाम तरह की उलझनों से भरे, मामूली से लगने वाले इस जीवन की क्या कीमत है, ये जंग के शिकार लोग ही बता सकते हैं। फिलिस्तीन के गाज़ा जैसे इलाके के लोग ऐसे ही सामान्य जीवन के लिए अब न जाने कब तक तरसते रहेंगे। इजरायल के फिलिस्तीन पर हमले को दो हफ्ते होने आए हैं, लेकिन युद्ध विराम का कहीं कोई संकेत नहीं मिल रहा। बल्कि अब तो इजरायल सीधे-सीधे नरसंहार पर उतर आया है। युद्ध शुरु होते ही इजरायल की ओर से गाजा क्षेत्र में बिजली, पानी जैसी सुविधाओं की आपूर्ति रोक दी गई। संयुक्त राष्ट्र संघ ने नसीहत दी कि ऐसा करना ठीक नहीं होगा। लेकिन मौजूदा वैश्विक मंच पर संरा की भूमिका भी घर के उस बूढ़े सदस्य की तरह हो गई है, जिसकी बात लिहाज कर सुनी तो जाती है, लेकिन मानी नहीं जाती। हमास के खात्मे का बीड़ा इजरायली राष्ट्रपति बेंजामिन नेतन्याहू ने उसी तरह उठाया है, जैसे 11 सितंबर के हमले के बाद अमेरिका ने ओसामा बिन लादेन को खत्म करने की कसम खा ली थी। लादेन को खत्म करने के फेर में पूरे अफगानिस्तान में तबाही मचा दी गई। 20 सालों बाद वही तालिबान फिर से अफगानिस्तान पर शासन कर रहा है, जिसे खत्म करने के लिए अमेरिका ने अपने हजारों सैनिकों को तैनात कर के एक लंबे युद्ध में अफगानिस्तान को झोंक दिया था। अमेरिका के हिसाब से लादेन पाकिस्तान में घर में घुसकर मार दिया गया। हालांकि उसके बाद लादेन की लाश का क्या हुआ, और आतंकवाद खत्म करने की कसम का क्या हुआ, इस बारे में कौन सवाल करे।

अस्पताल पर हमला करके इजरायल ने बता दिया है कि वह युद्ध बिना नियम-कायदे के लड़ने में यकीन करता है। हालांकि इसमें बहादुरी नहीं, कायरता दिखती है। बहादुरी तो तब होती, जब इजरायल आतंकवाद को समूल नष्ट करने की कोशिश करता। जो उत्पीड़न यहूदियों ने हिटलर के शासन में भुगता, जिस हिंसा का शिकार 7 अक्टूबर को त्योहार मनाते आम इजरायली लोग हुए, उस हिंसा से दुनिया को महफूज़ रखना ही असली बहादुरी होती।

सवाल अगर किए जाते तो आज इजरायल वही खेल नहीं खेल रहा होता।

हमास को जड़ से उखाड़ने के नाम पर इजरायल रोजाना सैकड़ों फिलिस्तनियों को मार रहा है। साढ़े सात सौ से अधिक बच्चे इजरायल के हमले में मारे जा चुके हैं। इजरायल की ओर से चेतावनी दी जा रही है कि इतने घंटे में ये इलाका खाली करो। जैसे कीड़ों-मकोड़ों के सफाए के लिए कीटनाशक का छिड़काव किया जाता है और खुद के मुंह में पट्टी बांध ली जाती है कि उसका नुकसान खुद को न हो, उसी अंदाज में राकेट और बमों का छिड़काव फिलिस्तीन पर करके वहां जीते-जागते इंसानों को कीड़ों की तरह ही खत्म किया जा रहा है। दो-दो विश्वयुद्धों की क्रूरता, हिटलर का कत्लेआम, हिरोशिमा-नागासाकी पर अणु बम से बरसाया गया कहर, ये सब कुछ पिछले सौ सालों में ही दुनिया ने देखा है। सभ्यता का विकास हुआ होता, तो दुनिया इतनी तबाही देखकर युद्ध से तौबा कर लेती। लेकिन हम तो सभ्यता को ठेंगा दिखाते हुए फिर से आदिम युग में लौटने की तैयारी कर रहे हैं। फर्क यही है कि हमने नाखूनों को काटना सीख लिया है, तो प्रहार करने के तरीके बदल गए हैं। अब चालाक इंसान मारक हथियारों से वार करता है, जिसमें इंसान ही नहीं इंसानियत के चिथड़े भी उड़ाए जा सकें। बारुदी हथियारों के अलावा अब झूठी खबरों का हथियार भी इंसान के पास है, और इन दोनों का मेल इतना जबरदस्त होता है कि फिर विरोधी पक्ष का तड़प-तड़प कर मरना तय है।

मंगलवार की रात को ही खबर आई कि इजरायल की वायुसेना ने गाजा के अल अहली अस्पताल पर रॉकेट दागे। इस हमले में कम से कम 5 सौ लोग मारे गए हैं। लेकिन इजरायल ये दावा कर रहा है कि ये हमला उसने नहीं हमास ने किया है। इस हमले का वीडियो भी इजरायल की ओर से जारी किए गए हैं, लेकिन सोशल मीडिया पर वैसी ही तस्वीर वाला एक और वीडियो सामने आया है, जो 2022 का बताया जा रहा है। यानी ये हो सकता है कि इजरायल जिसे हमास के अस्पताल पर हमले का वीडियो बता रहा है, वो पुराना वीडियो हो। हो सकता है इजरायल फेक न्यूज का सहारा लेकर अपनी करनी से बचने की कोशिश रहा है। क्योंकि इस समय दुनिया भर की अवाम फिलिस्तीन के हक में आवाज उठा रही है, खुद इजरायल के कई नागरिक अपनी सरकार से इस बात के लिए नाराज हैं कि वो फिलिस्तीन के आम लोगों को निशाना बना रही है। इजरायल की सरकार के साथ दुनिया के शक्तिशाली नेता तो खड़े दिख रहे हैं, लेकिन जनता की आवाज सरकारों की आवाज से अलग सुनाई दे रही है।

अस्पताल पर हमला करके इजरायल ने बता दिया है कि वह युद्ध बिना नियम-कायदे के लड़ने में यकीन करता है। हालांकि इसमें बहादुरी नहीं, कायरता दिखती है। बहादुरी तो तब होती, जब इजरायल आतंकवाद को समूल नष्ट करने की कोशिश करता। जो उत्पीड़न यहूदियों ने हिटलर के शासन में भुगता, जिस हिंसा का शिकार 7 अक्टूबर को त्योहार मनाते आम इजरायली लोग हुए, उस हिंसा से दुनिया को महफूज़ रखना ही असली बहादुरी होती। मगर बेंजामिन नेतन्याहू की सरपरस्ती में इजरायल फिलिस्तीन को पूरी तरह नक्शे से मिटाने का एक खतरनाक खेल रहा है। धर्म, राष्ट्रवाद, बदला, नफरत सबका एक घातक कॉकटेल तैयार किया गया है, राहुल गांधी ऐसे ही कॉकटेल को कैरोसिन कहते हैं, जो एक बार छिड़क दिया जाए, तो फिर आग को भड़कने से कोई नहीं रोक सकता।

हमास के हमले के बाद इजरायल तुरंत युद्ध छेड़कर ये साबित कर चुका है कि उसकी दिलचस्पी शांति में कतई नहीं है। अगर होती तो हमास के खात्मे के तार्किक तरीके ढूंढे जाते, संयुक्त राष्ट्र संघ की विभिन्न एजेंसियों, अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में जाने, आर्थिक प्रतिबंध लगाने जैसे कई और उपायों पर विचार किया जाता। मगर उससे तो समस्या के सुलझने का रास्ता तैयार होता और सत्ता की राजनीति को सुलझे तरीके रास नहीं आते हैं। चीजें उलझी रहें तो हर तरह से मुनाफा लिया जा सकता है। इजरायल यही कर रहा है और अब अमेरिका भी यही कर रहा है। हमेशा की तरह अमेरिका इस लड़ाई में कूद चुका है। जो बाइडेन ने साबित कर दिया है कि डोनाल्ड ट्रंप, बराक ओबामा जैसे अपने तमाम पूर्ववर्ती राष्ट्रपतियों की तरह वे भी अमेरिका की महानता के गुण गाते हुए पूरी दुनिया में लोकतंत्र की रक्षा का बीड़ा उठाएंगे और युद्धग्रस्त क्षेत्रों में दखलंदाजी करके एक पक्ष को अपना साथ देकर शांति का मसीहा बनेंगे। बराक ओबामा को तो शांति का नोबेल पुरस्कार मिल ही चुका है, अब शायद जो बाइडेन भी इजरायल का साथ देकर हमास को खत्म करने में मदद करके ऐसा ही कोई पुरस्कार अपने नाम करवा लें।

दुनिया का चौधरी बनने की अपनी फितरत से अमेरिका बाज नहीं आ रहा। इधर भारत शांतिदूत की भूमिका से पीछे हट ही चुका है। प्रधानमंत्री मोदी ने पहले दिन ही इजरायल पर हमले की आलोचना करते हुए साथ देने की बात कह दी। पांच दिन बाद विदेश मंत्रालय ने फिलिस्तीन के समर्थन में बयान दिया। घर में घुसकर मारने की बात से आह्लादित होने वाले लोगों को मोदीजी का रवैया अच्छा ही लगा। मगर सोचने वाली बात ये है कि फिलिस्तीनियों ने भारत का कभी कुछ नहीं बिगाड़ा है, फिर भारत में बहुत से लोग फिलिस्तीन के विरोध में क्यों हैं। क्या नफरत हमें हमारे घर में घुसकर मारना शुरु कर चुकी है। क्या हमें अपने सामान्य जीवन से ऊब होने लगी है, जो युद्ध में हम अपना रोमांच तलाशने लगे हैं। सत्ताधीश अपने सियासी फायदे के लिए चाहे जो खेल खेलें, मोहरा आम नागरिक ही बनते हैं। इसलिए युद्ध के बादलों के बीच अब उस कपोत को आवाज देनी होगी, जो जैतून की टहनी मुंह में दबाकर लाए और दुनिया को उसके हरेपन से भर दे।

# एक कमजोर रस्सी पर लटका है कर्नाटक जनता दल (एस) और भाजपा का संबंध

■ सुशील कुट्टी

कर्नाटक में जनता दल (सेक्युलर) बीच में बंट गई है। यदि संगठन के बाह्य रूप में नहीं, तो कम से कम मनभेद से। पार्टी के बड़े नेता सी एम इब्राहिम इस झगड़े के केंद्र में हैं, जिसने पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा और उनके बेटे, कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी के नेतृत्व वाले गौड़ा परिवार को गठबंधन चुनने के लिए मुश्किल स्थिति में डाल दिया है, और उनके लिए ही दुखद है कि 'सार्वभौमिक राजनीतिक अछूत', भारतीय जनता पार्टी के साथ, जो लोकतांत्रिक दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे अमीर राजनीतिक पार्टी भी है।

अब गौड़ा भी पार्टी में खतरनाक दरार के लिए जिम्मेदार हैं, जिसे कुछ लोग यह कहकर खुद को बेवकूफ बना रहे हैं कि यह विभाजन नहीं है, बल्कि केवल मतभेद है जो बनते-बनते विभाजन में तब्दील हो गया है। सबसे ख़राब स्थिति में, जेडी सेक्युलर एक जर्जर रस्सी से लटका हुआ है और अलार्म बजाने की कोई ज़रूरत नहीं है, भले ही राज्य पार्टी प्रमुख हर किसी को बता रहे हों कि यह मेरा रास्ता है या राजमार्ग।

अब गौड़ा भी पार्टी में खतरनाक दरार के लिए जिम्मेदार हैं, जिसे कुछ लोग यह कहकर खुद को बेवकूफ बना रहे हैं कि यह विभाजन नहीं है, बल्कि केवल मतभेद है जो बनते-बनते विभाजन में तब्दील हो गया है। सबसे ख़राब स्थिति में, जेडी सेक्युलर एक जर्जर रस्सी से लटका हुआ है और अलार्म बजाने की कोई ज़रूरत नहीं है।

सी एम इब्राहिम कोई स्प्रिंग-चिकन नहीं हैं। न ही उनका जन्म कल हुआ था। वह जनता दल (सेक्युलर) का वर्तमान मुस्लिम चेहरा हैं। उनके कारण मुसलमानों के बहुत सारे वोट जद (एस) को मिलते हैं। अगर जनता दल (सेक्युलर) भाजपा के साथ बने रहने पर जोर देती है तो उसे उनके वोट से चूकना होगा जो पार्टी बर्दाश्त नहीं कर सकेगी। जब गुस्सा शांत होगा और इस विशेष नाटकीय घटनाक्रम पर धूल जम जायेगी, तो बेहतर समझ कायम होगी और पार्टी एकजुट रहेगी।

सही? नहीं गलत। गौड़ा कबीले की चुनौती को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। यह अवज्ञा है जो विभाजन से भी आगे जाती है। यह एक बेशर्म अधिग्रहण बोली है। पिता-पुत्र की जोड़ी एक कंप्यूटर चिप की तरह बदली जा सकती है। आगामी लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा के साथ गठबंधन करने का पार्टी का निर्णय एक तैयार बहाना है। सीएम इब्राहिम का कहना है कि उनका 'गुट' मूल है और गौड़ा का जद (एस) विभाजित है। किसी भी स्थिति में, भाजपा के साथ गठबंधन करने का मतलब है कि जनता दल अब 'धर्मनिरपेक्ष' नहीं रहेगा।

अगर किसी को अब भी आपत्ति है तो बता दें कि राज्य इकाई के अध्यक्ष के रूप में इब्राहिम को न केवल निर्णय लेने बल्कि उन्हें कर्नाटक में लागू करने का भी पूरा अधिकार था। इब्राहिम का फैसला है कि जद (एस) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पार्टी भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए में नहीं रहेगी और वह इस फैसले से एचडी देवेगौड़ा को अवगत कराने के लिए एक कोर कमेटी बनाने जा रहे हैं।

जनता दल (सेक्युलर) की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष का विद्रोह हवा के साथ चलना तय है। अगर उनका फैसला जनता दल (सेक्युलर) में संभावित विभाजन का संकेत दे रहा है तो ऐसा ही होगा। जाहिर तौर पर आधा जनता दल (सेक्युलर) इब्राहिम के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। 'मैं जद(एस) का कर्नाटक प्रदेश अध्यक्ष हूं,' यह हाल के दिनों में किसी द्वारा दिया गया सबसे जोरदार राजनीतिक बयान है।

तो, जनता दल (सेक्युलर) में विभाजन का ट्रेंड है। सीएम इब्राहिम के हवाले से कहा जा रहा है कि पार्टी ने 2024 का आम चुनाव लड़ने के लिए एनडीए में शामिल नहीं होने का फैसला किया है और पार्टी सुप्रीमो एचडी देवेगौड़ा की अब कोई महत्वपूर्ण भूमिका नहीं है। अब केवल उन विधायकों की संख्या गिनना बाकी है जो गौड़ा को गिराने में इब्राहिम के साथ शामिल हो गये हैं। इब्राहिम ने भाजपा के साथ संबंध तोड़ने के फैसले को 'हमारा पहला निर्णय' करार दिया। दूसरा, देवेगौड़ा से भाजपा के साथ गठबंधन के लिए 'नहीं' कहने का अनुरोध करना था। कोर कमेटी देवेगौड़ा से मिलेगी और उन्हें बतायेगी कि जहां तक जनता दल (सेक्युलर) का सवाल है तो यह खेल भाजपा के लिए है।

देवेगौड़ा के बेटे एचडी कुमारस्वामी ही थे जिन्होंने भाजपा के साथ जनता दल (सेक्युलर) का गठबंधन किया था। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा पार्टी प्रमुख जेपी नड्डा से मुलाकात की। दोनों दल गठबंधन पर मुहर लगाने ही वाले थे कि तभी इब्राहिम ने पूरे भाजपा-जनता दल (सेकुलर) समझौते पर पानी फेर दिया।

क्या भाजपा को इसका अनुमान था? बिल्कुल नहीं, जब तक जनता दल (सेक्युलर) ने ऐसा नहीं किया। इब्राहिम ने भाजपा के साथ-साथ गौड़ा को भी मुश्किल में डाल दिया है। उन्होंने अपनी गेंद गुगली के बराबर फेंक दी और इसने न केवल गौड़ा नेतृत्व को क्लीन बोल्ड कर दिया, बल्कि भाजपा को भी बाहर कर दिया। क्रिकेट में ऐसा कभी नहीं हुआ।

भाजपा मिजोरम, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान और तेलंगाना में विधानसभा चुनावों में उतर रही है और मतदाताओं के मन में जनता दल (सेक्युलर) के त्याग की यादें ताजा हैं। क्या जनता दल (सेक्युलर) का फैसला उन पांच राज्यों में मतदान पर अपनी छाप छोड़ेगा जहां चुनाव होंगे? इब्राहिम ने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी को छोड़कर किसी भी राजनीतिक दल के साथ गठबंधन उनकी 'सर्वसम्मत राय' है जो सदैव दिमाग में रहेगी और शायद प्रभाव भी डालेगी।

फिर यह फैसला रद्द नहीं किया जायेगा। कुमारस्वामी और देवेगौड़ा ग्रामीण परिदृश्य को उलट-पुलट कर सकते हैं लेकिन निर्णय कसौटी पर खरा उतरेगा। इब्राहिम ने कुमारस्वामी को 'भाई' और देवेगौड़ा को 'पिता' कहा और उन्होंने कहा, 'उन्हें मेरा संदेश है कि कृपया वापस आ जायें', जो पिता और पुत्र को बता रहा है कि जनता दल (एस) आपकी समझ से बाहर है। ध्यान देने वाली महत्वपूर्ण बात यह है कि एक परिवार द्वारा संचालित पार्टी ने अपना जुआठ उतार फेंका है। कम से कम एक राजनीतिक राजवंश लूप से बाहर है। यह भी सोचने के लिए है कि भाजपा, जो वंशवाद की इतनी विरोधी है, उसके साथ गठबंधन करने पर आमादा थी, चुनावी राजनीति की लूट के लिए एक वंशवाद का सहारा। विरोधाभास दिमाग चकरा देने वाला है।

## पावन प्रसंग

# प्रेरणाओं को ग्रहण करने का पर्व

भगवान राम का जीवन इसीलिए युगांतकारी हो जाता है, क्योंकि उनके आगमन के साथ न केवल असुरता का अंत होता है, लंका का अंत होता है बल्कि रामराज्य का प्रारंभ भी होता है। अवतारों के अवतरण का उद्देश्य ही यह होता है अपने जीवन के माध्यम से ऐसे उदाहरण जनसामान्य के सम्मुख रखते हैं कि जिनसे प्रेरणा प्राप्त करके व्यक्ति नर से नारायण, मानव से महामानव और क्षुद्र से महान बन सकते हैं साथ ही वे ऐसे अभियानों को भी जन्म देते हैं, जिनका अंग बनकर मनुष्य में दिव्य भावनाएं, उत्कृष्ट विचार, आदर्शवादी क्रिया चेष्टाएं, आदर्शवादी क्रिया चेष्टाएं दृष्टिगोचर होने लगती हैं।

रामनवमी का पर्व मंगलकारी पर्व भगवान राम का यह जन्मदिवस सम्पूर्ण वसुधा के लिए एक मंगलमय अवसर के रूप में मनाया जाता है। भारतीय संस्कृति के आदर्शों को अपने जीवन में मूर्तिमान करने वाले भारतीय धर्म के आकाश में सूर्य की तरह चमकने वाले मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जीवन से प्रेरणाओं को ग्रहण करने का पावन पर्व इसे कह सकते हैं। ध्यान से देखें तो वर्तमान समय में भी लगभग वैसी ही परिस्थितियां हैं, जिस तरह की परिस्थितियों में भगवान राम के अवतरण के कथानक को लिखा गया था। जिन परिस्थितियों में भगवान राम ने अपने पुण्यचरित्र को जनमानस के सम्मुख प्रस्तुत किया था, वर्तमान समय भी कुछ-कुछ वैसा ही है।

रावण सही पूछा जाए तो एक व्यक्ति से ज्यादा ऐसी विकॉत मानसिकता का नाम है- जो छोटे उद्देश्यों, छोटे कार्यों, स्वार्थ, अहंकार, लोभ, लालच हिंसा से परिभाषित होती है। गंभीरता से सोचें तो क्या ऐसा नहीं लगता कि आज की परिस्थितियों और आज का वातावरण-वैसी ही मानसिकता का प्रतीक बन गए हैं। आज के समय को देखें तो ऐसा प्रतीत होता है कि मानो स्वार्थ और संकीर्णता फैशन में आ गए हैं और अपने हितों को पूरा करने की अंधी दौड़ में लोग सज्जनता और मानवता का जनाजा निकालने में संकोच भी नहीं करते हैं। आजे जैसी भावाएं जितनी संकुचित हुई है और परस्पर के स्नेह विश्वास का स्थान शक, संदेह और कठोरता ने ले लिया है। कितना बड़ा दुर्भाग्य है कि आज ईमानदारी ,कर्तव्यपरायणता और विश्वसनीयता इतनी तेजी से गिर रहे हैं कि व्यक्ति के मन में न समाज का संकोच है न प्रशासन का भय है। और न ही उसके मन में ईश्वरीय न्याय व्यवस्था पर जरा भी भरोसा रह गया है। परिणाम यह है कि वो मानवीय जीवन जिसको हम परमेश्वर प्रदत्त सौभाग्यों में सबसे ऊपर गिनते थे, उसका मूल्य शून्य हो गया है और यह देवदुर्लभ जीवन मात्र उलझनों परेशानियों और पापों को इकट्ठा करने में ही चला जाता है।

अवतारी सत्ताओं के आगमन का उद्देश्य भी कुछ वैसा ही होता है। वही अंतर महापुरुषों में एवं अवतारों में होता है। महापुरुषों के जीवन निश्चित रूप से प्रेरक होते हैं, अनुकरणीय होते हैं, प्रख्यात एवं लोकप्रिय होते हैं। परंतु अवतारों के जीवन में इन विशेषताओं के अतिरिक्त भी एक विशेषता होती है कि वो कालचक्र की दिशा को परिवर्तित करने के लिए आते हैं।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

# विदेशों में सेवारत भारतीय, भारत की अर्थव्यवस्था पर चोट, प्रभावी अंकुश जरूरी

विगत दो दशकों में प्रतिभा पलायन भारत के लिए एक बड़ी चुनौती बनकर उभरा है। शिक्षा के क्षेत्र में बड़े शिक्षा संस्थानों में भारी-भरकम खर्च के बाद शिक्षित युवक विदेशों में अपनी सेवाएं प्रदान करने को सदैव तत्पर रहते हैं। इसका बड़ा कारण विदेशी मुद्रा की कमाई और विदेशी चकाचौंध के तरफ आकर्षण ही होता है। इससे भारत के आर्थिक तंत्र पर बड़ा भार प्रत्यारोपित होता है। इतना खर्च कर के पढ़ाई करने के बाद भारतीय युवा मस्तिष्क भारत के विकास में योगदान न दें तो देश के लिए विडंबना की भांति है। भारत के इतिहास पर नजर डालें, तो नालंदा, तक्षशिला, शांति निकेतन और पाटलिपुत्र जैसे बड़े शिक्षा के केंद्र रहे हैं। सदैव अलग-अलग देशों से छात्र शिक्षा प्राप्त करने भारत आते रहे हैं। अब ऐसा क्या हो गया है कि भारत से तकनीकी, चिकित्सकीय और संचार माध्यमों, मैनेजमेंट की पढ़ाई के लिए भारत से लगभग दो से ढाई लाख छात्र विदेश में पढ़ने के लिए जाने लगे हैं। वहीं भारत सरकार का सदैव प्रयास रहा है कि विदेशी छात्र हिंदुस्तान में पढ़ाई के लिए देश में आए और और हिंदुस्तानी डिग्री लेकर अपने देश में लौटे। इस तरह भारत सरकार द्वारा भारत को एक बड़ा शिक्षा केंद्र के रूप में स्थापित करना चाहता है। और किसके लिए एक अभियान फेलोशिप कार्यक्रम चलाया गया है। इसके अलावा सरकार द्वारा एक प्रोजेक्ट डेस्टिनेशन इंडिया भी शुरू किया गया है। जिसके अंतर्गत विदेशी छात्रों की प्रवेश की प्रक्रिया को अत्यंत सरल सुगम बनाना है जिससे ज्यादा से ज्यादा छात्र भारत में पढ़ कर डिग्री हासिल करें अभी वर्तमान में भारत में आसियान देशों के निवासी छात्रों की संख्या लगभग सवा दो लाख के करीब है। मानव संसाधन विभाग द्वारा इसे आगामी वर्षों में चार गुना करना चाहती है। आसियान देशों के छात्र भारत में पढ़ने से थोड़ा हिचकिचाते भी हैं,जिसके अनेक कारणों में से अपराधिक गतिविधियां, प्रदूषण, गर्मी, प्रवेश की लंबी लंबी प्रक्रिया, और भारतीय डिग्री की मान्यता नहीं होना भी शामिल है।

भारत में बारह से चौदह ऐसे शिक्षा संस्थान हैं, जो विश्व के 200 मान्यता प्राप्त संस्थानों में शामिल हैं। भारत में शिक्षा प्राप्त करना कम ख़र्च में संभव है, पर भारत के छात्र अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, सिंगापुर में पढ़ना चाहते हैं जहां पढ़ने का खर्च डॉलर में यहां से चार गुना पड़ता है। जबकि भारत में आए छात्रों की पढ़ाई तथा खाने-पीने रहने का खर्च लगभग एक चौथाई होता है, फिर भी भारत के अभिभावक अपने बच्चों को विदेश भेजने में वरीयता देते हैं। भारत द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है कि भारत के विश्वविद्यालयों की शिक्षा की गुणवत्ता विदेशी स्तर पर हो, पर इसमें काफी समय लगने की गुंजाइश भी है। यह भी संभव होगा कि विदेशी विश्वविद्यालयों की शाखाएं भारत में खोल दी जाए और भारत के छात्र भारत में ही रह कर अपनी पढ़ाई पूरी कर सकें। असल चिंता की बात यह है कि विदेश में जाने वाले छात्र वहां पढ़कर वही के संस्थानों में अपनी नौकरी खोज कर वहीं रहने लगते हैं। दूसरा यह है कि यहां की तकनीकी टॉप संस्थानों के होनहार युवक विदेशों में मोटी-मोटी तनख्वाह में नौकरी देख कर विदेश चले जाते हैं, इस तरह भारत सरकार का उन पर किए जाने वाला खर्च का फायदा भारतीय संस्थानों को न होकर विदेशी संस्थाएं उठा ले जाती है। इस तरह प्रतिभा पलायन भारत के लिए और भारतीय शिक्षा पद्धति तथा भारतीय विश्वविद्यालयों के लिए नुकसानदेह भी है। भारत ने आसियान देशों के एक हजार छात्रों के लिए फैलोशिप कि 2018 में योजना बनाकर राशि आबंटित की थी। हर साल 200 से 300 छात्रों को बड़े तकनीकी संस्थानों में डॉक्टरेट की उपाधि देने की योजना बनाई थी। बीते वर्ष केवल आसियान देशों के 45 छात्रों ने पंजीयन करवाया था,इस तरह विकासशील देशों के छात्र भी भारत में पढ़ाई के लिए आकर्षित नहीं हो रहे हैं। मानव संसाधन विभाग को उच्च शिक्षा उपयोगी और व्यवसायिक शिक्षा के रूप में दी जानी चाहिए, जिस की उपयोगिता रोजमर्रा के कामों में हो सके और शिक्षा के माध्यम से युवकों को शत-शत रोजगार प्राप्त हो सके। तभी प्रतिभा पलायन में अंकुश लग हमारी शिक्षा पद्धति की उपयोगिता बढ़ेगी।

**संजीव ठाकुर**

देशबन्धु
संस्कारधानी
5 बिलासपुर
गुरुवार 19 अक्टूबर 2023

उल्टा पुल्टा

कंजूस बाप (बेटे से)- मेरी ख्वाहिश है कि तू बड़ा होकर वकील बने।
बेटा- क्यों?
कंजूस बाप- ताकि मेरा काला कोट तुम्हारे काम आ जाए।

# देश में भूपेश मॉडल का बोलबाला है-पूजा

## कांग्रेस सरकार ने आर्थिक आत्मनिर्भरता की नई इबारत लिखी है

### अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की मीडिया कोआर्डिनेटर पूजा त्रिपाठी ने ली प्रेस वार्ता



**बिलासपुर,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। कांग्रेस की सोशल मीडिया प्रभारी दिल्ली की पूजा त्रिपाठी ने कहा है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 5 साल के कार्यकाल में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए योजना बनाई। प्रदेश में नक्सली घटनाएं कम करने के लिए काम किया। किसानों का कर्ज माफ किया धान खरीदी का मूल्य बढ़ाया और प्रदेश की जनता कांग्रेस सरकार पर पूरा भरोसा कर रही है। पूजा त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा के नेता छत्तीसगढ़ आते हैं तो यहां झूठ बोलकर चले जाते हैं। छत्तीसगढ़ में घटनाओं को लेकर जनता से झूठ बोल रहे हैं।

लेकिन मणिपुर मणिपुर की घटना को लेकर भाजपा के बड़े नेता कुछ नहीं बोलते । पूजा त्रिपाठी ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ सरकार के मॉडल की पूरे देश में तूती बोलती है। महिलाओं के हाथ करने के साथी किसानों के खाते में पैसे भी डाले हैं कर्ज माफ किया और प्रदेश में फिर से कांग्रेस की सरकार बनेगी । कांग्रेस भवन में आज उन्होंने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए काम किया है बेटियों को और महिलाओं को सम्मान देने के लिए मुख्यमंत्री अपने निवास में तीजा पोला में महिलाओं का आमंत्रित कर रहे हैं। तथा युवाओं को भी बेरोजगारी भत्ता देने में पीछे नहीं है। सभी विभागों में भारतीय की जा रही हैं भारतीय की जा रही हैं गोबर खरीदी जैविक खाद के माध्यम से महिलाओं को रोजगार दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब से प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी है नक्सली घटनाओं में 75 की कमी आई है। रमन सरकार के कार्यकाल में क्षीरम घाटी जैसे अनेक बड़ी घटनाएं हुई है। महिलाओं पर सर्वाधिक अत्याचार भाजपा शासन काल में हुए हैं। मणिपुर की घटना को लेकर उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता प्रदेश की कांग्रेस सरकार को लेकर जनता के सामने झूठ बोल रहे हैं। जबकि मणिपुर की घटना में महिलाओं को प्रताड़ित किया जा रहा है महिलाओं पर अत्याचार हो रहे हैं लेकिन अमित शाह कुछ नहीं बोलते राजीव गांधी योजना के माध्यम से भूमिहीन परिवारों को भी उनके खाते में पैसा डालकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है खेल में तथा उद्योग जगत में कांग्रेस सरकार ने रोजगार देने का काम किया है। आज पत्रकार वार्ता के दौरान सर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय पांडे प्रदेश प्रवक्ता अभय नारायण राय, अनिल सिंह चौहान, ऋषि पांडे तथा सुभाष ठाकुर उपस्थित थे। पूर्व महापौर गीता लोधी तथा अजय अग्रवाल भी यहां पहुंचे थे।

## संपादकीय

### सभी सियासी दल संयम बरतें

*छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनावों के लिये प्रमुख राजनैतिक दलों की ओर से न तो अभी सारे उम्मीदवारों की घोषणा हो पाई है और न ही प्रचार ने पूरी गति पकड़ी है, परन्तु लगता है कि अभी से सियासी पारा चढ़ने लगा है। संकेत साफ हैं कि चुनाव जब पूरी सरगर्मी पर होगा बयानों में और भी तेजी आयेगी। चुनावों के ठीक-ठाक शुरू होने के पहले ही यह माहौल दिख रहा है। केन्द्रीय राज्य मंत्री रेणुका सिंह हों या देश के गृह मंत्री अमित शाह, दोनों के बयानों से चुनावी पारा हाई हो रहा है। ऐसे में ज़रूरी है कि सभी दल संयम बरतें।*

*भरतपुर-सोनहत की उम्मीदवार रेणुका सिंह ने कार्यकर्ता सम्मेलन में धमकी दे दी कि उनके किसी कार्यकर्ता की एक उंगली काटी गई तो वे जिम्मेदार व्यक्ति का पूरा हाथ काटकर दूसरे हाथ में थमा देंगी। दो दिनों पहले ही उन्होंने कांग्रेस नेत्री सोनिया गांधी को 'बाहरी' बताते हुए 'धक्के मारकर इटली भेजने' की बात भी कही थी। ऐसे ही, सोमवार को राजनांदगांव में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह द्वारा भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी के रूप में नामांकन भरते समय शाह मौजूद थे। बाद में हुई एक सभा को सम्बोधित करते हुए शाह ने बेमेतरा की उस घटना का जिक्र किया जिसमें ईश्वर साहू नामक युवा की दो गुटों के बीच हुए दंगे में मौत हो गई थी। इसी साल की अप्रैल में हुई इस वारदात में पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए 1 1 लोगों को गिरफ्तार कर लिया था। इसे लेकर हिंदूवादी संगठनों ने छग बन्द का भी आयोजन किया था। उसके कारण अमूनन शांत रहने वाले छग में साम्प्रदायिक तनाव फैल गया था। चूंकि इस प्रदेश के लोगों की सोच व तासीर में ही इस तरह की कट्टरता नहीं है, इसलिये वह मामला थोड़े बहुत विवादों और तनाव के बाद निपट गया था। इतने समय के बाद उस मामले को फिर से उठाना दुर्भाग्यजनक ही कहा जायेगा। विशेष कर इसलिये कि उसे गृह मंत्री जैसे व्यक्ति द्वारा उठाया गया है जिनका काम साम्प्रदायिक तनावों को समाप्त करना होना चाहिये, न कि उसे बढ़ाना। कांग्रेस ने निर्वाचन आयोग में शाह के खिलाफ हेट स्पीच दिये जाने की शिकायत भी दर्ज की है।*

*चुनावों में अपनी उपलब्धियां, कामकाज, घोषणापत्रों पर बातें होनी चाहिये, न कि साम्प्रदायिक, सामाजिक या धार्मिक वैमनस्यता बढ़ाने वाले बयान दिये जाने चाहिये। विरोधी दलों की स्वस्थ आलोचना लोकतांत्रिक परम्परा का हिस्सा है परन्तु वोट पाने के लिये समाज में तनाव फैलाने वाले या विभाजन करने वाले बयानों से बचना चाहिये। चाहे इससे चुनाव जीता जा सकता हो और सरकार भी बनाई जा सकती हो लेकिन ऐसे बयान समाज को दूरगामी और स्थायी नुकसान पहुंचाते हैं। छत्तीसगढ़ शांति का टापू है, बेहतर है कि इसे ऐसा ही रखा रहे।*

## सार-संक्षेप

### जिला न्यायाधीश प्रवेश स्तर परीक्षा के योग्य उम्मीदवारों के प्रवेश पत्र जारी

**बिलासपुर** , 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा 5 नवम्बर 2023 को आयोजित किये जाने वाले जिला न्यायाधीश प्रवेश स्तर परीक्षा 2022 (सीधी भर्ती) एवं जिला न्यायाधीश प्रवेश स्तर परीक्षा 2022 (सीमित प्रतियोगी) हेतु योग्य एवं अयोग्य उम्मीदवारों की सूची एवं योग्य उम्मीदवारों का प्रवेश पत्र छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के वेबसाईट पर उपलब्ध कराई गई है। अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय की वेबसाईट से डाऊनलोड कर सकते है।

### शत प्रतिशत मतदान का संदेश देंगे जिले के विद्यालय

**बिलासपुर,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा निर्वाचन हेतु जिले में मतदाताओं को मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित एवं जागरूक करने विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही है। इसी कड़ी में स्कूल शिक्षा विभाग की निगरानी व पर्यवेक्षण में जिले के सभी विद्यालयों में मतदाता जागरूकता हेतु स्वीप पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसके लिए विकासखण्डवार स्वीप पोस्टर का थीम निर्धारित किया गया है। जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप के जिला नोडल अधिकारी अजय अग्रवाल ने बताया कि प्रतियोगिता में जिले के सभी विद्यालय शामिल होंगे। सभी विद्यालयों को 2 गुना 4 फिट की साईज का मतदाता जागरूकता से संबंधित न्यूनतम एक व अधिकतम दो स्वीप पोस्टर बनाना होगा। पोस्टर में शत प्रतिशत मतदान, बिलासपुर का अभिमान एवं चुनई चिरई का मोनो अनिवार्य रूप से अंकित करना होगा। स्वीप पोस्टर में शाला का नाम एवं विकासखण्ड का उल्लेख अनिवार्य रूप से करें एवं किसी भी राजनैतिक दल का नाम एवं चुनाव चिन्ह अंकित नहीं होना चाहिए। पोस्टर का थीम मतदाता जागरूकता पर आधारित हो। यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों के लिए नहीं अपितु विद्यालय के लिए है। इसका निर्माण विद्यालय प्रबंधन द्वारा शाला स्तर पर कराया जाएगा। पोस्ट निर्माण विद्यालय के विद्यार्थियों के द्वारा किया जा सकता है। प्रतिभागी विद्यालय अपने पोस्टर को सोशल मीडिया पर शेयर कर सकते है। प्रत्येक विद्यालय से पोस्टर संग्रहित करने हेतु विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी को नोडल एवं विकासखण्ड स्त्रोत केंद्र समन्वयक को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। नोडल द्वारा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में संकुलवार पोस्टर जमा कराकर तथा बंडल बनाकर जिला परियोजना कार्यालय बिलासपुर में विकासखण्डवार प्रभारी अधिकारी के पास जमा करना होगा। प्रभारियों को 30 अक्टूबर तक कार्यालयीन दिवस में जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा बिलासपुर जिला पंचायत परिसर द्वितीय तल में पोस्टर जमा करना होगा। विकासखण्डों द्वारा प्रस्तुत स्वीप पोस्टर का जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रदर्शन किया जाएगा। प्रत्येक विकासखण्ड के श्रेष्ठ दस पोस्टर का चुनाव कर संबंधित विद्यलाय को पुरस्कृत किया जाएगा। निजी विद्यालयों से समन्वय स्थापित कर स्वीप पोस्टर के निर्माण एवं सहभागिता की जिम्मेदारी डॉ. मुकेश पाण्डेय सहायक कार्यक्रम समन्वयक समग्र शिक्षा बिलासपुर की होगी।

### विश्व खाद्य दिवस पर हंगर फ्री बिलासपुर ने बताई जल अन्न की महत्ता



**बिलासपुर** , 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। आज विश्व खाद्य दिवस पर सामाजिक संस्था हंगर फ्री बिलासपुर द्वारा रेल्वे स्टेशन के पास भोग भंडारे का आयोजन किया गया। संस्था के संस्थापक सतराम जेठमलानी ने कहा कि हमारा देश कृषि प्रधान देश है और हमारा छत्तीसगढ़ तो धान के कटोरे के नाम से प्रसिद्ध है और धान के लिए सवसे अधिक पानी की आवश्यकता होती है बांध और नहरो के भरपूर विकास के बावजूद यहां का अन्न दाता किसान मानसून पर निर्भर करता है इसलिये अन्न और जल की महत्ता उनके सिवा कौन बेहतर जान सकता है । संस्था के सदस्यो राजेश खरे , राम हिंदूजा , चंदर मंगतानी , मनोज सरवानी , रेखा आहुजा , महेन्द्र माखीजा , आर्ची लालवानी , भाग्य श्री मजूमदार , विकास घई , सच्चा नंद मंगलानी व नवीन पंजवानी तथा रेशु जेठमलानी द्वारा आने जानें यात्रियों के बीच भोजन व मिष्ठान व फल का वितरण किया गया ।

# मां सतबहनियां दाई मंदिर में धूमधाम से मनाया जा रहा नवरात्र पर्व





**बिलासपुर,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नवरात्रि पर्व कुदुदण्ड स्थिति मां सतबहनियां दाई मंदिर में धूमधाम से मनाया जा रहा है। प्रति दिन सुबह और शाम मां सतबहनियां दाई की आरती के साथ दोपहर में और रात्रि में भजन-कीर्तन के साथ जस गीत का आयोजन किया है।

इस वर्ष मां सतबहनियां दाई की मंदिर प्रांगण में जगत जननी मां दुर्गा जी की प्रतिमा की स्थापना किया गया है। नवरात्रि पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया जा रहा है मंदिर में मनोकामना ज्योति कलश भी प्रज्वलित किया गया है। मोहल्ले और आस-पास के लोग मां के दरबार में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं गण पहुंच रहे हैं। मंदिर में पंडित बद्री प्रसाद मिश्रा द्वारा प्रतिदिन दुर्गा सप्तशती का पाठ किया जा रहा है।

मंदि समिति के सदस्यों द्वारा सुबह शाम भोग प्रसाद की व्यवस्था किया जा रहा है। 22 अक्टूबर को अष्टमी का हवन कार्यक्रम मंदिर में शाम 5 बजे होगा जिसमें सभी श्रद्धालुओं से अनुरोध है समय पर आकर हवन-यज्ञ करें । समिति के सदस्यों में श्रीमती जमुना सोनी, श्रीमती सुशीला सोनी, घसनीन यादव, राजकुमारी कश्यप, आर. बी. सोनी, इंद्राणी गहलोत, श्यामा उपाध्याय, गंगोत्री निर्मलकर, मधु मानिकपुरी, काजल कश्यप, सुषमा मराठा, शिवानी कश्यप, सहोदरा सोनी, सरिता वासिंग, रमा तिवारी, रिता वासिंग, सुभ्रा वासिंग, सुनिता सोनी, सीमा चौहान, शिव कुमारी पाठक, किशोर वासिंग, अन्नपूर्णा कश्यप, सोनप्रभा मिश्रा, सीता कश्यप, संतोषी विश्वकर्मा, रुपा कश्यप, सतरुपा धुव, सरला मानिकपुरी, फूल बाई, सरस्वती, रूखमणी तिवारी, कल्याणी सोनी, इंद्राणी सोनी, करूणा सोनी, गुलशन सोनी, सविता तिवारी, लक्ष्मी सोनी, भारती सोनी, गौरी सोनी, गिरजा सोनी आदि महिला सदस्यों के साथ साथ समिति के संरक्षक में पवन सोनी, भोगी राम यादव, ईश्वर सोनी, सुरित राम कश्यप, छेदी मिश्रा, राधे मरावी के द्वारा मंदिर में अपने सेवाएं दे रहे हैं।

### अपर कलेक्टर शिवकुमार बनर्जी होंगे नये उप जिला निर्वाचन अधिकारी



**बिलासपुर** , 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। अपर कलेक्टर शिवकुमार बनर्जी को बिलासपुर जिले का नया उप जिला निर्वाचन अधिकारी बनाया गया है। डिप्टी कलेक्टर महेश शर्मा की जगह उन्हें यह दायित्व सौंपा गया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, रायपुर द्वारा श्री बनर्जी को उप जिला निर्वाचन अधिकारी बनाने के जिला प्रशासन के प्रस्ताव का अनुमोदन भी कर दिया गया है।

### स्वीप की पतंग सजाकर जीतें आकर्षक पुरस्कार

**बिलासपुर** , 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले में स्वीप कार्यक्रम के तहत मताधिकार के प्रति युवाओं एवं आम नागरिकों को जागरूक करने के लिए महाविद्यालयों में स्वीप पतंग सजाओं प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसमें महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं के अलावा जिले के आम नागरिक भी भाग ले सकेंगे। स्वीप पतंग सजावट कर पतंग जमा करने की अंतिम तिथि 24 अक्टूबर तक है। सर्वश्रेष्ठ सजावट करने वाले प्रथम 25 प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप के जिला नोडल अधिकारी अजय अग्रवाल ने बताया कि प्रतिभागी बाजार से पतंग खरीदकर स्वयं सजावट करने के साथ ही स्वयं पतंग निर्माण कर इसकी सजावट कर सकते है। प्रत्येक पतंग में शत प्रतिशत मतदान, बिलासपुर का अभिमान एवं चुनई चिरई का मोनो एवं प्रतिभागी का नाम, मोबाईल नंबर अवश्य लिखा होना चाहिए। प्रतिभागियों को यह भी ध्यान रखना होगा कि उनके द्वारा सजाई गई पतंगों में किसी भी राजनैतिक दल का चिन्ह, नाम एवं किसी अभ्यर्थी आदि का उल्लेख न हो। पतंग सजावट पूर्णतः निष्पक्ष व तटस्थ मतदान की थीम पर आधारित होना चाहिए।

# व्यापारी संघ पुलिस लाइन में करेगा रावण दहन

### विधायक शैलेष करेंगे पुतला दहन

### आचार संहिता के चलते नगर निगम नहीं कर रहा आयोजन




**बिलासपुर** , 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। बिलासपुर के पुलिस ग्राउंड में इस बार व्यापारियों द्वारा दशहरा उत्सव मनाया जाएगा। समस्त व्यापारी दशहरा उत्सव समिति बिलासपुर के द्वारा दशहरा महोत्सव भव्य रूप से मनाया जाएगा आचार संहिता लागू होने के कारण नगर निगम इस आयोजन को नहीं कर रही है, जिसके कारण शहर के तमाम व्यापारियों ने एकजुट होकर दशहरा उत्सव मनाने का निर्णय लिया है। इसके लिए एक समिति का भी गठन किया गया है । जिसमें अध्यक्ष देवीदास वाधवानी को बनाया गया है। वही कार्यकारी अध्यक्ष छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष संजय मित्तल, विनोद मेघानी और प्रकाश ग्वालानी को बनाया गया है। मुख्य सलाहकार के रूप में सुनील सोनथालिया,जितेंद्र गांधी,कमल विधानी, पवन वाधवानी,उपाध्यक्ष राजेश अग्रवाल,राजू सलूजा, अनिल सलूजा, दीपक गोयल। महासचिव प्रकाश सोनथलिया। सचिव गणेश अग्रवाल। कोषाध्यक्ष जयप्रकाश मित्तल। सह कोषाध्यक्ष बजरंग अग्रवाल सह सचिव सत्येंद्र खूंटे,नटवरअग्रवाल,दीपक गोयल मुकेश अग्रवाल,विपिन जाजोदिया,चंदन कनोडिया को जिम्मेदारी दी गई है।

बिलासपुर प्रेस क्लब में पहुंचे व्यापारी संघ के संजय मित्तल ने बताया कि इस बार उनके कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शहर विधायक शैलेश पांडेय मौजूद रहेंगे। उनके साथ तमाम व्यापारी विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल होंगे।श्री मित्तल ने बताया कि पुलिस ग्राउंड में इस बार तीन पुतले दहन किये जाएंगे जिसमें एक रावण का होगा दूसरा निजात अभियान का होगा जिसमें नशे से बर्बाद होने का संदेश दिया जाएगा। इसी तरह तीसरा पुतला ऑनलाइन मार्केटिंग का होगा विभिन्न कंपनियों द्वारा ऑनलाइन के जरिए ग्राहकों को दी जा रही सेवाओं की वजह से व्यापार का उत्साह कमजोर पड़ गया है।

इस कारण व्यापारी ऑनलाइन मार्केटिंग का विरोध करते हुए एक पुतला ऑनलाइन मार्केटिंग का भी जलाने का निर्णय लिया है। रावण 60 फीट का होगा जिसे मुख्य अतिथि द्वारा जलाया जाएगा। पहले की तरह आतिशबाजी और विभिन्न प्रकार के आयोजन भी किए जाएंगे। व्यापारियों ने आमजन से अपील की है कि पहले की तरह इस बार भी पुलिस ग्राउंड में होने वाले 24 अक्टूबर के दशहरा उत्सव में शामिल होकर व्यापारी संघ के इस प्रयास को सफल बनाएं।

# तीन दिवसीय रास गरबा में झूमे लोग

## 1996 में गरबा की प्रथम शुरुआत करने वाले रमेश गुप्ता को महिला मंडल ने विशेष रत्न से सम्मानित किया





**बिलासपुर,**18 अक्टूबर(देशबन्धु)। चंद्रपुरिहा कसौंधन वैश्य गुप्ता समाज महिला मंडल के तत्वाधान में तीन दिवसीय रास गरबा कार्यक्रम संपन्न हुआ। सामाजिक भवन में संपन्न उक्त कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती आद्रजा तिवारी थीं श्रीमती आदर्श तिवारी मैक्सिम कंसल्टेंसी के संस्थापक की पत्नी है कार्यक्रम के आरंभ में मां दुर्गा की घट स्थापना कर आरती किया गया। उसके पश्चात अध्यक्ष प्रभा गुप्ता सचिन शुभ्रा गुप्ता एवं कोषाध्यक्ष बबली गुप्ता के द्वारा मुख्य अतिथि का शॉल पुष्प गुच्छ एवं श्रीफल से सम्मान किया गया इस शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि ने अपने सारे गर्भित उद्बोधन में कहा कि लगातार 26 वर्षों से आयोजन करते रहना बड़ी उपलब्धि है इसके लिए महिला मंडल के सभी सदस्य बधाई के पात्र हैं तीन दिवसीय रास गरबा में समाज से श्रीमती सविता अनिल गुप्ता ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। रास गरबा कार्यक्रम में अंतिम दिन बालिका वर्ग में प्रथम मौली गुप्ता द्वितीय आराध्या गुप्ता तृतीय शनवी गुप्ता और विशेष पुरस्कार शैव्या गुप्ता , नित्या गुप्ता को दिया गया बालक वर्ग में प्रथम हर्ष गुप्ता द्वितीय मानस गुप्ता तृतीय संस्कार गुप्ता और विशेष पुरस्कार अवि गुप्ता और स्पर्श गुप्ता को दिया गया । नवयुवती वर्ग में प्रथम पलक गुप्ता द्वितीय क्षमा गुप्ता तृतीय सिद्धि गुप्ता और विशेष पुरस्कार आस्था और आद्या को दिया गया महिला वर्ग में प्रथम पुरस्कार सुषमा गुप्ता द्वितीय दीपाली शाह तृतीय शारदा गुप्ता और विशेष पुरस्कार सपना गुप्ता और नेहा गुप्ता को दिया गया प्रतियोगिता का निर्णय कोरियोग्राफर प्रिंस कश्यप के द्वारा दिया गया। सभी प्रतियोगियों को गुजराती ड्रेस का थीम दिया गया था कार्यक्रम के तीनों दिन प्रसाद वितरण किया गया । कल 70 प्रतियोगियों में भाग लेकर अपने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। 1996 में गरबा की प्रथम शुरुआत करने वाले रमेश गुप्ता (मीडिया प्रभारी एवं पूर्व अध्यक्ष नवयुवक चन्द्रपुरिहा समाज बिलासपुर) को महिला मंडल ने विशेष रत्न से सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्षा श्रीमती प्रभा गुप्ता के द्वारा बड़े समाज के सदस्यों शिव प्रताप साव सुधीर गुप्ता कुंज बिहारी गुप्ता आशीष गुप्ता राजीव गुप्ता आशुतोष साव, रमेश गुप्ता, कृष्णकांत गुप्ता अश्वनी गुप्ता संतोष गुप्ता प्रवीण गुप्ता लक्ष्मी कांत गुप्ता का सम्मान किया। पूरे कार्यक्रम में मधु राकेश गुप्ता संगीता , आरती, तृप्ति , उषा , वंदना ,सपना शिल्पा ,सुषमा ,अंजू, सीमा अशोक गुप्ता मधु , कुसुम , दीपा गुप्ता और बहुत सदस्य शामिल थे । महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती प्रभा गुप्ता सचिन शुभ्रा गुप्ता एवं कोषाध्यक्ष बबली गुप्ता ने महिला मंडल के सभी सदस्यों और नवयुवक समाज, वैश्य समाज के सभी सदस्यों का बहुत-बहुत धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया है।

### शांता फाउंडेशन ने भिक्षुओं को कराया भोजन



**बिलासपुर,**18 अक्टूबर (देशबन्धु)। शांता फाउंडेशन नवरात्रि के 9 दिन विशेष सामाजिक कार्यक्रम करने का उद्देश्य बनाया गया है। जिसमें नवरात्रि के चतुर्थ दिवस शांता फाउंडेशन परिवार के द्वारा भिक्षुक भोजन गेमनानी निवास मेन रोड तोरवा में करवाया गया इस दौरान नीरज गेमनानी,रूपाली पांडेय,पवन भोंसले,डी निहारिका राव उपस्थित रहे।

## ऊर्जाधानी में नवरात्रि की धूम



सुभाष चौक निहारिका के निकट आरपी नगर फेस-1 दशहरा मैदान में बना पूजा पंडाल पूरे नगर में चर्चा का विषय बना है। मां दुर्गा के विविध स्वरूपों के साथ-साथ राधा=कृष्ण, हनुमान, श्री गणेश, सरस्वती व अन्य के पोस्टरों के साथ निर्मित पंडाल के सबसे ऊपर महादेव की नंदी पर सवार प्रतिकृति दर्शकों को श्रद्धा और रोमांच से परिपूर्ण कर रही है।



पुराना बस स्टैण्ड कोरबा में तैयार हो रहा माता का विशाल पंडाल। भगवान गौतम बुद्ध के शांति का संदेश देते हुए तैयार किए जा रहे पंडाल का आकर्षण देखते ही बनता है। गौतम बुद्ध की प्रतिमा भी यहां स्थापित होगा। कोलकाता के कुशल कारीगर अंतिम रूप दे रहे हैं।



ऐतिहासिक व राजघराना परिवार के रानी रोड चौक स्थित मंदिर में धूमधाम से दुर्गा पूजा उत्सव का आयोजन हो रहा है।



सर्वमंगला मार्ग में नव दुर्गा पूजा उत्सव समिति द्वारा दुर्गा पूजा का आयोजन किया जा रहा है। सर्वमंगला स्व सहायता समूह वार्ड क्र. 1 के समस्त पदाधिकारी व सदस्य इसमें जुटे हैं।



इंदिरा विहार टीपी नगर में टैगोर उद्यान के निकट आकर्षक पंडाल में विराजमान मां भवानी भक्तों को दर्शन दे रहीं हैं।



एमपी नगर कालोनी में 9 स्वरूपों के साथ विराजमान मां दुर्गा की मनोहारी छटा देखते ही बनती है।



सार्वजनिक दुर्गा पूजा उत्सव समिति पथर्रीपारा इंदिरा चौक में विराजित मां दुर्गा का दर्शन करते भक्तगण।

## औचक निरीक्षण पर थाना-चौकी पहुंचे एसपी

**कोरबा,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। नव पदस्थ एसपी जितेंद्र शुक्ला ने शहर की थाना-चोकियों का औचक निरीक्षण किया। एसपी मंगलवार रात लगभग 11 बजे मानिकपुर चौकी, कोतवाली थाना और सीएसईबी चौकी पहुंचे। यहां स्टाफ से जांच अभियान के संबंध में जानकारी ली गई। एसपी के आने की जानकारी थाना-चौकी प्रभारियों को नहीं थी। सभी थाना-चौकियों में एसपी द्वारा वाहनों की सघन जाच करने निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने देखा कि कहां-कहां जांच चल रही है। मानिकपुर चौकी, सीएसईबी चौकी और कोतवाली थाना में पुलिस कर्मचारी अपने ड्यूटी पर तैनात मिले। इस दौरान एसपी ने सभी को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

## कोरबा जिले में साफ हुई प्रत्याशियों की तस्वीर



# कांग्रेस का पुरूषोत्तम पर फिर भरोसा, रामपुर में फूल सिंह और तानाखार में दुलेश्वरी को टिकट

### टिकट हासिल करने वाले दावेदारों के खेमे में जश्न का माहौल

**कोरबा,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति ने छत्तीसगढ़ राज्य की 90 विधानसभा के लिए पहले 30 और फिर 53 उम्मीदवारों की सूची जारी की है। पहली सूची में कोरबा विधायक जयसिंह अग्रवाल को टिकट दी गई। दूसरी सूची आज घोषित की गई जिसमें उन्हीं नामों पर मुहर लगाई गई जिनकी चर्चा घोषणा से पहले जोरों पर थी। भाजपा के बाद अब कांग्रेस ने भी अपने पत्ते खोल दिए हैं जिससे कोरबा जिले की चारों विधानसभा सीटों के लिए तस्वीर पूरी तरह साफ हो गई है। टिकट हासिल करने वाले दावेदारों के खेमे में अभी से जश्न का माहौल है।

आज घोषित सूची में कांग्रेस की दूसरी सूची में कोरबा जिले की



रामपुर विधानसभा के लिए फूलसिंह राठिया, कटघोरा विधानसभा के लिए मौजूदा विधायक पुरुषोत्तम कंवर एवं पाली-तानाखार विधानसभा के लिए श्रीमती दुलेश्वरी सिदार को प्रत्याशी बनाया गया है। काफी कोशिशों के बाद भी पाली-तानाखार के विधायक मोहितराम केरकेट्टा की टिकट कटने से नहीं बच पाई। इसी तरह रामपुर विधानसभा से टिकट के लिए जोर लगा रहे पूर्व विधायक श्यामलाल कंवर और उनके पुत्र मोहिन्दर उर्फ टीटू को भी टिकट नहीं मिली है। प्रत्याशी घोषित होने के बाद संबंधित सभी विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव प्रचार जोर पकड़ेगा।

### कांग्रेस ने दिया एक महिला को मौका, ओबीसी की मांग रह गई

कांग्रेस संगठन के नेताओं ने महिलाओं को चुनाव में मौका दिए जाने की बात कही थी और इसके बाद से उम्मीद थी कि कोरबा जिले की कोई एक सीट महिला दावेदार को मिल सकती है। इसमें कटघोरा विधानसभा से श्रीमती रीना अजय जायसवाल का भी नाम पाली-तानाखार विधानसभा से पाली जनपद के अध्यक्ष श्रीमती दुलेश्वरी सिदार के साथ-साथ चल रहा था। रामपुर विधानसभा के लिए धनेश्वरी कंवर का भी नाम उछला। अंततः तानाखार के विधायक की टिकट काट कर दुलेश्वरी सिदार को मौका दिया गया है। इसके साथ ही कटघोरा विधानसभा से ओबीसी वर्ग का प्रत्याशी घोषित किए जाने की उठ रही मांग पूरी नहीं हुई। यहां से पूर्व विधायक बोधराम कंवर अपने पुत्र को दोबारा टिकट दिला पाने में कामयाब रहे।

### कांग्रेस-भाजपा में सीधा मुकाबला

कांग्रेस-भाजपा के प्रत्याशियों में ही सीधा मुकाबला है। कोरबा विधानसभा से जयसिंह अग्रवाल-लखन लाल देवांगन, कटघोरा में पुरूषोत्तम कंवर-प्रेमचंद पटेल, रामपुर में फूलसिंह राठिया-ननकीराम कंवर तथा पाली तानाखार विधानसभा में दुलेश्वरी सिदार एवं रामदयाल उइके में सीधी टक्कर होगी। तानाखार में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से चुनाव लड़ रहे तुलेश्वर सिंह मरकाम कांग्रेस और भाजपा को टक्कर देंगे और यहां त्रिकोणीय मुकाबला होने से चुनाव दिलचस्प होगा। वर्तमान में रामपुर विधानसभा को छोड़कर शेष तीन सीटों पर कांग्रेस काबिज है। देखना होगा कि आने वाले दिनों में मतदान के बाद परिणाम किस करवट बैठेगा।

## किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी 3 युवकों को 20-20 वर्ष की कैद

**कोरबा,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। माता-पिता के घर पर नहीं होने का फायदा उठाकर चचेरी बहन से दुष्कर्म करने और बाद में धमकी देकर इस सिलसिले को दोहराने के मामले में विशेष न्यायाधीश फास्ट्रेक के द्वारा तीन आरोपियों को 20-20 साल की सजा और 3500 रुपए का अर्थदण्ड से दंडित किया गया है। आरोपियों में से दो पीड़िता के चचेरे भाई हैं।

न्यायालयीन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अपर सत्र न्यायाधीश पास्को श्रीमती स्वर्णालता टोप्पो, कटघोरा के द्वारा धारा 376, 506 और पॉक्सो एक्ट से संबंधित एक मामले में यह निर्णय दिया गया। घटना दीपका पुलिस थाना क्षेत्र अंतर्गत सितंबर 2021 में हुई थी। घर पर 14 वर्षीय किशोरी अकेली थी और उसके माता-पिता काम करने के लिए नजदीक में ही गए हुए थे। मौके का फायदा उठाकर पहले दिन चचेरे भाई ने उससे दुष्कर्म किया, अगले दिवस दूसरे भाई ने फिर ऐसा ही किया और इसके लिए पहले दिन वाली घटना को लेकर बातचीत की और इसे सबको बता देने के लिए धमकी दी। घटना के तीसरे दिवस जागेश्वर दास नामक व्यक्ति ने भी किशोरी के साथ दुष्कर्म किया।

आखिरकार पीड़िता ने इस घटना से माता-पिता को अवगत कराया। इसके बाद वे पीड़िता के साथ दीपका थाना पहुंचे और रिपोर्ट दर्ज कराई। आवश्यक औपचारिकताओं के साथ पुलिस ने धारा 376, 506 भादवि और पॉक्सो एक्ट की धाराओं में अपराध दर्ज किया। पुलिस ने प्रकरण को विचारण के लिए न्यायालय में प्रस्तुत किया। न्यायालय में प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर आरोपी दोष सिद्ध पाये गए।

## वाहन चेकिंग पॉइंट पर 10 लाख का सोना-चांदी जब्त



**कोरबा,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। दीपका पुलिस ने चुनाव के मद्देनजर नोनबिर्रा-पाली मार्ग में वाहनों की चेकिंग के दौरान पाली की ओर से आ रहे मारुति वेगानार कार की जांच में बिना कागजात वाले आभूषण बरामद किए हैं। कार सवार ने अपना नाम चंद्रकांत सोनी पिता अजय सोनी 33 वर्ष निवासी बलौदा जिला जांजगीर बताया। कार को चेक करने पर डिक्की में रखे करीबन 9 किलो ग्राम चाँदी व करीबन 50 ग्राम सोने का आभूषण कीमती करीबन 10 लाख रूपये मिला जिसके संबंध में बिल मांगने पर कोई बिल पेश नहीं किया। उक्त वस्तु संदिग्ध होने पर धारा 102 जा.फौ. के अंतर्गत विधिवत कार्यवाही किया गया है।

# गांधी चौक उत्सव समिति मना रहा दुर्गा पूजा की सिल्वर जुबली

### स्टार नाईट आयोजन की श्रृंखला यहीं से शुरू हुई

**कोरबा,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। कोरबा शहर व तत्कालीन अपेक्षाकृत विकास की राह पर अग्रसर ऊर्जाधानी में दुर्गा पूजा का उत्सव मनाने की परंपरा दशकों पुरानी है। शहर के मध्य गांधी चौक में भी विगत 25 वर्षों से दुर्गा पूजा का आयोजन किया जा रहा है और इस वर्ष गांधी चौक उत्सव समिति आयोजन की 25वीं वर्षगांठ मना रहा है। आयोजन को लेकर गांधी चौक व आसपास के युवाओं में हर्ष और उत्साह व्याप्त है।

गांधी चौक उत्सव समिति के द्वारा 25 साल पहले वर्ष 1998 में दुर्गा पूजा की शुरुआत की गई। विशालकाय पीपल के वृक्ष के नीचे पण्डाल में मां की मूर्ति स्थापित कराई गई। यहां दुर्गा उत्सव की शुरुआत



समिति के संस्थापक सदस्यों योगेश जैन पप्पू, राजेन्द्र जायसवाल, दिनेश सोनी, विजय पारेख, खुशाल चौहान, सतीश तुली, केसर सिंह राजपूत व अन्य के द्वारा गांधी चौक के वरिष्ठजन मुरलीधर रेलवानी, अमरेश सिंघानिया, गोविंद मित्तल के सहयोग से किया गया। सराफा व्यापारी स्व. बजरंग सोनी की आयोजन की शुरुआज में खासी भूमिका रही। उस दौर में पहली बार स्टार नाईट का आयोजन गांधी चौक उत्सव समिति के द्वारा कराया गया। कोरबा में पहली बार फिल्मी स्टार और वर्तमान में हास्य कार्यक्रम के होस्ट कपिल शर्मा बुलाए गए। जुदाई जैसी अनेक हिट फिल्मों की अभिनेत्री उपासना सिंह को भी बुलाया गया व उपासना नाईट कार्यक्रम में दर्शकों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। अलग-अलग वर्षों में समिति के द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में फिल्म स्टार आयशा जुल्का, कबीर बेदी, सोनू वालिया जैसे कलाकार प्रस्तुति देने पहुंचे। इनके अलावा राष्ट्रीय स्तर के भजन, जागरण गायकों व सांस्कृतिक संध्या के आयोजन भी होते रहे।

गांधी चौक उत्सव समिति के द्वारा दुर्गा पूजा की इस श्रृंखला को अनवरत् जारी रखा गया है। वरिष्ठों के मार्गदर्शन व सहयोग से युवाओं की टीम आयोजन को संपन्न करा रही है। यहां गांधी चौक परिसर में नवरात्रि की प्रथम तिथि से मां दुर्गा की प्रतिमा विराजित कर विधि-विधान से सुबह-शाम पूजा-अर्चना, आरती पश्चात भोग-प्रसाद का वितरण किया जा रहा है। आयोजन में खुशाल चौहान, सुरेश विधवानी, धनराज सिंह, बजरंग वैष्णव, दीपक चौधरी, पवन कुमार शर्मा, सन्नी सिंह राजपूत गोलू, अभिमन्यु अग्रवाल, नितेश सिंह, ओम सिंह सहित अन्य युवाओं तथा गांधी चौक वासियों का सहयोग प्राप्त हो रहा है।

## कोरबा टाप सिंगर का चयन के लिए कलाकार आमंत्रित

**कोरबा,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। यंग मेन एसोसियेशन श्री काली पूजा समिति द्वारा हर वर्ष की तरह हस वर्ष भी 30वें वर्ष कोरबा टॉप सिंगर के चयन हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रम त्रिशूल का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में भाग लेने वाले इच्छुक कलाकार आमंत्रित हैं। कलाकार 10 नवंबर तक अपना आवेदन सचिव राजेश चक्रवर्ती 8085011691 एवं रमेश शर्मा 9770107701 से संपर्क कर सकते हैं। समति के सचिव ने बताया कि कलाकार-गायक किसी भी गायक, गायिका के गीत गा सकते हैं।

## चन्द्रभूषण की स्मृति में 100 बेल और बादाम के पौधे भेंट किए

### भारत समेत 11 देशों से शुभचिंतकों ने अर्पित की श्रद्धांजलि

**कोरबा,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। कोरबा (बरपाली) की माटी में जन्मे व जनता दल यूनाईटेड के जिलाध्यक्ष रहे चन्द्रभूषण महतो ने सदैव अपना जीवन निन्स्वार्थ, दूसरों की तकलीफों को दूर करने में बिताया। उनका राजनीतिक सफर सदैव क्षेत्रीय जनसमस्याओं के निराकरण में बीता। गत 7 अक्टूबर को आकस्मिक निधन से जिले में शोक की लहर व्याप्त रही। 17 अक्टूबर को उनके दशगात्र के अवसर पर परिजनों ने आये हुए मेहमानों को श्रीमद्भागवत गीता एवं 100 बेल एवं बादाम के पौधे भेंट स्वरूप प्रदान किए। सभी ने 20 अक्टूबर को श्री महतो के जन्म दिवस के अवसर पर संकल्प के साथ रोपित करने का वचन दिया।

बता दें कि श्री महतो ने वर्ष1998 में कटघोरा एवं 2003 में कोरबा विधानसभा से चुनाव लड़ा था। 2003 में उनके चुनाव प्रचार में पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. रामविलास पासवान एवं लालू यादव की कोरबा में विशाल जनसभा हुई थी। कर्मचारी संघ में भी श्री महतो की पहचान एक संघर्षशील नेता के रूप में रही। बेनीराम साहू के साथ मजदूर संघ में, भारतीय मजदूर संघ, इंटक, हिन्द मजदूर सभा के कोरबा इकाई के अध्यक्ष, सीटू के सक्रिय सदस्य रहे। श्री महतो अंतिम वर्षों में मेडिकल कालेज कोरबा में सुविधाओं के विस्तार के लिए जूझते रहे। उनके प्रयासों से ही पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में सिर्फ कोरबा में ही मरीजों का डायलिसिस मशीन का सेटअप लगना संभव हो सका जहां निन्शुल्क डायलिसिस हो पा रहा है।श्री महतो सदैव गंभीर बीमारियों के ईलाज में शासन की योजनाओं को जनमानस तक लाभ दिलाने में प्रयासरत रहे, उनका राज्य शासन को अंतिम पत्र भी अंगदान करने वालों के राजकीय सम्मान के विषय को लेकर रहा। सडक़, पानी, बिजली, के लिए उन्होंने आजीवन सैकड़ों चक्काजाम और जनांदोलन किये। इन्ही गहरी स्मृतियों के साथ उन्हें बरपाली में हजारों लोगों ने दशगात्र कार्यक्रम में श्रद्धांजलि अर्पित की।

## अपर कलेक्टर प्रदीप साहू रामपुर, श्रीकांत कोरबा, रिचा कटघोरा और पाली तानाखार के पैंकरा आरओ नियुक्त

कोरबा, 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत कोरबा जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों के लिए निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के पश्चात् अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन की प्रक्रिया प्रारंभ होगी।

भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार के मार्गदर्शन में रिटर्निंग ऑफिसर के कक्ष तैयार किए गए हैं। जिले में नाम-निर्देशन संबंधी आवश्यक कार्यवाही हेतु अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू को विधानसभा क्रमांक 20-रामपुर के लिए रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी तरह विधानसभा क्रमांक-21 कोरबा हेतु अनुविभागीय अधिकारी कोरबा श्री श्रीकांत वर्मा, विधानसभा क्रमांक 22-कटघोरा हेतु अनुविभागीय अधिकारी कटघोरा सुश्री रिचा सिंह तथा विधानसभा क्रमांक 23- पाली-तानाखार हेतु अनुविभागीय अधिकारी पोड़ी-उपरोड़ा हरिशंकर पैंकरा को अधिसूचित किया गया है। विधानसभा क्रमांक 20-रामपुर के लिए सहायक रिटर्निंग अधिकारी राहूल कुमार पाण्डेय तहसीलदार, सत्यपाल प्रताप राय तहसीलदार, विधानसभा क्रमांक 21-कोरबा के लिए सहायक रिटर्निंग अधिकारी राजेन्द्र भरत, मनीष देव साहू तहसीलदार, क्रमांक 22-कटघोरा के लिए सहायक रिटर्निंग अधिकारी विष्णु प्रसाद पैंकरा भूषण सिंह मरावी तहसीलदार, क्रमांक 23-पाली-तानाखार के लिए सहायक रिटर्निंग अधिकारी किशोर कुमार शर्मा, सूर्य प्रकाश केशकर तहसीलदार को सहायक रिटर्निंग अधिकारी बनाया गया है।

# घर से मतदान के लिए वृद्ध और दिव्यांग मतदाताओं से भरवाए गए सहमति पत्र

### पहली बार निर्वाचन आयोग दे रहा सुविधा

**कोरबा,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव में निर्वाचन आयोग ने पहली बार 80 साल या उससे अधिक उम्र के मतदाताओं और 40 प्रतिशत से अधिक के दिव्यांगों को घर बैठे वोट देने की सुविधा दी है। जिले में 15637 मतदाताओं को इसकी सुविधा मिलेगी। इसमें लगभग 9789 मतदाता 80 साल या उससे अधिक उम्र के हैं। लगभग 5848 मतदाता 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग हैं। इसके लिए वृद्ध और दिव्यांग मतदाताओं से सहमति पत्र भरवाए गए हैं।

पिछले दिनों निर्वाचन आयोग के निर्देश अनुसार एसडीएम श्रीकांत वर्मा के द्वारा बीएलओ व सेक्टर अधिकारियों सहित पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण इस कार्य के लिये दिया गया। बीएलओ के द्वारा 80 प्लस एवं दिव्यांग मतदाताओं की उपलब्ध कराई गई सूची के आधार पर उनके घर जाकर सहमति पत्र पर हस्ताक्षर कराए गए। इसके पश्चात फार्म-12 घ भरा गया व उसमें भी हस्ताक्षर लिए गए। वांछित जानकारियों के साथ



इन्हें जमा कराया गया है। सहायक रिटर्निंग आफिसर के द्वारा अग्रिम कार्रवाई पश्चात संबंधित मतदाताओं को घर से मतदान करने की सुविधा मिलेगी। इस दौरान ऐसे भी वृद्ध व दिव्यांग मतदाता मिले जो दिवंगत हो चुके हैं या मतदान केन्द्र छोड़कर जा चुके हैं। इनकी भी जानकारी निर्वाचन विभाग द्वारा ली गई है।

बता दें कि विधानसभा चुनाव में ड्यूटी करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को ही पहले पोस्टल बैलेट जारी होता था। इसी तरह पहली बार दिव्यांगों और बुजुर्गों को घर में ही वोट देने के लिए पोस्टल बैलेट जारी किया जाएगा। इसकी तैयारी भी चल रही है। चारों विधानसभा क्षेत्रों मतदाताओं की संख्या 9 लाख 18 हजार 358 है।

### मतदान केन्द्र जाने के इच्छुक लोगों से भी ली गई सहमति

8 प्लस तथा 4 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाताओं के लिए घर बैठे मतदान करने के संबंध में सहमति पत्र क्र. 1 में पावती प्राप्त की गई। इनमें ऐसे भी मतदाता हैं जो वृद्धावस्था और दिव्यांग होने के बावजूद मतदान केन्द्र पर जाकर मतदान करना चाहते हैं, सूची में दर्ज नाम के अनुसार उनसे भी सहमति पत्र क्र.2 में पावती प्राप्त की गई है। इस बात की सहमति दी गई है कि उन्होंने प्रारूप 12 घ में आवेदन नहीं किया है और स्वयं केन्द्र जाकर मतदान करने में सक्षम हैं।

### एक मतदाता पर 10 से 15 मिनट का समय

पोलिंग पार्टी मतदाताओं से समय लेकर मतदान कराने जाएगी। इसमें टीम के घर के अंदर पहुंचने के बाद करीब 1 से 15 मिनट एक मतदाता पर समय लग सकता है। इसके तहत सेटअप लगाने के बाद अंदर उनके हस्ताक्षर, बैलेट पेपर जारी करने से लेकर मतदान कराने तक का काम होगा। वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी। पोलिंग पार्टी में पीठासीन अधिकारी होंगे। मतदान केन्द्र जैसे ही कम्पार्टमेंट तैयार किया जाएगा।

### इस तरह कराई जाएगी घर में वोटिंग

चार विधानसभा क्षेत्र में सेक्टर ऑफिसर नियुक्त किए गए हैं। जब वोटर तय हो जाएंगे उसके बाद घर से वोट की इस व्यवस्था के लिए पूरी पोलिंग पार्टी लगाई जाएगी। हर सेक्टर में एक पोलिंग पार्टी होम वोटिंग के लिए होगी। संख्या ज्यादा होने पर पोलिंग पार्टी की संख्या बढ़ाई जा सकती है। लेकिन यह आवेदन आने के बाद तय होगा।

# सार-संक्षेप

## 23किलो गांजा जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार ,दो फरार

**सूरजपुर** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। ओड़गी पुलिस ने करीब सात लाख रुपए कीमती का 23 किलो गांजा जब्त किया है। मामले में दो आरोपी को गिरफ्तार किया गया है जबकि दो फरार बताए गए ।पुलिस ने पुलिस अधीक्षक आई कल्याण एलिसेला के निर्देश पर अवैध कारोबार करने वालों पर पुलिस लगातार कार्रवाई करने में जुटी हुई है।

इसी क्रम में थाना ओड़गी पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम बसकर का महादेव गांजा लेकर ग्राम धरसेड़ी कुदरीपारा में ग्राहक का इंतजार कर रहा है। सूचना पर पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए धरसेड़ी कुदरीपारा में घेराबंदी कर महादेव उम्र 59 वर्ष ग्राम बसकर,को पकड़ा जिसके कब्जे से 2 किलो 110 ग्राम गांजा जप्त किया गया। पूछताछ पर उसने बताया कि धरसेड़ी निवासी दिलीप के द्वारा गांजा लाकर दिया है जिसके बाद पुलिस ने दबिश देकर दिलीप उम्र 35 वर्ष ग्राम धरसेड़ी को पकड़ा जिसने बताया कि 1 अन्य व्यक्ति के द्वारा गांजा लाकर दिया था जिसे 1 व्यक्ति के घर पर छुपाकर रखे मादक पदार्थ गांजा में से बिक्री हेतु महादेव को देना बताया जिसके निशानदेही पर 21 किलो मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया। मामले में कुल 23 किलो 110 ग्राम गांजा कीमत करीब 6 लाख 93 हजार 3 सौ रूपये का बरामद कर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपी महोदव व दिलीप विश्वकर्मा को गिरफ्तार किया है। मामले में 2 अन्य आरोपी फरार है जिनकी पतासाजी की जा रही है। इस कार्रवाई में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शोभराज अग्रवाल व एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी ओड़गी विपिन लकड़ा, प्रधान आरक्षक लखेश साहू, आरक्षक जितेन्द्र पटेल, अमरेन्द्र दुबे, नीरज सिंह, हृदयलाल राजवाड़े, जगदीश सिंह, मनरूप पैंकरा सक्रिय रहे।

## विशेष मतदान केंद्रों के लिए पोलिंग अधिकारियों प्रशिक्षण का आयोजन आज

**अंबिकापुर** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देशानुसार जिले में मतदाताओं को आकर्षित करने एवं मतदान प्रतिशत में वृद्धि करने विशेष मतदान केन्द्रों की स्थापना की जा रही है। इनमें युवा मतदान केंद्र, संगवारी मतदान केंद्र और दिव्यांग मतदान केंद्र शामिल हैं। इन मतदान केंद्रों में मतदान कराने 19 एवं 20 अक्टूबर को प्रशिक्षण आयोजित किया गया है।

बता दें कि लाइवलीहुड कॉलेज के सभागार में 19 अक्टूबर को यूथ बूथ युवा मतदान केंद्र के मतदान दल अधिकारियों का प्रशिक्षण प्रात: 10:30 बजे से आयोजित होगा। इसी दिन जिला पंचायत के सभागार में संगवारी मतदान केंद्र हेतु महिला मतदान अधिकारियों का प्रशिक्षण भी प्रात: 10:30 बजे से शुरू होगा। 20 अक्टूबर को जिला पंचायत के सभागार में संगवारी मतदान केंद्र के मतदान दल अधिकारी क्रमांक 2 एवं 3 का प्रशिक्षण तथा कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में दिव्यांग मतदान केंद्र से संबंधित दिव्यांग मतदान अधिकारी दल का प्रशिक्षण प्रात: 10:30 बजे से आयोजित किया जाएगा। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 10 संगवारी मतदान केंद्र, दिव्यांग 01 दिव्यांग मतदान केन्द्र, तथा 01 युवा मतदान केंद्र निर्धारित किए गए हैं तथा इनमें से चयनित 05 मतदान केंद्रों में सर्वसुविधायुक्त आदर्श मतदान केन्द्र बनाए जा रहे हैं।

## शेराडांड में अस्थायी मतदान केन्द्र पर ही होगा मतदान

**कोरिया** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले के उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती नंदिनी साहू ने जानकारी देते हुए स्पष्ट किया है कि कोरिया जिले के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 01 भरतपुर सोनहत के अस्थायी मतदान केन्द्र 143 शेराडांड के संबंध में दो दैनिक समाचार पत्र ने 15 एवं 17 अक्टूबर को प्रमुखता से ' शेराडांड पोलिंग बूथ- 15 साल बाद अब झोपड़ी में नही, गांव की देवगुड़ी में होगी वोटिंग' तथा 'इस बार झोपड़ी में नहीं देवगुड़ी में होगा मतदान' शीर्षक से खबर प्रकाशित किया है, जो पूर्ण रूप से निराधार व मतदाताओं को भ्रमित किये जाने वाला है जबकि प्रत्येक वर्ष 1 जनवरी के अर्हता तिथि व इस निर्वाचन वर्ष में 1 अक्टूबर 2023 के अर्हता तिथि के संबंध में द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के पूर्व मतदान केन्द्रों का परीक्षण कर युक्तियुक्तकरण उपरांत मतदान केन्द्रों का प्रस्ताव राजनैतिक दलो की सहमति एवं भारत निर्वाचन आयोग के अनुमोदन उपरांत 30 जुलाई 2023 को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर द्वारा मतदान केन्द्रों का प्रकाशन किया जा चुका है।

आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन-2023 हेतु पूर्ववत 143-शेराडांड में अस्थायी मतदान केन्द्र पर ही मतदान होगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अनुमोदित मतदान केन्द्रों के अनुसार ही विधानसभा 2023 का निर्वाचन सम्पन्न होगा।

कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी श्री लंगेह ने इस भ्रामक खबर को संज्ञान में लेते हुए प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारों व प्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा है कि किसी भी तरह से भ्रामक समाचार, फ़ोटो, वीडियो प्रसारित न करें जिससे आम मतदाता इससे प्रभावित हो, बल्कि तथ्यपरक खबर प्रसारित करें ताकि जिले में होने वाले विधानसभा निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सके।

## युवक पर धारदार हथियार करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र में सोमवार को कुछ युवकों ने मिलकर एक युवक पर धारदार हथियार से प्राणघातक हमला कर गला रेतकर गंभीर रूप से घायल करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पुटूकछार निवासी एक युवक का धारदार हथियार से गला रेतने के मामले में धरमजयगढ़ पुलिस ने 3 आरोपियों को 24 घंटे के भीतर पकड़ने में सफलता हासिल की है वहीं घटना में प्रयुक्त हथियार को भी बरामद कर लिया है। वहीं उक्त तीनों आरोपियों पर पुलिस ने आईपीसी की धारा 323,506,294,307 व 34 के तहत कार्यवाही की है। धरमजयगढ़ के प्रशिक्षु डीएसपी अमन लखीसरानी ने बताया की सोमवार की शाम लगभग सात बजे पुलिस को सिविल अस्पताल के माध्यम से सूचना मिली थी की समीर टोप्पो नामक युवक पर धारदार हथियार से हमला हुआ है जो पुटु कछार का निवासी है और बुरी तरह घायल है। इस संबंध में उन्होंने यह भी बताया कि जमीन संबंधी मामले को आरोपी रूपलाल किंडो,तेजकुमार किंडो और रामकुमार राठिया तीनो निवासी पुटूकछार ने इस घटना को अंजाम दिया था जिनके ऊपर संबंधित धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर ज्यूडिशियल रिमांड पर भेजा गया है।

## 27 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। अवैध शराब पर कार्रवाई के क्रम में कल थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक कृष्णकांत सिंह को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम तराईमाल बाजारपारा का सागर चैहान घर में चोरी-छिपे अवैध रूप से महुआ शराब की बिक्री करता है। थाना प्रभारी द्वारा थाने से प्रधान आरक्षक राम प्रसाद यादव के हमराह स्टाफ कार्रवाई के लिये रवाना किया गया। पुलिस टीम द्वारा ग्राम तराईमाल बाजारपारा जाकर सागर चैहान को अवैध शराब बिक्री के संबंध में तलब कर कड़ी पूछताछ किया जो अपने घर के बाड़ी में छिपा कर रखा हुआ महुआ शराब 10-10 लीटर वाली दो जरकिन में पूरा भरा हुआ और एक 10 लीटर वाली जरकिन में करीब 7 लीटर शराब कुल 27 लीटर महुआ शराब, कीमत 2,700 लाकर पेश किया जिसे गवाहों के समक्ष पूंजीपथरा पुलिस द्वारा जब्ती किया गया।

# नाम निर्देशन कराने की व्यवस्था हो चौकस- कलेक्टर

- रिटर्निंग ऑफिसर कक्ष, प्रवेश गेट, पार्किंग व्यवस्थाओं का लिया जायजा
- नवीन कंपोजिट बिल्डिंग में होगा इंटीग्रेटेड कंट्रोल और कमांड यूनिट, एक ही जगह से रखी जायेगी निर्वाचन गतिविधियों पर नजर



**अंबिकापुर** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुन्दन कुमार ने बुधवार को नाम निर्देशन की तैयारियों का जायजा लेने तीनों विधानसभा हेतु निर्धारित रिटर्निंग ऑफिसर के कार्यालय का निरीक्षण किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुन्दन ने प्रत्येक रिटर्निंग ऑफिसर के कक्ष का निरीक्षण कर नाम निर्देशन से पूर्व जरूरी तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों और उनके साथ आने वाले प्रस्तावक के बैठने सहित सभी जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नाम निर्देशन का कार्य सुगमता से संपन्न हो, इसके लिए चेकलिस्ट तैयार कर लें और उसके अनुसार कक्ष की व्यवस्था तैयार रखें।

उन्होंने कहा रिटर्निंग ऑफिसर के कक्ष को दिव्यांग जन की सुविधा अनुरूप तैयार करें। इसके साथ ही उन्होंने अभ्यर्थियों के लिए निर्धारित गेट नंबर 2 में जानकारी अंकित करने के निर्देश दिए। नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक कुमार और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पुपलेश को मुख्य मार्ग से प्रवेश गेट तक आने में आवश्यक बैरिकेडिंग और कला केंद्र मैदान में पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने कहा कि नाम निर्देशन हेतु आने जाने में किसी तरह की अव्यवस्था ना हो। ठेले गुमटियों को अन्यत्र स्थापित कर व्यवस्थित किया जाए जिससे उन्हें भी कोई समस्या ना हो।

नवीन कंपोजिट बिल्डिंग में एमसीएमसी कक्ष, सहित कंट्रोल रूम का लिया जायजा-कलेक्टर श्री कुंदन कुमार ने नवीन कम्पोजिट बिल्डिंग में विभिन्न कार्यालयों का जायजा लिया। उन्होंने एमसीएमसी कक्ष, कंट्रोल रूम सहित अन्य कक्षो का अवलोकन किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके साथ ही निर्वाचन सम्बन्धी कार्यों के सम्पादन हेतु यथोचित व्यवस्था कराए जाने निर्देशित किया। बता दें कि जिले में निर्वाचन की तैयारियों को बेहतर बनाने एक ही बिल्डिंग में एकीकृत कंट्रोल और कमांड यूनिट तैयार की गई है जिससे एक ही जगह से पूरे जिले में निर्वाचन अंतर्गत गतिविधियों की मॉनिटरिंग की जा सके। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुनील नायक, समस्त रिटर्निंग ऑफिसर, जिला स्तरीय अधिकारी और निर्वाचन से संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

## राजनैतिक दलों के समक्ष ईवीएम की प्रथम रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया पूर्ण



**अंबिकापुर** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुंदन कुमार की उपस्थिति में जिला कलेक्टोरेट सभाकक्ष में बुधवार को राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के समक्ष प्रथम रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया पूर्ण की गई। इस दौरान उपजिला निर्वाचन अधिकारी श्री सुनील नायक, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 09 लुण्ड्रा के रिटर्निंग ऑफिसर अपर कलेक्टर श्री टेकचंद अग्रवाल, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 10 अम्बिकापुर के रिटर्निंग ऑफिसर एवं एसडीएम अम्बिकापुर श्रीमती पूजा बंसल, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 11 सीतापुर के रिटर्निंग ऑफिसर एवं एसडीएम सीतापुर श्री रवि राही सहित सभी सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

मिली जानकारी अनुसार जिले में कुल 1948 बीयू यूनिट, 1109 सीयू यूनिट, 1316 वीवीपैट यूनिट है। जिसमें से 936 बीयू यूनिट, 936 सीयू यूनिट, 1014 वीवीपैट यूनिट तीनों विधानसभाओं के लिए आबंटित किया गया। उल्लेखनीय है कि जनसामान्य को निर्वाचन प्रक्रिया से अवगत कराने के लिए 70 बीयू यूनिट, 70 सीयू यूनिट, 70 वीवीपैट यूनिट का उपयोग किया गया था, जो अलग कर दिया गया है। एफएलसी ओके अंतर्गत शेष 1012 बीयू यूनिट, 173 सीयू यूनिट, 302 वीवीपैट शेष है। प्रथम रेंडमाइजेशन के बाद तीनों विधानसभा के रिटर्निंग ऑफिसर्स एवं राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को सूची उपलब्ध कराई गई। रेंडमाइज की गई मशीनों को विधानसभावार बनाए गए स्ट्रांग रूम में भेजा जाएगा।

उल्लेखनीय है कि विधानसभावार मतदान केन्द्रों की संख्या 781 है, जिनमें बीयू व सीयू यूनिट की संख्या 936 एवं वीवीपेट यूनिट संख्या 1014 है। जिसमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 09 लुण्ड्रा अंतर्गत 254 मतदान केन्द्र है, जिनमें बीयू व सीयू यूनिट 304 एवं वीवीपैट यूनिट 330 है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 10 अम्बिकापुर अंतर्गत मतदान केन्द्रों की संख्या 282 है, जिनमें बीयू व सीयू यूनिट 338 एवं वीवीपैट यूनिट 366 है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 11 सीतापुर अंतर्गत मतदान केन्द्रों की संख्या 245 है, जिनमें बीयू व सीयू यूनिट 294 एवं वीवीपैट यूनिट 318 है।

स्ट्रांग रूम एवं ईवीएम वेयरहाउस का किया गया निरीक्षण- इस दौरान कलेक्टर ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ कलेक्टरेट परिसर में स्थित स्ट्रांग रूम एवं ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने स्ट्रांग रूम एवं ईवीएम वेयरहाउस की ड्यूटी में कार्यरत कर्मचारियों को सुरक्षा के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## बिना प्रकाशक, मुद्रक की जानकारी दिए मुद्रित प्रचार सामग्री की गई जब्त

*भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में आदर्श आचार संहिता का पालन कराने फ्लाइंग स्क्वाड टीम सख्ती से कार्यवाही कर रही है। रिटर्निंग ऑफिसर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक- 1` अंबिकापुर के मार्गदर्शन में मंगलवार को सूचना मिलने पर फ्लाइंग स्क्वाड टीम-`2 विधानसभा क्षेत्र क्र`9 लुण्ड्रा हेतु ग्राम कांति प्रकाश पुर में चलाए जा रहे बीजेपी के अस्थायी चुनाव कार्यालय पहुंची। सूचना के आधार पर फ्लाइंग स्क्वाड दल-`2 के द्वारा शाम`5:15 बजे जांच के लिए पहुंची। जांच की कार्यवाही में पता चला कि चुनाव प्रचार सामग्री बिना प्रकाशक एवं मुद्रक की जानकारी मुद्रित किए लगाया गया है, जिसे टीम द्वारा जप्त किया गया। जप्त सामग्री में प्रत्याशी का फोटो युक्त बैलून 8इ1` फीट, चुनाव कार्यालय लिखा हुआ फ्लैक्स, कट आउट`2 नग और फ्लैक्स`1 नग, झण्डा`2 नग शामिल है।*

*इसी तरह देर शाम 8:15 बजे मिली सूचना पर फ्लाइंग स्क्वाड टीम महामाया मंदिर रोड स्थित मकान में मालिक श्री नीरज पाण्डे के यहां पहुंची। जहां शेड में लगे एक कक्ष में आम आदमी पार्टी का कार्यालय श्री हकीम अब्दुल माजीद द्वारा संचालित किया जा रहा था, जो फ्लाइंग स्क्वाड द्वारा जांच के दौरान उक्त कार्यालय को खोलने के संबंधी में सक्षम प्राधिकारी का अनुज्ञा या आदेश नहीं दिखा सके, साथ ही मकान मालिक से इस संबंध में कोई अनुबंध भी नहीं दिखाया गया। आदर्श आचार संहिता के परिपालन में कार्यवाही करते हुए एफएसटी दल द्वारा पार्टी कार्यालय का होर्डिंग निकाल कर जब्त किया गया, साथ ही प्रचार पोस्टर भी जप्त कर लिया गया।*

## फॉर्च्यूनर गाड़ी से बरामद हुआ 5,00,000 कैश

**रायगढ़** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन पर सभी थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस टीमें वाहनों की सघन तलाशी की जा रही है जिससे राजनैतिक दलों के अवैध प्रचार-सामाग्री, मादक पदार्थ एवं संदिग्ध वस्तुओं का परिवहन रोका जा सके। इसी क्रम में कल शाम पूंजीपथरा थाना प्रभारी निरीक्षक कृष्णकांत के नेतृत्व में पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग दौरान सरायपाली तिराहा पर एक काले रंग के चार पहिया फॉर्च्यूनर वाहन सीजी 13 ए.एल. 0007 को रोक कर चेक किया गया।

जांच दल ने ड्राइवर सीट में बैठे व्यक्ति को उसके बगल वाली सीट में रखे थैली के संबंध में पूछताछ किया गया। वाहन में बैठा व्यक्ति रोहतास नेहरा पिता हरिश्चंद्र नेहरा उम्र 45 वर्ष निवासी आशीर्वादपुरम कॉलोनी रायगढ़ हाल मुकाम सरायपाली थाना पूंजीपथरा ने थैले के अंदर 5 लाख रुपए नकद होना बताया, जिसे पुलिस अधिकारी ने आचार संहिता के नियमों के अनुरूप 50,000 रूपये से अधिक की राशि परिवहन के संबंध में पूछताछ कर उचित व वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने नोटिस दिया गया। मौके पर वाहन में उपस्थित व्यक्ति द्वारा रकम के संबंध में कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया, पूंजीपथरा पुलिस द्वारा धारा 102 सीआरपीसी के अंतर्गत 500-500 के 10 नोट बंडल रूपये जुमला 5 लाख को गवाहों के समक्ष जप्त किया गया।

## रिटर्निंग ऑफिसर सीतापुर को कारण बताओ नोटिस

अंबिकापुर 18 अक्टूबर 223/ कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सरगुजा द्वारा रिटर्निंग ऑफिसर सीतापुर को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। नोटिस में संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर को रैली के संबंध निर्धारित नियमों का पालन ना कर किसान सम्मेलन वाहन रैली आयोजित करने की अनुमति दिए जाने की बात कही गई है। नोटिस में कहा गया है कि समय.समय पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं जिला स्तर पर प्रशिक्षण आयोजित कर इन कार्यों के संबंध में विस्तृत दिशा.निर्देश दिये गये हैं। इस कृत्य से भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छेगे के द्वारा विधानसभा निर्वाचन 223 के दौरान वाहनों की अनुमति रैली सम्मेलन सभा की अनुमति के संबंध में जारी किये गये दिशा.निर्देशों का भी उल्लंघन किया गया है। यह कृत्य लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 195 की धारा 1 प्रतिनिधित्व अधिनियम.1951 की धारा 134 (1) (1) (2) (3) के तहत बने नियम एवं सिविल सेवा आचरण नियम 1965 की धारा 3 के विरुद्ध है। नोटिस जारी कर जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा स्पष्टीकरण पत्र प्राप्ति के 24 घण्टे के भीतर के उपस्थित होकर प्रस्तुत करने कहा गया है। जवाब अप्राप्त होने की स्थिति में उक्त के विरुद्ध एक पक्षीय अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी।

## मनेन्द्रगढ़ से कांग्रेस ने रमेश सिंह को मैदान में उतारा




### कांग्रेस ने जारी किया दूसरी सूची

**एमसीबी** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। कांग्रेस पार्टी द्वारा आज अपनी दूसरी सूची जारी करते हुए 53 लोगो के नामों की घोषणा की, जिसमे मनेंद्रगढ़ विधानसभा क्रमांक 2 से रमेश सिंह के नाम की घोषणा किया, वही कोरिया जिले की बैकुंठपुर विधासभा क्रमांक 3 के प्रत्याशी का नाम अभी इस लिस्ट में नहीं किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विधान सभा क्रमांक 2 मनेंद्रगढ़ विधायक विनय जायसवाल रहे,लेकिन पार्टी द्वारा पुराने वरिष्ठ कांग्रेस नेता रमेश सिंह पर विश्वास जताते हुए उन्हें टिकट दिया गया, रमेश सिंह के नाम पर मुहर लगते ही मनेंद्रगढ़ में पटाखे फूटने लगे,नवनियुक्त प्रत्याशी रमेश सिंह स्वयं मनेंद्रगढ़ हजारी होटल से पूरे शहर में जनसंपर्क अभियान चलाया लोगो का आशीर्वाद लेते हुए नजर आए वही, मनेंद्रगढ़ मे देशबन्धु ने नवनियुक्त प्रत्याशी रमेश सिंह से चर्चा करने पर उन्होंने बताया कि चुनाव जीतने पर मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर क्षेत्र का अलग अलग विकास करेगे.

## रेत के अवैध कारोबार से मालामाल हो रहे कांग्रेसी-श्याम बिहारी

**मनेन्द्रगढ़** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में रेत का अवैध उत्खनन सरकारी संरक्षण में बेरोक टोक जारी है। रेत का संकट बताकर इसके अवैध कारोबार में लगे कांग्रेसी प्रदेश भर में माला माल हो रहे हैं और जनता लुट रही है ।यह दावा करते हुए श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि कोयला घोटाले में प्रदेश के शेडो सीएम सौम्या चौरसिया, सूर्यकांत तिवारी सहित और भी कुछ लोग या तो जेल में हैं या बेल पर हैं। राज्य के खनिज से जुड़ा यह घोटाला हजारों करोड़ का था, इसलिए ईडी की नजर इन पर पड़ गई। लेकिन रेत, मुरुम, गिट्टी आदि गौण खनिजों की तस्करी में लिप्त दूसरे शेडो सीएम ऐजाज ढेबर के खनिज माफिया गुर्गे अभी भी बेखौफ प्रदेश भर में अपनी गतिविधियां संचालित कर रहे हैं ।इनके सत्ता की धौंस और बाहुबल के भय के आगे प्रशासनिक अधिकारी भी नतमस्तक हैं ।प्रदेश की भूपेश सरकार पर भ्रष्टाचार और अवैध कारोबारों में लिप्त होने का आरोप लगाते हुए श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि पिछले दिनों रेत माफियाओं द्वारा अरपा नदी में खोदे गए गड्ढे में डूबने से दो बहनों सहित तीन की मौत हो गई थी ।राजनांदगांव जिले में नदी से निकाले गए अवैध रेत के साथ एक शव का भी परिवहन हो गया था। राजिम में खनिज विभाग की टीम पर जानलेवा हमला किया गया ।सारंगढ़ के टिमरलगा में रायगढ़ के तात्कालीन सहायक कलेक्टर को कुचलने का प्रयास किया गया ।लेकिन इस सरकार में दुर्भाग्य यह है कि ऐसे मामलों की जांच कराकर दोषियों पर कार्यवाही करने की जरूरत तक भूपेश बघेल ने महसूस नहीं की ।ऐसा इसलिए कि



मुख्यमंत्री जानते हैं कि इन करतूतों के पीछे उनके ही लोगों का हाथ है ।उन्होंने कहा कि इन रेत माफियाओं ने प्रदेश की नदियों का स्वरूप ही बिगाड़ दिया है ।नदियों में जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं ।नदियों की दिशा बदलने लगी है ।इसका बुरा असर यह है कि बांध, स्टापडेम में पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पा रहा है ।ऐसे में सिंचाई और उद्योगों के लिए पानी की समस्या तो खड़ी होगी ही,कुछ साल बाद लोगों को पेयजल के लिए भी तरसना पड़ सकता है।

श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि प्रदेश में प्रतिबंध के बाद भी रेत का अवैध कारोबार धड़ल्ले से जारी है। बलौदाबाजार जिले में हाल ही में ग्रामीणों ने रेत से भरे कई हाइवा को 30 घंटे तक रोके रखा,लेकिन अवैध कारोबारियों पर कोई कार्यवाही नहीं हुई ।ऐसे मामले रोज प्रदेश भर में सामने आ रहे हैं ।सरकार और जिला प्रशासन अवैध उत्खनन रोकने कुछ नहीं कर रहे हैं ।प्रदेश में रेत भी आम आदमी की पहुंच से बाहर चला जा रहा है ।श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि इससे निर्माण कार्य रुक गए हैं। अवैध खनन बिना किसी रोक-टोक जारी है ।सरकार क्या कर रही है?उन्होंने कांग्रेस के मंत्रियों और विधायकों पर बरसते हुए कहा कि अब पूरा छत्तीसगढ़ अवैध उत्खनन का गढ़ बन चुका है ।प्रदेश में रेत और पत्थर के अवैध खनन और कारोबार ने माफिया का रूप ले लिया है ।ऐसा लगता है कि इन माफियाओं पर प्रशासन और खनिज विभाग का कोई नियंत्रण नहीं है ।जहां अनुमति नहीं है वहां अवैध उत्खनन बेरोकटोक जारी है,वहां संगठित गिरोह पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने लगे हैं।

# शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को प्राप्त करने चलाएं अभियान- संभागायुक्त

## मतदाता जागरूकता को लेकर हुआ स्वीप कार्यक्रम




**सूरजपुर** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। 'स्वीप क्या और क्यों 'इसके संबंध में सभी उपस्थित जनों को जानकारी देते हुए संभागायुक्त श्रीमती शिखा राजपूत तिवारी अपने उद्बोधन की शुरुआत की। उन्होंने बताया कि व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी से सभी को जोड़ना स्वीप कार्यक्रम का उद्देश्य है। इसके साथ ही उन्होंने उपस्थित जनों के बीच मताधिकार के महत्व के संबंध में जानकारी दी। उपस्थित विद्यार्थियों को अपने परिवार के सदस्य जो की 18 वर्ष के हो गए हैं या 18 वर्ष की उम्र पार कर गए हैं, उन्हें मतदान केंद्र में जाकर वोट देने के लिए प्रेरित करने की बात कही। राजनीतिक दलों द्वारा जारी किए जाने वाले घोषणा पत्र पर विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने सभी से अपील की कि जिले में मतदान जागरूकता को लेकर ऐसा अभियान चलाया कि यहां शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। उक्त वक्तव्य उन्होंने नव निर्मित ऑडिटोरियम में स्वीप कार्यक्रम के दौरान कही। तिलसिवा नवनिर्मित ऑडिटोरियम में मतदाता जागरूकता को लेकर भव्य प्रस्तुति दी गई। जिसमें संभाग सरगुजा की संभागायुक्त श्रीमती शिखा राजपूत तिवारी उपस्थित थी। जिले में चल रहे निर्वाचन संबंधी कार्य का अवलोकन करने के लिए आज वो सूरजपुर पहुंची थीं। ऑडिटोरियम में स्कूल के विद्यार्थियों के द्वारा स्वीप के अंतर्गतमतदाता जागरूकता के लिए पोस्टर, रंगोली, स्वीप गीत व नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन कर किया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने भी उपस्थित जनों को उद्बोधित किया। उन्होंने सभी से अपील की कि अपने मताधिकार का उपयोग कर वो बेहतर प्रत्याशी को अपने क्षेत्र के विकास के लिए मौका दें। एसपी आई कल्याण एलिसेला 18 वर्ष पूर्ण कर चुके सभी पत्र वोटर से अपील की कि वो मतदान जरूर करें ।इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ व प्रशिक्षण नोडल अधिकारी सुश्री लीना कोसम व अन्य अधिकारी गण उपस्थित थे।

## 3492 प्रशिक्षणार्थियों का हुआ मतदान प्रशिक्षण

संभागायुक्त श्रीमती शिखा राजपूत तिवारी जिले में चल रहे विधानसभा निर्वाचन 223 मतदान दल प्रशिक्षण स्थल का निरीक्षण करने पहुंची थी जहां उन्होंने प्रशिक्षण स्थल रेवती रमण मिश्र सूरजपुर, का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रत्येक कक्ष में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षार्थियों से संवाद किया। संबंधित मास्टर ट्रेनरों से प्रशिक्षण की वस्तु स्थिति के संबंध में जानकारी भी ली ।इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि निर्वाचन में रिपोर्टिंग का कार्य समय सीमा में होना सबसे महत्वपूर्ण है।

# कांग्रेस दूसरी सूची जारी, शेष पांच सीटों के लिए अधिकृत प्रत्याशी घोषित

## अकलतरा से राघवेंद्र सिंह, पामगढ़ से शेष राज हरबंस, जांजगीर चांपा से व्यास नारायण कश्यप, जैजैपुर से बालेश्वर साहू तथा चंद्रपुर से रामकुमार यादव को प्रत्याशी बनाया गया






**जांजगीर**, 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी की ओर से लंबे इंतजार के बाद आखिरकार आज दूसरी सूची जारी कर दी गई। आज शाम जारी की गई सूची में जांजगीर चांपा एवं शक्ति जिले को मिलाकर शेष पांच सीटों के लिए अधिकृत प्रत्याशियों की घोषणा कर दिया गया है। विदित हो की पहली सूची में शक्ति विधानसभा से डा. चरण दास महंत का नाम घोषित कर दिया गया था।

आज जारी की गई सूची के अनुसार अकलतरा विधानसभा से जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह, पामगढ़ से श्रीमती शेष राज हरबंस, जांजगीर चांपा विधानसभा से व्यास नारायण कश्यप, जयजयपुर से बालेश्वर साहू तथा चंद्रपुर से रामकुमार यादव को प्रत्याशी बनाया गया है। इस तरह कांग्रेस की ओर से अविभाजित जांजगीर चांपा जिले के सभी 6 विधानसभा के लिए प्रत्याशियों की घोषणा के साथ ही चुनावी मैदान की तस्वीर स्पष्ट हो चुकी है। भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूर्व में ही प्रत्याशियों की घोषणा की जा चुकी है, जिसमें अकलतरा से सौरभ सिंह, पामगढ़ से संतोष लहरे, जांजगीर चांपा विधानसभा से नारायण चंदेल, शक्ति विधानसभा से खिलावन साहू ,जैजैपुर से कृष्णकांत चंद्रा तथा चंद्रपुर से संयोगिता सिह जुदेव को अधिकृत प्रत्याशी बनाया गया है। इस तरह दोनों प्रमुख राजनीतिक दलों ने अपने-अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है इसी के साथ राजनीतिक गलियारों में हार और जीत को लेकर कयास लगाया जा रहा है। इस घोषणा के साथ ही जांजगीर-चांपा एवं शक्ति जिले में राजनीतिक हलचल बढ़ गई है। अब तक प्रमुख पार्टी कांग्रेस की ओर से प्रत्याशियों की घोषणा में हो रही देरी ने जिले में राजनीतिक गतिविधियों को धीमा कर दिया था जो अचानक ही गरमा गया है। हालांकि आज पार्टी के द्वारा जारी की गई सूची के साथ ही टिकट के अन्य दावेदारों की नाराजगी को लेकर पार्टी द्वारा डैमेज कंट्रोल मैनेजमेंट कैसे करती है इस पर भी चर्चा हो रही है।

### जैजैपुर से दो बार विधायकी कर रहे केशव चंद्रा के खिलाफ बालेश्वर साहू



वही जैजैपुर दो बार से लगातार विधायकी कर रहे केशव चंद्रा का मुकाबला बालेश्वर साहू से हो रहा है वहीं कृष्णकांत चंद्र भी भाजपा की ओर से मुकाबला देने के लिए मैदान में है।




### शेष राज हरबंस को कांग्रेस ने दिया दूसरी बार मौका




पामगढ़ विधानसभा में श्रीमती शेष राज हरबंस को कांग्रेस ने दूसरी बार मौका दिया है। पहला चुनाव वो हार गई थी,बावजूद इसके वे क्षेत्र से जुड़ी रही, इनका सामना बसपा के वर्तमान विधायक इंदू बंजारे तथा भाजपा के प्रत्याशी के साथ होना है।

### अकलतरा सीट में चाचा और भतीजे के बीच दिलचस्प मुकाबला



इसी तरह अकलतरा विधानसभा सीट पर भी इस बार दिलचस्प मुकाबला देखने को मिलेगा जहां चाचा और भतीजे के बीच कांटे की टक्कर होती नजर आ रही है। हालांकि यहां बहुजन समाज पार्टी एवं आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी भी भाग्य आजमाने मैदान में डटे है।





### चंद्रपुर में रामकुमार यादव व संयोगिता सिंह जुदेव फिर से आमने - सामने



जबकि चंद्रपुर विधानसभा में श्रीमती संयोगिता सिंह जुड़े हो भाजपा की ओर से दूसरी बात प्रत्याशी बनाया गया है जिनका मुकाबला कांग्रेस के वर्तमान विधायक रामकुमार यादव के साथ होना है।

### हाई प्रोफाइल सीट जांजगीर-चांपा एवं सक्ति

जिले के हाई प्रोफाइल सीट में जांजगीर चांपा विधानसभा एवं शक्ति विधानसभा को लेकर सब की नजरे लगी हैं, क्योंकि एक ओर जहां जांजगीर चांपा विधानसभा से नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल छठवीं बार अपना किस्मत आजमाएंगे तो वही विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरण दास महंत शक्ति विधानसभा से मैदान में अपनी जीत के लिए पसीना बहाते नजर आएंगे।

## सार-संक्षेप

### कलेक्टर डॉ सिद्दीकी ने मतदाता जागरूकता रथ के वाहन को किया रवाना



**सारंगढ़-बिलाईगढ़** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। लोकतंत्र को मजबूत बनाने तथा आगामी विधानसभा में शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रोत्साहित करने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी के मार्गदर्शन में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत जिले में अनेक मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में समाज कल्याण विभाग एवम् मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सारंगढ़ द्वारा संयुक्त रूप से दिव्यांग और सियान मतदाताओं के लिए जनजागृति अभियान का संचालन किया जा रहा है। यह मतदाता जागरूकता रथ सभी 129 ग्राम पंचायतों में अनवरत भ्रमण करेगा। इस मतदाता जागरूकता रथ को कलेक्टोरेट परिसर से कलेक्टर डॉ सिद्दीकी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर पंचायत नोडल श्री हरिशंकर चौहान, समाज कल्याण विभाग के अधिकारी श्री विनय तिवारी एवं सारंगढ़ जनपद सीईओ श्रीमती संजू पटेल उपस्थित थीं।

इस रथ के माध्यम से दिव्यांगजनों एवं 80 वर्ष की आयु से अधिक के मतदाताओं के लिए व्हीलचेयर एवं पोस्टल बैलेट की सुविधा का प्रचार प्रसार किया जाएगा, इसके साथ ही दिव्यांगजन उनका सम्मान किया जाएगा। इसके अलावा मतदाता जागरूकता के लिए ग्राम भ्रमण करते हुए इस रैली के माध्यम से उपस्थित सभी लोगों द्वारा शत प्रतिशत मतदान हेतु शपथ संकल्प लिया जाएगा। मंगलवार 17 अक्टूबर 2023 से प्रारंभ हुई इस रथ यात्रा में ग्राम पंचायत केडार में मतदाता जागरूकता हेतु शिविर संचालन किया गया, इसी क्रम में 18 अक्टूबर को ग्राम पंचायत कटेली, 19 अक्टूबर को ग्राम पंचायत नौरंगपुर, 20 अक्टूबर को ग्राम पंचायत घौठला बड़े, 21 अक्टूबर को ग्राम पंचायत छातादेई होते हुए 22 अक्टूबर को ग्राम पंचायत मौहाढोढ़ा में उक्त मतदाता जागरूकता रथ का समापन होगा।

### कलेक्टर ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण



जांजगीर, 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज जांजगीर स्थित स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने ईवीएम, वीवीपैट की सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्था का जायजा लिया।

आगामी विधानसभा निर्वाचन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज जांजगीर में बन रहे स्ट्रांग रूम का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। कलेक्टर ने ईवीएम को रखने के लिए तैयार किए जा रहे स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करते हुए, सामग्री वितरण के लिए आवश्यक मूवमेंट के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। रूम की सुरक्षा में लगे कर्मी को निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी परिस्थिति में अनाधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश पर पूरी तरह से नियंत्रण रखना है। उन्होंने मतदान पश्चात आने वाली सामग्रियों को रखने संबंधी चर्चा की और मतदान दलों, ऑपरेटर एवं पुलिस फोर्स के रुकने के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने बायो टॉयलेट, शौचालय, बिजली, बैरिकेडिंग, सीसी टीव्ही कैमरा, साइन बोर्ड, इंटरनेट, ग्राउंड की साफ-सफाई एवं सभी आधारभूत व्यवस्था को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एसपी वैद्य, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती निशा नेताम मड़ावी, डिप्टी कलेक्टर संदीप ठाकुर, सीएमओ जांजगीर चंदन शर्मा सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## भाजपा, कांग्रेस , बसपा या आप





सारंगढ 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। भाजपा ने गैर सतनामी कार्ड खेलते हुए शिव कुमारी सारधन चौहान को मैदान सौंप दिया है और उन्होंने प्रचार प्रसार भी जोर शोर से प्रारंभ कर दिया है तो वहीं आम आदमी पार्टी ने देव कोसले तथा बसपा ने नारायण रत्नाकर को अधिकृत प्रत्याशी घोषित कर दिया है परन्तु कांग्रेस ने अब तक अधिकृत प्रत्याशी की घोषणा नहीं किया था जिसके सम्बंध में आज घोषित होने की संभावनाएं व्यक्त किया जा रहा था तथा कल देर रात तक चले बैठक में उत्तरी जांगडे अनिका बिनोद भारद्वाज व पद्मा घनश्याम मनहर के नामों की चर्चाएं व इस मामले में खींचतान की भी चर्चा नगर में जोरों पर थीं पर कांग्रेस ने सारे अटकलों पर विराम लगाते हुए उत्तरी जांगडे की टिकट आज फायनल कर दिया है। वहीं बिलाईगढ़ में भी कांग्रेस की ऊहापोह की स्थिति नजर आती है जहाँ टिकट कटने की संभावनओं को देखते हुए सीटिंग एमएलए चंद्रदेव राय के दिल्ली तक दौड लगाने की खबरें भी चर्चा में है ।

**मनोज लहरे के स्तीफे से क्या पडेगा प्रभाव:** भाजपा के एक पुराने व विधानसभा से प्रबल दावेदार रहे मनोज लहरे ने स्तीफा देते हुए बसपा का दामन थाम लिया जिससे कुछ लोग बसपा से टिकट बदलने की संभावनाएं भी व्यक्त कर रहे हैं जिससे भाजपा के सतनामी वोटर्स घटने की सभावनाएं व्यक्त किया जा रहा है परन्तु भाजपाई कहते हैं कि चूंकि बरमकेला क्षेत्र में ओबीसी वोटर्स की संख्या अधिक होने के कारण डैमेज कंट्रोल हो जाएगा।

**ओबीसी वोटर्स की निर्णायक भूमिका:** सारंगढ विधानसभा के लगभग दो लाख तैंतीस हजार मतदाताओं में सबसे अधिक संख्या ओबीसी की है जिसमें साहू अघरिया पटेल की संख्या अधिक है वहीं सारंगढ नगरपालिका क्षेत्र में देखा जाए तो यादव और देवागंनों की संख्या अधिक है इसी कारण इस बार के चुनावों में ओबीसी वोटर्स की भूमिका निर्णायक नजर आती है।

## ग्राम रेड़ा में राम नाम सप्ताह कार्यक्रम 27 से 3 नवंबर तक

**डभरा** , 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। ग्राम रेड़ा में राम नाम सप्ताह कार्यक्रम 27 अक्टूबर से 3 नवंबर तक रखा गया है, इस राम नाम सप्ताह में व्यास पंडित गिरजा शंकर पांडे राधापुर वाले होंगे। इसमें प्रथम पुरस्कार 11 हजार रूपये संजीव पटेल सरपंच ग्राम पंचायत रेड़ा एवं द्वितीय पुरस्कार 1 हजार नुरेंद्र प्रताप पटेल के सुपुत्र श्रेयांश द्वारा, तृतीय पुरस्कार 9 हजार युवराज पटेल जनपद सदस्य एवं सभापति जनपद पंचायत डभरा, चतुर्थ पुरस्कार 8 हजार रूपये स्वर्गीय नरेंद्र पटेल के सुपुत्र अमन पटेल द्वारा, पंचम पुरस्कार 7 हजार रूपये अशोक पटेल श्याम टेंट हाउस, छठवां पुरस्कार 6 हजार रूपये अभिषेक पटेल, सातवां पुरस्कार 5 रूपये स्वर्गीय रुपलाल पटेल के सुपुत्र अजय पटेल द्वारा सहित अन्य इनाम रखा गया है। इसी तरह गायन वादन करने वालों के लिए सांत्वना पुरस्कार भी रखा गया है विशेष पुरस्कार विनोद पटेल गुरुजी द्वारा सर्वश्रेष्ठ मांदर वादक एवं गायक वालों के लिए रखा गया है। ज्ञात होगी विगत कई वर्षों से राम नाम सप्ताह का आयोजन इस ग्राम में किया जा रहा है ।यहां दूर-दूर से गायक कलाकार कीर्तन मंडली के साथ पहुंचते हैं ।और अंचल के आसपास गांवो के ग्रामीण राम नाम सप्ताह में देखने पहुंचते हैं।

## कलेक्टर ने किया मतदान दल को दिए जा रहे प्रशिक्षण का निरीक्षण



**जांजगीर**, 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने जिले में विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2023 को निष्पक्ष एवं सकुशल संपन्न कराने के लिए स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पामगढ़ में मतदान अधिकारियों को दिए जा रहें प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि चुनाव में सकुशल मतदान संपन्न कराने में मतदान अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने सभी प्रशिक्षणार्थियों को निर्वाचन से जुड़ी हर प्रक्रिया और प्रपत्र के बारे में निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदान अधिकारियों को दिए जा रहे ईव्हीएम तथा व्हीव्हीपैट मशीन की ट्रेनिंग का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी कर्मचारियों का दायित्व है कि अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा से करें, जिससे निष्पक्ष, पारदर्शी और सुव्यवस्थित निर्वाचन प्रक्रिया संपादित की जा सके। कलेक्टर ने संपूर्ण मतदान प्रक्रिया एवं मतदान के बाद मतपत्र लेखा तैयार करके मशीन सहित स्ट्रांग रूम में जमा करने की जिम्मेदारी मतदान अधिकारी को जानकारी दी। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ आर के खुंटे, एसडीएम पामगढ़ सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## पीठासीन अधिकारी व मतदान दल अधिकारियों ने प्राप्त किया प्रशिक्षण



**जांजगीर,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन में आगामी विधानसभा आम निर्वाचन हेतु मतदान दलों का प्रथम प्रशिक्षण विकासखण्ड स्तर पर 17 एवं 18 अक्टूबर तथा 19 एवं 20 अक्टूबर को आयोजित किया जा रहा है जिसके तहत 18 अक्टूबर को अकलतरा विकासखंड के ठाकुर इंद्रजीत सिंह महाविद्यालय, बलौदा विकासखंड के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, जांजगीर के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, चांपा के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, खरौद के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय एवं बम्हनीडीह विकासखंड के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में प्रशिक्षण आायोजित किया गया। प्रशिक्षण में ई.व्ही.एम. द्वारा मतदान की कार्यप्रणाली, मतदान दलों को ई.व्ही.एम. को मतदान के लिए तैयार करने, ईव्हीएम के बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट की कार्यप्रणाली, मतदान के दौरान सावधानी, एवं आवश्यक कार्यवाही एवं प्रक्रिया, बैलेट यूनिट और कंटोल यूनिट की सिलिंग की प्रक्रिया तथा मतदान संपन्न होने के बाद सामग्री जमा करने की निर्धारित प्रक्रियाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी मतदान दलों को प्रदान करने के लिए प्रशिक्षकों को निर्देशित किया। प्रशिक्षण स्थलों का अपर कलेक्टर गुड्डू लाल जगत, सर्व एसडीएम, ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षार्थियों से निर्वाचन प्रक्रिया के सुचारू रूप से संचालन कराने को लेकर प्रशिक्षण में दी जा रही जानकारी एवं दिशा निर्देशों के तहत कार्य करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार 19 अक्टूबर को विकासखंड अकलतरा के ठाकुर इंद्रजीत सिंह महाविद्यालय में प्रशिक्षण केन्द्र बनाया गया है। इसी प्रकार बलौदा विकासखंड के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, नवागढ़ विकासखंड के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, चांपा के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, पामगढ़ विकासखंड के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय एवं बम्हनीडीह विकासखंड के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में प्रशिक्षण आायोजित किया जाएगा।

## स्वीप अंतर्गत मतदाताओं को प्रेरित करने संचालित की जा रही विभिन्न गतिविधियां

### गांव-गांव चलाया जा रहा मतदाता जागरूकता अभियान



जांजगीर, 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन में आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 में महिला मतदाताओं की शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत ''कोसा कांसा कंचन वोट करेगा जन-जन'' के थीम के साथ मतदाता जागरूकता संबंधी विभिन्न नवाचार किया जा रहे हैं।जिसके तहत रंगोली प्रतियोगिता, वाद-विवाद, नव विवाहित सम्मान, मानव, बैनर-पोस्टर रैली जैसे विभिन्न आयोजन किये जा रहे हैं।

इसी क्रम में आज जिले के हरदी महामाया में स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर, ग्राम पंचायत गतवा में रोजगार सहायक के द्वारा मनरेगा श्रमिको को मतदान हेतु जागरूक और श्रमिको द्वारा मतदान हेतु शपथ, ग्राम पंचायत रैनपुर, जनपद पंचायत बलौदा में मतदाता जागरूकता रैली, ग्राम पंचायत नवापारा ब, जनपद पंचायत बलौदा में ग्रामवासियों को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत मताधिकार का शपथ, ग्राम पंचायत डोंगरी, जनपद पंचायत बलौदा में बच्चों, शिक्षकों, सचिव व ग्रामजनों के द्वारा मतदाता जागरूकता रैली, सेक्टर 09 अर्जुनी अकलतरा में मतदाता जागरूकता रैली और नव विवाहिता सम्मान, रंगोली एवं वाद विवाद और ग्राम पंचायत जुनाडीह में शिक्षकों के मार्गदर्शन में बच्चों के द्वारा गांव में रैली के माध्यम से जागरूकता का संदेश दिया।

## महाविद्यालय के जंतु विज्ञान विभाग में ओरिएंटेशन कार्यक्रम हुआ

### एमएससी जंतु विज्ञान के छात्रों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम



**चांपा**,18 अक्टूबर (देशबन्धु)। शासकीय एमएमआर पीजी महाविद्यालय चांपा में इस वर्ष से प्रारंभ हुई एमएससी जंतु विज्ञान के छात्रों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डा.आरके तंबोली अध्यक्ष अध्ययन मंडल सहित नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ रहे।

उल्लेखनीय कि पिछले कुछ वर्षों से महाविद्यालय में जंतु विज्ञान में एमएससी कक्षा प्रारंभ करने की मांग लगातार की जा रही थी। जो इस वर्ष पूर्ण हुई 30 सीटों के साथ इस वर्ष यह कक्षा प्रारंभ हुई है। कक्षा का प्रथम कार्यक्रम छात्रों के उन्मुखीकरण द्वारा प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभ में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर बीडी दीवान द्वारा नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं का स्वागत किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर आरके तंबोली अध्यक्ष अध्ययन मंडल सहित नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ द्वारा छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए परीक्षा की तैयारी एवं अध्ययन करने का सही तरीका संबंधित जानकारी दी गई । कार्यक्रम का संचालन विभागाध्यक्ष डॉक्टर रंजना नाथ द्वारा किया गया। पाठ्यक्रम की जानकारी अतिथि व्याख्याता लव कुमार पटेल द्वारा दी गई। केशव मूर्ति सिह के द्वारा तनाव मुक्त रहकर अध्ययन करने का तरीका बताया गया। सहायक अध्यापक डॉक्टर एलपी मिरी द्वारा अध्यापन को लेकर छात्र-छात्राओं को ज्ञानवर्धक टिप्स दिया गया।

## स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण निर्वाचन संपन्न कराने कलेक्टर ने दिए निर्देश

**सक्ती** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती नूपुर राशि पन्ना और पुलिस अधीक्षक श्री एम आर आहिरे ने आज निर्वाचन कार्य से संबंधित सभी रिटर्निंग ऑफिसर, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, सेक्टर ऑफिसर, लाईजनिंग ऑफिसर सहित संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण निर्वाचन संपन्न कराने के लिए सभी रिटर्निंग ऑफिसर, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, सेक्टर ऑफिसर सहित सभी संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों को अपने अपने संबंधित कार्य पूरी जिम्मेदारी से करने कहा। इसके साथ ही उन्होंने कहा की मतदान करवाने के साथ ही अपने मताधिकार का उपयोग करना भी जरूरी है। जिसके लिए निर्वाचन कार्य में लगे सभी अधिकारी कर्मचारी आयोग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के तहत अपने मताधिकार का उपयोग भी जरूर करे। बैठक में




कलेक्टर ने निर्वाचन कार्य में लगे सभी अधिकारियों कर्मचारियों को चुनावी कार्यों में पूरा फोकस करते हुवे बिना किसी चूक के कार्य करने कहा है।

बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री एम आर आहिरे ने भी सभी अधिकारियों को अपने-अपने संबंधित निर्वाचन कार्यो को पूरी जिम्मेदारी से करने कहा। उन्होंने जिले के पुलिस बल और अन्य जगहों से आने वाले बल की जानकारी दी। उन्होंने मतदान के दिन निर्वाचन कार्य से संबंधित मतदान सामग्री को मतदान केंद्र ले जाने के लिए संबंधित अधिकारियों को स्ट्रांग रूम से सामग्री लेने के बाद बिना कहीं भी रुके मतदान केंद्र पहुंचने और इसी प्रकार पूरी सावधानी बरतते हुए मतदान समाप्ति के बाद सामग्री को वापस निर्धारित स्थल तक पहुंचाने कहा। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने नॉमिनेशन के प्रक्रिया की जानकारी देते हुए सभी रिकॉर्ड व्यवस्थित रूप से संधारित रखे जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा। कलेक्टर ने जिले में निर्वाचन कार्यो के लिए आने वाले प्रेक्षकों के लिए लाइजनिंग व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाएं समय रहते सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने सभी विभागों के अधिकारियों सहित क्लर्क और प्यून को भी बिना अनुमति अवकाश पर न जाने कहा। बैठक में कलेक्टर ने सभी सेक्टर ऑफिसर से उनके संबंधित मतदान केंद्रों के निरीक्षण के दौरान एप्रोच रोड भवन की स्थिति, पेयजल, शौचालय, मतदान केंद्र क्रमांक का विवरण सहित अन्य आवश्यक जानकारी ली तथा अभी भी मतदान केंद्रों में किसी भी प्रकार की आधारभूत आवश्यकता की कमी होने पर तत्काल जानकारी दिए जाने कहा। कलेक्टर ने सभी सेक्टर अफसर को अपने-अपने निर्धारित मतदान केंद्रों के लिए रूट चार्ट सहित अन्य आवश्यक जानकारी स्पष्ट रखते हुवे कार्य करने कहा। इसके साथ ही बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन कार्य सुव्यस्थित करने अन्य विभिन्न महत्वपूर्ण निर्देश दिए है। बैठक में अपर कलेक्टर बीरेंद्र कुमार लकड़ा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी बालेश्वर राम, जिला पंचायत नोडल अधिकारी बी.बी. भारद्वाज, समस्त सेक्टर ऑफिसर सीईओ, सीएमओ सहित निर्वाचन कार्य से जुड़े अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## गाजा के साथ एकजुटता दिखाने पर छात्र निलंबित

**लंदन।** ब्रिटेन के लंदन में स्कूल ऑफ ओरिएंटल एंड अफ्रीकन स्टडीज गाजा के साथ एकजुटता में निकाली गई एक रैली के बाद छात्रों को निलंबित कर दिया है। एसओएएस में फिलिस्तीन समुदाय के छात्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एसओएएस फिलिस्तीन सोसाइटी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, तत्काल एसओएएस यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन, जो अपनी तथाकथित प्रगतिशील राजनीति के लिए प्रसिद्ध है, ने गाजा के साथ एकजुटता में एक रैली के बाद अपने ही छात्रों को निलंबित करने के लिए आधिकारिक तौर पर कदम उठाना शुरू कर दिया है।

# देश विदेश

# अमेरिका इजरायल का समर्थन करना जारी रखेगा : बाइडेन

## अमेरिकी राष्ट्रपति बोले, इजरायली लोगों का साहस, प्रतिबद्धता और बहादुरी 'आश्चर्यजनक'

**यरुशलेम,** 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा है अमेरिका इजरायल का समर्थन करना जारी रखेगा। उन्होंने कहा कि यहां से क्या होगा, इसके बारे में मैं चर्चा करने के लिए उत्सुक हूं। उन्होंने कहा कि इजरायली लोगों का

**मैंने यह दिखाने के लिए इजरायल का दौरा किया कि इस संघर्ष में अमेरिका कहां खड़ा है : जो बाइडेन, अमेरिकी राष्ट्रपति**



साहस, प्रतिबद्धता और बहादुरी 'आश्चर्यजनक' है, मुझे यहां होने पर गर्व है। श्री बाइडेन ने कहा कि उन्होंने यह दिखाने के लिए इजरायल का दौरा किया कि इस संघर्ष में अमेरिका कहां खड़ा है। श्री बाइडेन ने कहा कि हमला सात अक्टूबर को हमास द्वारा किए गए नरसंहार का वर्णन करता है। उन्होंने कहा कि यह कहना अतिशयोक्ति नहीं है कि हमास ने 31 अमेरिकियों सहित 1,300 लोगों की हत्या की। उन्होंने कहा कि वह बच्चों सहित इज़रायली बंधकों के बारे में भी सोचते है। उन्होंने कहा, कल्पना कीजिए कि हमास से छुपे हुए वे बच्चे क्या सोच रहे थे यह मेरी समझ से परे है।

उन्होंने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से कहा, अमेरिका इजरायल का समर्थन करना जारी रखेगा। यहां से क्या होगा, इसके बारे में मैं चर्चा करने के लिए उत्सुक हूं। श्री बाइडेन ने गाजा में कल रात हुए अस्पताल विस्फोट पर इज़रायल के प्रधानमंत्री से कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि यह दूसरी टीम द्वारा किया गया था। उन्होंने कहा, इस घटना से उन्हें गहरा दु:ख और आक्रोश है। उन्होंने कहा, मैंने जो देखा है उसके आधार पर ऐसा प्रतीत होता है जैसे यह दूसरी टीम द्वारा किया गया था, आपने नहीं। लेकिन वहां बहुत सारे लोग हैं जो निश्चित नहीं हैं, इसलिए हमें बहुत सी चीजों पर काबू पाना होगा। श्री नेतन्याहू ने कहा, सभ्य दुनिया को हमास को हराने के लिए एकजुट होना चाहिए। उसी तरह जैसे उसने आईएसआईएस से मुकाबला करते समय किया था। इजरायल के प्रधानमंत्री

**हम हमास को हरा देंगे और इस भयानक खतरे को अपने जीवन से दूर कर देंगे : बेंजामिन नेतन्याहू, प्रधानमंत्री, इजरायल**

ने कहा, हम हमास को हरा देंगे और इस भयानक खतरे को अपने जीवन से दूर कर देंगे। यह सिर्फ हमारे देश के लिए नहीं बल्कि सभी के लिए है। उन्होंने श्री बाइडेन को 'सच्चा दोस्त' कहा और युद्ध के दौरान इज़रायल का दौरा करने के उनके गहराई से आगे बढ़ने वाले निर्णय की सराहना की। उन्होंने कहा, मुझे पता है कि जब मैं आपको धन्यवाद कहता हूं तो मैं इज़रायल के लोगों के लिए बोलता हूं। श्री नेतन्याहू ने श्री बाइडेन की 'नैतिक स्पष्टता' की प्रशंसा की। श्री नेतन्याहू पहले व्यक्ति हैं जिन्होंने इज़रायल के समर्थन और नैतिक स्पष्टता के लिए श्री बाइडेन को धन्यवाद दिया है।अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा कुछ दिन पहले लिखे गए एक ट्वीट से सहमत होने से पहले श्री बाइडेन से कहा, आपने सभ्यता की ताकतों और बर्बरता की ताकतों के बीच एक स्पष्ट रेखा खींची है।

## अस्पताल में हुई बड़े पैमाने पर मौत के लिए हमास जिम्मेदार : इजरायल

**यरूशलेम।** गाजा पट्टी के एक अस्पताल में कई सौ लोगों की मौत गाजा के आतंकवादी समूह फिलीस्तीनी इस्लामिक जिहाद (हमास) के असफल रॉकेट प्रक्षेपण के कारण हुई। इजरायली सेना ने बुधवार को इस आशय का दावा किया। इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किए गए एक बयान में कहा कि आईडीएफ ऑपरेशनल सिस्टम के विश्लेषण से, एक दुश्मन रॉकेट बैराज को इज़रायल की ओर ले जाया गया। सेना ने कहा, हमारे हाथ लगे कई स्त्रोतों से मिली खुफिया जानकारी से संकेत मिलता है कि गाजा में अस्पताल पर हमला करने वाले असफल रॉकेट प्रक्षेपण के लिए इस्लामिक जिहाद जिम्मेदार है। वहीं फ़िलिस्तीनी मीडिया ने दावा किया कि अस्पताल पर हुए इज़रायली हवाई हमलों में कम से कम 500 लोग मारे गए। इस 'नरसंहार' के विरोध में फ़िलिस्तीनी प्राधिकरण ने तीन दिनों के शोक की घोषणा की। इससे पहले, स्थानीय प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि एक रॉकेट अस्पताल पर गिरा, जिससे उसके परिसर में एक बड़ा विस्फोट हुआ। सूत्रों ने बताया कि वे कुछ मिनट बाद उस स्थान पर पहुंचे और देखा कि सैकड़ों शव जहां-तहां पड़े हुए हैं। गाजा स्थित स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार प्रभावित अस्पताल सैकड़ों बीमारों और घायलों को रख रहा था तथा साथ ही हजारों विस्थापित नागरिकों को आश्रय दे रहा था, जो लगातार इजरायली हमलों के कारण अपने घरों से भागने के लिए मजबूर हो गए थे। गौरतलब है कि इजरायल व हमास के बीच जारी संघर्ष में अब तक 4800 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं।

## सुडोकू 6351

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 9 | | | | | 5 | | 3 |
| 5 | 2 | | | | 6 | | 4 | |
| | | | 5 | | | | | |
| | | 2 | 6 | 3 | | 1 | | |
| 1 | | | | | | | | 8 |
| | | 5 | | 8 | 2 | 4 | | |
| | | | | | 3 | | | |
| | 3 | | 2 | | | | 7 | 6 |
| 6 | | 1 | | | | | 2 | 4 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : गुरूवार 19 अक्टूबर , 2023 आश्विन शुक्ल पक्ष 5**

### राशिफल

मेष -आज आप सांसारिक बातें भूलकर आध्यात्मिक प्रवृत्ति में संलग्न रहेंगे। गूढ़ रहस्यमय विद्याओं और गहरी चिंतनशक्ति आपके मानसिक भार को हल्का करेंगे। आध्यात्मिक सिद्धि प्राप्त करने के लिए बहुत अच्छा योग है।

वृषभ -आज आप जीवनसाथी की निकटता का सुख प्राप्त कर सकेंगे। परिवार के साथ सामाजिक समारोहों में बाहर घूमने या पर्यटन पर जाने का कार्यक्रम बनेगा। खुशी में समय व्यतीत होगा। तन-मन से प्रसन्नता अनुभव करेंगे।

मिथुन -अधूरे काम की पूर्णता के लिए आज का दिन शुभ है। परिवार में आनंद और उल्लास का माहौल रहेगा। स्वास्थ्य बना रहेगा। काम में यश और कीर्ति मिलेगी। अन्य लोगों के साथ बातचीत के दौरान क्रोध पर काबू रखें।

कर्क -आज का दिन शारीरिक अस्वस्थ और मानसिक रूप से चिंतित रहेगा। पेट-दर्द से परेशानी हो सकती है। आकस्मिक धन खर्च होने की संभावना है। प्रेमीजनों के बीच वाद-विवाद होने से विवाद होने की संभावना है।

सिंह -आज मानसिक अस्वस्थता रहेगी, परिजनों के साथ मनमुटाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। मां के साथ अनबन होगी या उनकी तबीयत खराब हो सकती है।

कन्या -बिना विचारें किसी काम के लिए साहस न करें। भावनात्मक संबंध स्थापित होंगे। भाई-बहनों के साथ मेल-जोल रहेगा। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ मुलाकात होगी।

तुला -आज मानसिक वृत्ति नकारात्मक रहेगी। क्रोधावेश में वाणी पर संयम खोने से पारिवारिक सदस्यों के साथ विवाद होंगे। अनावश्यक खर्च होगा। स्वास्थ्य खराब होगा। मन में ग्लानि रहेगी। अनैतिक प्रवृत्तियों से दूर रहें।

वृश्चिक -आज का दिन शुभ होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से प्रसन्नता रहेगी। पारिवारिक सदस्यों के साथ खुशी से समय गुजरेगा। दोस्तों या स्नेहीजनों की तरफ से आपको उपहार मिलेगा।

धनु -आज क्रोध के कारण पारिवारिक सदस्यों तथा अन्य लोगों के साथ संबंध बिगड़ेंगे। आपकी वाणी और व्यवहार झगड़े का कारण बन सकते हैं। दुर्घटना से बचें। बीमारी के पीछे धन खर्च होगा।

मकर -आज का दिन हर क्षेत्र में लाभदायक है। स्नेहीजनों और मित्रों से मिलना होगा। प्रिय व्यक्तियों के साथ की मुलाकात होगी। विवाहोत्सुक व्यक्तियों की वैवाहिक समस्याएं मामूली प्रयत्न से हल हो जाएंगी।

कुंभ -सभी काम सरलतापूर्वक हल होंगे। उनमें सफलता मिलेगी। नौकरी- धंधे के जगह अनुकूल परिस्थिति निर्मित होगी। सरकारी कार्य निर्विघ्न पूरे होंगे। उच्च अधिकारियों का व्यवहार सहयोगपूर्ण रहेगा। स्वास्थ्य बना रहेगा।

मीन -आज के दिन की शुरुआत भय से होगी। शरीर में सुस्ती और थकान का अनुभव होगा। कोई भी काम पूरा न होने पर हताशा पैदा होगी। भाग्य साथ न देता हुआ प्रतीत होगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## आसियान पुलिस बलों ने क्षेत्रीय सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा की

**वियनतियाने,** 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। लाओस की राजधानी वियनतियाने में मंगलवार को आयोजित 41वें आसियानापोल सम्मेलन में आसियान पुलिस बलों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया और मजबूत क्षेत्रीय सहयोग एवं साझेदारी पर चर्चा की। आसियान पुलिस बल शांति, सुरक्षा और स्थिरता को बढ़ावा देने के साथ-साथ मादक पदार्थों की तस्करी, आतंकवाद, मानव तस्करी और हथियारों के व्यापार जैसे अंतरराष्ट्रीय अपराधों से निपटने में सहयोग बढ़ोतरी के लिए अपनी साझेदारी में बढ़ाये जाने मांग की। लाओस के उप प्रधानमंत्री और सार्वजनिक सुरक्षा मंत्री विलाय लाखमफोंग ने इस सम्मेलन में कहा कि 41वां आसियानापोल सम्मेलन सुविधाओं और अनेक चुनौतियों दोनों के साथ एक वातावरण में हो रहा है। उन्होंने कहा कि इसलिए यह सम्मेलन विभिन्न अपराधों से निपटने में क्षेत्रीय और वैश्विक दोनों स्तरों पर सहयोग को बढ़ावा देने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि क्षेत्रिय और वैश्विक स्तर पर समुदाय में शांति, सद्भाव और स्थिरता कायम हो सके। आसियान पुलिस बलों से एकता बनाए रखने, अंतरराष्ट्रीय अपराध को रोकने, उसे कम करने और उससे लड़ने में सहयोग के लिए निरंतर प्रयास जारी रखने का आग्रह किया गया।

## जॉर्डन ने इजरायल-हमास संघर्ष के कारण शिखर सम्मेलन किया रद्द

**अम्मान,** 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। जॉर्डन ने बुधवार को अम्मान में प्रस्तावित चौतरफा शिखर सम्मेलन को रद्द करने का निर्णय लिया है। यह जानकारी जॉर्डन की सरकारी पेट्रा समाचार एजेंसी ने दी। शिखर सम्मेलन में जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला द्वितीय, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, फिलिस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास और मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल-फतह अल-सीसी को एक साथ लाने की योजना थी। जॉर्डन के उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री अयमान सफ़ादी ने आज कहा कि गाजा पट्टी में फिलिस्तीनियों के खिलाफ चल रहे इजरायली हमले के कारण इस शिखर सम्मेलन को रद्द किया गया है। उन्होंने कहा कि शिखर सम्मेलन में युद्ध को रोकने, फिलिस्तीनियों की मानवता का सम्मान करने और आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए एक समाधान खोजने की योजना बनाई गई थी। उन्होंने कहा कि शिखर सम्मेलन को निलंबित करने का निर्णय फिलिस्तीनियों और मिस्र के समकक्षों के साथ परामर्श करने के साथ-साथ अमेरिका



■ सम्मेलन में किंग अब्दुल्ला द्वितीय, जो बाइडेन, महमूद अब्बास और अब्देल-फतह अल-सीसी को एक साथ लाने की थी योजना

के साथ चर्चा करने के बाद लिया गया है। श्री सफ़ादी ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से रक्तपात समाप्त कराने का आग्रह किया और कहा कि शिखर सम्मेलन ऐसे समय में आयोजित किया जाएगा जब युद्ध को रोक सकता है, गाजा के लोगों को मानवीय सहायता प्रदान किया जा सकता है और तबाही को समाप्त किया जा सकता है।

## वर्ग पहेली 6351

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | ■ | | ■ | ७ | | | |
| | ■ | ८ | ९ | | | | ■ | | ■ |
| ■ | १० | ■ | | ■ | ■ | ■ | ११ | ■ | १२ |
| १३ | | | | ■ | १४ | ■ | १५ | | |
| ■ | | ■ | १६ | | | | ■ | ■ | |
| १७ | | | ■ | ■ | | ■ | १८ | १९ | |
| | ■ | ■ | २० | | | २१ | ■ | | ■ |
| २२ | | | | ■ | ■ | २३ | | | |

**बायें से दायें:-**

१. बदचलन, दुश्चरित्र, कुकर्मी
३. खजाना, धनागार
५. न्यारा, सबसे अलग तरह का
६. किसी चीज का मजा मिलने पर उसे फिर खाने की इच्छा
७. हरियाली युक्त
८. किसी व्यक्ति, वस्तु, इमारत की सुरक्षा मेंलगे लोगों का दल
१३. प्रशंसा, तारीफ़
१५. सूचना
१६. शिक्षा, उपदेश, लाभप्रद राय (उर्दू)
१७. एक राक्षसी
१८. सरलता
२०. सूर्य
२२. नया ऊगा हुआ
२३. नयापन

**ऊपर से नीचे:-**

१. गाली, अपशब्द
२. चापलूस
३. शोरगुल
४. करीब-करीब
५. जो किसी से न डरे
९. जिसे नुकसान न हुआ हो
१०. प्रेम, प्यार (उर्दू)
११. होश, चेतना
१२. स्वेच्छाचारिता
१४. विभाग, हुक्म करने की जगह (उर्दू)
१७. इबादत, आराधना
१९. निवासी (उर्दू)
२०. आखिर, अवसान
२१. डूबा हुआ, मग्न

### वर्ग पहेली-6350

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ च | क्र | २ म | ध्य | ■ | ■ | ३ प | द | ४ मु | क्त |
| को | ■ | धु | ■ | ५ उ | द | र | ■ | क | ■ |
| ६ त | मा | शा | ■ | फ | ■ | ७ ख | ब | र | ची |
| रा | ■ | ८ ला | ९ त | मा | र | ना | ■ | ना | ■ |
| ■ | १० अ | ■ | ह | ■ | ■ | ■ | ११ वृ | ■ | १२ आं |
| १३ व्य | भि | चा | री | ■ | १४ बे | ■ | १५ क्ष | मि | त |
| ■ | मा | ■ | १६ र | स | प | ति | ■ | ■ | रि |
| १७ वि | न | ती | ■ | ■ | ना | ■ | १८ त | १९ नि | क |
| षै | ■ | ■ | २० खे | ति | ह | २१ र | ■ | जीं | ■ |
| २२ ला | भ | प्र | द | ■ | ■ | २३ थ | का | व | ट |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## तमिलनाडु के मछुआरों पर श्रीलंकाई समुद्री लुटेरों ने किया हमला

**चेन्नई,** 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। तमिलनाडु के नौ भारतीय मछुआरों पर श्रीलंकाई समुद्री लुटेरों ने बीच समुद्र में हमला



किया। पुलिस ने बुधवार को बताया कि लुटेरों ने उस समय हमला किया जब वह कोडाईक्कराई तट के पूर्व में मछली पकड़ रहे थे। पुलिस के अनुसार, घटना मंगलवार रात की है। यह पिछले दो महीनों में तमिल मछुआरों पर छठा हमला है। लुटेरों ने जिन मछुआरों पर समुद्र के बीच में हमला किया उनका सामान भी लूट लिया। मछुआरों ने अपनी शिकायत में बताया कि हमलावर के श्रीलंकाई होने का संदेह है, वह तमिल बोल रहे थे। पुलिस ने कहा कि वेदारण्यम के पास वनावंमाहदेवी के मूल निवासी एन. सुब्रमण्यम (50), ए. मुरुगेसन (45), ए. सुंदरमूर्ति (49), सी. राजगोपाल (63) और एस. महालिंगम (60) मंगलवार दोपहर को मछली पकड़ने के लिए समुद्र में उतरे थे। मछुआरों ने पुलिस को बताया कि जब वे कोडाईकराई तट के पास समुद्र में मछली पकड़ रहे थे, तभी कथित तौर पर श्रीलंकाई चार लोगों ने उन्हें रोक लिया। उनमें से दो व्यक्ति नाव पर चढ़ गए और मछुआरों पर हमला कर दिया और उनमें से तीन को नाव से बांध दिया।

वे अपनी स्पीड बोट में दो मछुआरों को भी ले गए। नाव में रखे 600 किलोग्राम मछली पकड़ने के जाल, जीपीएस सिस्टम और अन्य सामग्री के साथ भाग गए। इसके बाद समुद्री लुटेरों ने एक और मछली पकड़ने वाली नाव ढूंढ ली। वह उसमें घुस गए और एन. सेल्वम (36), एस. मुरुगनाथम (37), एम. सुब्रमण्यन (36) और आर. शनमुघवेल (34) पर हमला कर दिया। वे टॉर्च, कैच, गैजेट और मछली पकड़ने के जाल भी ले गए।

## बच्चे को थप्पड़ मारने पर पुलिसकर्मी को सुनाई सजा

**लंदन,** 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। पिछले साल ब्रिटिश शहर बर्मिंघम में एक स्कूल के बाहर झगड़े के दौरान 12 वर्षीय लड़के को थप्पड़ मारने के मामले में 41 वर्षीय भारतीय मूल की पूर्व महिला पुलिसकर्मी को सजा सुनाई गई है।

बर्मिंघम मेल अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, वेस्ट मिडलैंड्स पुलिस में कांस्टेबल शरणजीत कौर ने पिछले महीने इस्तीफा दे दिया था और इंडिपेंडेंट ऑफिस फॉर पुलिस कंडक्ट (आईओपीसी) की जांच के बाद उन पर आरोप लगाया गया था। बर्मिंघम मजिस्ट्रेट कोर्ट ने पाया कि कौर उस समय ऑफ-ड्यूटी थी, जब उन्होंने बर्मिंघम सड़क पर एक-दूसरे को धक्का दे रहे स्कूली लड़कों के बीच बीच-बचाव किया था। पिछले साल 13 अक्टूबर को हुई घटना का मोबाइल फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसके बाद वेस्ट मिडलैंड्स पुलिस ने आईओपीसी को एक कंडक्ट रेफरल भेजा। क्लिप में, वह स्कूली बच्चों में से एक पर चिल्लाती हुईं दिखाई दे रही है, और फिर उसके गाल पर थप्पड़ मारती है। जिस लड़के को थप्पड़ मारा गया था, उसके परिवार की ओर से भी शिकायत की गई है।

## आज का इतिहास

1630- बोस्टन में पहली बार आम अदालत का आयोजन हुआ था।
1689 - रायगढ़ के किले पर औरंगजेब ने कब्जा किया।1
722- फ्रांस के सी. होफर ने फायर फाइटर का पेटेंट कराया था।
1739- इंग्लैंड ने स्पेन के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
1745- गुलिवर ट्रैवल बुक लिखने वाले जोनाथन स्विफ्ट का निधन।
1950- चाम्बो का युद्ध खत्म हुआ। इसे चीन में लिबरेशन ऑफ तिब्बत भी कहा जाता है। यह युद्ध 6 अक्टूबर को तिब्बत और चीन के बीच शुरू हुआ था।
1960- नागरिक अधिकारों के लिए आंदोलन चलाने वाले अमेरिका के मार्टिन लूथर किंग-जूनियर को गिरफ्तार किया गया था।
1956: रूस और जापान ने हस्ताक्षर कर दोनों देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे युद्ध को अधिकारिक रूप से समाप्त किया था।
1774 - इंग्लैंड के सुप्रीम कोर्ट के जजों और नये काउंसिल सदस्यों का एक दल ईस्ट इंडिया कंपनी द्वारा भारत में चलाए जा रहे शासन को बेहतर बनाने के लिए कलकत्ता पहुंचा।
1781 - ब्रिटेन के लार्ड कॉर्नवालिस ने वर्जीनिया के योर्कटाउन में अमेरिकी जनरल जार्ज वाशिंगटन के सामने समर्पण कर दिया, जिससे अमेरिकी क्रांति का अंत हुआ और देश की आजादी का रास्ता बना।
1812 - नेपोलियन बोनापार्ट की फ्रांसीसी सेना ने रूस से वापसी शुरू की। नेपोलियन की सेना एक महीने से रूस की लौटती सेना का पीछा कर रही थी।
1910- एस्ट्रो-फिजिसिस्ट सुब्रह्मण्यम चंद्रशेखर का जन्म
1937- ब्रिटिश फिजिसिस्ट अर्नेस्ट रदरफोर्ड का निधन।

**परेशानी** *संरा महासचिव के मुख्य प्रवक्ता दुजारिक ने दी जानकारी*

# सूडान संघर्ष में अब तक 4,000 लोग मारे गए

**संयुक्त राष्ट्र, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। सूडान में गत 15 अप्रैल को लड़ाई शुरू होने के बाद से यानी छह महीने में लगभग 4, लोग मारे गए हैं और हजारों अन्य घायल हुए हैं। यह जानकारी संरा महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के मुख्य प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने मंगलवार को दी। संरा के मानवतावादियों ने कहा कि लड़ाई के कारण हजारों लोगों को पड़ोसी दक्षिण सूडान और चाड से पलायन करने पर मजबूर होना पड़ा है।**

श्री दुजारिक ने कहा कि संरा शरणार्थी एजेंसी (यूएनएचसीआर) ने बताया है कि अधिकांश मौतें 15 अप्रैल और अगस्त के के बीच हुई हैं। उन्होंने कहा कि यह संघर्ष जातीय दुश्मनी का परिणाम है। पूरे दारफुर में कम से कम 29 शहरों, कस्बों और गांवों को लूट लिया गया और नष्ट कर दिया गया। उन्होंने कहा, %यूएनएचसीआर और अन्य भागीदारों ने उत्तर और पश्चिम दारफुर में विस्थापित परिवारों को मुख्य राहत सामग्री प्रदान की। उन्होंने कहा, निश्चित रूप से एजेंसी और संरा में हम सभी संघर्ष में शामिल पक्षों से शरणार्थियों और आंतरिक रूप से विस्थापित मनुष्यों सहित नागरिकों की सुरक्षा की गारंटी देने तथा मानवीय सहायता के सुरक्षित मार्ग को सुनिश्चित करने का आह्वान करते रहते हैं। गौरतलब है कि



■ दारफुर में कम से कम 29 शहरों, कस्बों और गांवों को लूटा गया

लड़ाई सबसे पहले राजधानी खार्तूम में सूडानी सशस्त्र बलों और पहले से सहयोगी रैपिड सपोर्ट फोर्सेज के बीच शुरू हुई और पूरे देश में फैल गई। हिंसा के कारण हजारों लोग सूडान और पड़ोसी देशों में सुरक्षित स्थानों पर भाग गए हैं। मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संरा कार्यालय (ओसीएचए) ने बताया कि दक्षिण सूडान से रोजाना हजारों लोगों का आना जारी है। गत शुक्रवार तक, 310,000 लोग दक्षिण सूडान में सीमा पार कर गए।

### सुडोकू 6351 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 9 | 6 | 8 | 2 | 4 | 5 | 1 | 3 |
| 5 | 2 | 8 | 3 | 1 | 6 | 7 | 4 | 9 |
| 3 | 1 | 4 | 5 | 7 | 9 | 6 | 8 | 2 |
| 8 | 4 | 2 | 6 | 3 | 7 | 1 | 9 | 5 |
| 1 | 7 | 3 | 9 | 4 | 5 | 2 | 6 | 8 |
| 9 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 4 | 3 | 7 |
| 2 | 8 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 | 5 | 1 |
| 4 | 3 | 9 | 2 | 5 | 1 | 8 | 7 | 6 |
| 6 | 5 | 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 2 | 4 |

**हनोई,** 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। वियतनाम में इस साल की शुरुआत से अब तक डेंगू के 99,639 मामले सामने आए हैं और 27 लोगों की मौत हो चुकी है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय के मुताबिक पिछले सप्ताह की तुलना में पिछले सप्ताह डेंगू के नए मामलों की संख्या में कमी आई है, लेकिन राजधानी

# खेल जगत

## अर्जेंटीना ने मेसी के दो गोलों से पेरू को हराया



**लीमा,** 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। अर्जेंटीना ने लियोनेल मेसी के पहले हाफ में किए गए दो गोल की मदद से फीफा विश्व कप क्वालीफायर मुकाबले में पेरू को 2-0 से हरा दिया। लीमा में नेशनल स्टेडियम में मंगलवार को यहां खेले गये मैच में मेसी ने आधे घंटे के बाद ही पहला गोलकर अपनी टीम को 1-0 से बढ़त दिला दी। मौजूदा विश्व चैंपियन अर्जेंटीना ने मेसी के 16 गज की दूरी से किये गये दूसरे गोल से बढ़त को 2-0 कर दिया। इस जीत के साथ ही अर्जेंटीना ने क्वालीफायर में शानदार शुरुआत बरकरार रखी है। अर्जेंटीना ने चार मैच जीते है और उसने दूसरे स्थान पर मौजूद उरुग्वे पर पांच अंकों की बढ़त बना ली है। पेरू अब तक केवल एक अंक के साथ 10 टीमों की तालिका में नौवें स्थान पर है। मंगलवार को दक्षिण अमेरिका के क्वालीफाइंग ग्रुप में अन्य जगहों पर हुए मुकाबलों में उरुग्वे ने ब्राज़ील को 2-0 से हराया, इक्वाडोर को कोलंबिया ने गोल रहित घरेलू ड्रा पर रोका, पराग्वे ने बोलीविया पर 1-0 से जीत हासिल की।

# रोहित दे दनादन कर भारत को बांग्लादेश के खिलाफ भी जीत दिलाने के मकसद से उतरेंगे

- भारत की कोशिश जीत के चौके' के साथ शीर्ष पर बने रहने की
- भारत पिछले तीनों विश्व कप में बांग्लादेश को दे चुका है शिकस्त

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत के कप्तान सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा मैदान पर उतरते ही दे दनादन कर हावी होने की नई रणनीति से आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2023 के पिछले दो मैचों में -पहले में शतक और फिर अर्द्धशतक जड़ने के कामयाब प्रदर्शन को अपनी जन्मस्थली पुणे में भी जारी रखने के मकसद से उतरेंगे। रोहित की कोशिश भारत को अब बांग्लादेश के खिलाफ भी बृहस्पतिवार को जीत दिला जीत के 'चौके' के साथ उसे शीर्ष पर बरकरार रखने की होगी। भारत ने मौजूदा संस्करण में अपने शुरू के तीनों मैच जीते हैं।अफगानिस्तान को हरा कर जीत से आगाज करने वाले बांग्लादेश की गाड़ी इंग्लैंड और न्यूजीलैंड से पिछले मैच हार कर पटरी से उतर चुकी है। भारत अब तक वन डे विश्व कप के इतिहास में बांग्लादेश चार में से केवल एक बार 2007 में पांच विकेट से हारा है। भारत ने इसके बाद बांग्लादेश से अगले तीनों संस्करणों में अपने मैच दमदार अंदाज में जीत पूरी तरह अपनी श्रेष्ठता साबित की है। सबसे रोचक बात यह है कि भारत की पिछले दो यानी 2015 और 2019 के संस्करणों में बांग्लादेश पर दमदार जीत में मौजूदा कप्तान रोहित शर्मा ने शतक जड़े थे और अब भी उनके बल्ले से रन बरस रहे हैं। भारत यही आस करेगा कि कप्तान रोहित शर्मा मौजूदा संस्करण में भी बांग्लादेश के खिलाफ शतक जड़ शतकों की हैट्रिक पूरी करें। साथ ही 2011 के संस्करण में मीरपुर पर बांग्लादेश के खिलाफ जीत में वीरेंद्र सहवाग की तरह विस्फोटक अंदाज में शतक जड़ने वाले भारत के 'चेज मास्टर' विराट कोहली का बल्ला इस बार भी खूब बोल रहा है। मौजूदा संस्करण में भारत की लगातार तीसरी जीत के बावजूद बीते चार दिन में अफगानिस्तान की दिल्ली में मौजूदा चैंपियन इंग्लैंड पर 69 रन से और नीदरलैंड की दक्षिण अफ्रीका पर रविवार को धर्मशाला में 38 से सनसनीखेज जीत ने मौजूदा वन डे विश्व कप को खासा रोचक बनाने के साथ भारत सहित हर बड़ी टीम को बड़ा संदेश यह दिया कि वह कभी भी किसी टीम को कमतर आंकने की गलती नहीं कर सकती है। भारत ने भले ही कोलंबो में एशिया कप में पिछले मैच में बांग्लादेश से छह रन से हार गया हो लेकिन उसके लिए खुशखबरी है कि उस मैच में शतक जड़ने वाले उसके सलामी बल्लेबाज डेंगू से पूरी तरह फिट होकर फिर उसके खिलाफ अपना जलवा दिखाने को तैयार हैं। पिछले पांच मैचों बांग्लादेश ने बेशक भारत से तीन मैच जीते हैं जबकि भारत ने मात्र दो। इनमें एक दिलचस्प बात यह है भारत ने जो मैच जीता उसमें उसने इशान किशन के दोहरे शतक और विराट कोहली के शतक 400 से ज्यादा रन बनाए। बांग्लादेश ने भारत से बीते बरस जो वन डे सीरीज 2-1 से जीती और इसमें भारत के शीर्ष गेंदबाज चोट या फिर प्रयोग के क्रम में नहीं खेले। विराट कोहली को बांग्लादेश के कप्तान बाएं हाथ के स्पिनर शाकिब अल हसन ने भले ही अब तक वन डे क्रिकेट मैच में पांच बार आउट किया है। बावजूद इसके विराट जिस तरह की फॉर्म में है और उसके चलते शाकिब के लिए उन्हें रोकना बड़ी चुनौती होगा। ऑलराउंडर कप्तान शाकिब यदि फिट रहते हैं तो उनसे और ऑफ स्पिन ऑलराउंडर मेहदी मिराज से भारत को चौकस रहने की जरूरत है। भारत के कप्तान रोहित पहले ही यह कह चुके हैं कि उनकी भारतीय टीम इस विश्व कप में किसी भी टीम को हल्के में लेने की गलती नहीं करेगी। शाकिब न्यूजीलैंड के खिलाफ पिछले मैच में %क्वाड' की जिस चोट से परेशान हुए थे वह इससे उबर भी गए तो वह इस चोट के चलते ज्यादा एहतियात बरतेंगे। भारत की खुशकिस्मती यह है कि रोहित व विराट की सलामी जोड़ी के साथ विराट, श्रेयस व केएल राहुल के साथ उसका शीर्ष क्रम तो रंग में है ही उपकप्तान ऑलराउंडर हार्दिक पांडया और रवींद्र जडेजा जैसे ऑलराउंडर बल्ले और गेंद दोनों से रंग में हैं और ऐसे में उसके पास सातवें नंबर तक मजबूत बल्लेबाजी है।



**मैच का समय : दोपहर दो बजे से (भारतीय समयानसार)**

भारत को एक बड़ा फैसला यह लेना होगा कि वह शार्दूल ठाकुर को बांग्लादेश के खिलाफ एकादश में बरकरार रखे या फिर उनकी जगह रविचंद्रन अश्विन अथवा मोहम्मद शमी में किसी एक को उतार अपने तेज गेंदबाजी आक्रमण को और मजबूत बनाए। रोहित शर्मा के लिए - शार्दूल, अश्विन और शमी में से किसी एक को चुनना बड़ी चुनौती होगा। दरअसल बांग्लादेश के लिए तीन मैचों में दो अर्द्धशतक सहित सबसे ज्यादा रन मुशफिकुर रहीम(कुल 119 रन) ने बनाए हैं जबकि लिटन दास, नजमुल शांतों और मेहदी हसन मिराज ही एक -एक अर्द्धशतक जड़ पाए हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ कप्तान शाकिब (कुल 40 रन) रहीम के साथ पांचवें विकेट 96 रन की सबसे बड़ी भागीदारी करने के बावजूद तेज गेंदबाजों के खिलाफ जूझते नजर आए। भारत के लिए सबसे बड़ी खुशखबरी है कि चोट से उबर कर कामयाबी वापसी करने वाले तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने खुद कहर बरपा अब तक तीन मैचों में आठ विकेट चटकाए हैं। इंग्लैंड के रीस टाप्ले,क्रिस वॉक्स और सैम करेन ने बांग्लादेश के खिलाफ आपस में आठ विकेट बांट कर अपनी टीम को जीत दिलाई। वहीं न्यूजीलैंड के रफ्तार के सौदागर लॉगी फर्गुसन, बोल्ट और मैट हेनरी ने भी भी आपस में आठ विकेट बांट अपनी टीम को बांग्लादेश के खिलाफ जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। ऐसे में मुमकिन है भारत शुरू के तीन मैचों के अपने सबसे कामयाब तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह (कुल 8 विकेट), हार्दिक पांडया(कुल पांच विकेट), मोहम्मद सिराज (कुल 3 विकेट) ऑलराउंडर शार्दूल ठाकुर (मात्र एक विकेट) और रविचंद्रन अश्विन (मात्र एक विकेट) दोनों को बाहर बैठाकर चौथे तेज गेंदबाज के रूप में मोहम्मद शमी को बाएं हाथ के स्पिनर रवींद्र जडेजा (पांच विकेट) और कुलदीप यादव(पांच विकेट)के साथ उतरे।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मात्र दो रन पर तीन विकेट खोने के बाद विराट कोहली ने केएल राहुल के साथ बड़ी शतकीय भागीदारी कर भारत को छह विकेट जीत दिलाने के बाद अफगानिस्तान के खिलाफ अपने दिल्ली के अपने घरेलू मैदान पर अविजित अर्द्धशतक भारत को आठ विकेट से जीत दिला कर यह दर्शाया कि उसका शीर्ष क्रम पूरी तरह चौकस उसे लगातार चौथी जीत दिलाने को तैयार है। विराट(16) और अब पूरी तरह शुभमन गिल (16) भले ही पाकिस्तान के खिलाफ सस्ते में आउट हो गए लेकिन दोनों जिस तरह पूरे विश्वास से खेले और भारत ने कप्तान रोहित और नौजवान श्रेयस अय्यर के अर्द्धशतकों से पाकिस्तान पर सात विकेट विकेट से जीत दर्ज की उससे यह साफ है कि बांग्लादेश के गेंदबाजों के लिए भारत की मजबूत बल्लेबाजी पर लगाम लगाना बड़ी चुनौती होगा। भारत के लिए शुरू के तीन मैचों में रन बनाने में सबसे आगे चल रहे रोहित शर्मा (कुल 217 रन), विराट कोहली (कुल 156 रन) , केएल राहुल (कुल 116 रन) और श्रेयस अय्यर (78 रन) के साथ सभी का कम से कम एक अर्द्धशतक जड़ना और केएल राहुल का ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 97 रन बनाकर अविजित रहना यह दर्शाता है कि उसके पास बांग्लादेश के कप्तान बाएं हाथ के स्पिनर शाकिब अल हसन (पांच विकेट), ऑफ स्पिनर मेहदी हसन(4 विकेट), मेहदी हसन मिराज (3 विकेट) के साथ तेज गेंदबाज शेरीफुल इस्लाम (5 विकेट ) से पार पाने का दम है। यदि कहीं शाकिब अल हसन नहीं खेले तो फिर बांग्लादेश के लिए भारत को पुणे में भी रोकना मुश्किल होगा।

# दानिश कनेरिया ने धार्मिक पूर्वाग्रह को लेकर पाकिस्तान क्रिकेट को घेरा



**बेंगलुरू,** 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। मोहम्मद रिजवान द्वारा हैदराबाद के राजीव गांधी स्टेडियम में नमाज पढ़ने और अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में जय श्री राम के नारे लगाने को लेकर उपजे विवाद के बीच पाकिस्तान के पूर्व स्टार स्पिनर दानिश कनेरिया ने पाकिस्तान क्रिकेट में धार्मिक पूर्वाग्रह को उजागर किया है।

दानिश ने एक वीडियो के साथ संलग्न पोस्ट में श्रीलंका के खिलाफ मुकाबले के दौरान मैदान में इस्लाम के प्रदर्शन के लिए एक पाकिस्तानी खिलाड़ी की आलोचना की। वीडियो में दिखाया गया है कि एक पाकिस्तानी खिलाड़ी तिलकरत्ने दिलशान से कह रहा है कि वह इस्लाम कबूल कर ले, अगर वह ऐसा नहीं करेंगा तो आग में जलकर राख हो जाएगा। पाकिस्तानी खिलाड़ी को यह कहते हुए देखा गया, अगर आप (हैं) गैर-मुस्लिम हैं और आप मुस्लिम बन जाते हैं, तो चाहे आप जीवन में कुछ भी करें, आप सीधे स्वर्ग जाएंगे।

जिस पर दिलशान जवाब देते हैं लेकिन वीडियो में ऑडियो अस्पष्ट है। जवाब में पाकिस्तानी खिलाड़ी कहता है, तो फिर आग के लिए तैयार रहो। इस पर टिप्पणी करते हुए कनेरिया ने कहा, चाहे वह ड्रेसिंग रूम हो, खेल का मैदान हो या डाइनिंग टेबल, मेरे साथ यह हर दिन होता है।

एक अन्य पोस्ट में कनेरिया ने क्रिकेट कमेंटेटर वकार यूनिस द्वारा रिज़्वान के मैदान में नमाज़ पढ़ने को उचित ठहराने पर सवाल उठाते हुए व्यंग्यात्मक ढंग से कहा, काफिर हिंदुओं के सामने नमाज़ पढ़ना मैच से अधिक महत्वपूर्ण था। यही समस्या है। वकार एक पाकिस्तानी टेलीविजन में कहते देखे गये हैं, मोहम्मद रिज़्वान ने समझदारी से खेला और जो आक्रामकता उन्होंने दिखाई और सबसे अच्छा जो रिज़्वान ने किया माशाअल्लाह, जो मैदान में खड़े होकर हिंदुओं के सामने नमाज पढ़ते थे, वह वास्तव में कुछ था ख़ास मेरे लिए।

कनेरिया ने पाकिस्तान टीम के निदेशक मिकी आर्थर की यह कहने के लिए भी आलोचना की कि नरेंद्र मोदी स्टेडियम के अंदर के माहौल से ऐसा नहीं लग रहा था कि यह कोई आईसीसी कार्यक्रम है। आर्थर ने कहा था, देखिए, अगर मैं कहूं कि ऐसा नहीं हुआ तो मैं झूठ बोलूंगा। ईमानदारी से कहूं तो यह आईसीसी की कोई स्पर्धा नहीं लग रही थी। यह एक द्विपक्षीय सीरीज जैसा लग रहा था, ऐसा लग रहा था कि यह बीसीसीआई की स्पर्धा है मैंने ऐसा नहीं किया। आज रात माइक्रोफोन पर 'दिल दिल पाकिस्तान' बार-बार नहीं सुनाई देगा। यहां तक कि पाकिस्तान के पूर्व कप्तान सलमान बट ने भी आर्थर को उनकी टिप्पणियों के लिए कहा, यह पूरी तरह से अनावश्यक और गैर-पेशेवर था। यह कुछ ऐसा था जो उनके नियंत्रण से परे था और उन्हें इस बारे में चिंतित होने वाला अंतिम व्यक्ति होना चाहिए।

# उलटफेर का शिकार हुई दक्षिण अफ्रीका

- कप्तान एडवडर्स के बेहतरीन खेल से नीदरलैंड ने द. अफ्रीका को हरा किया वन डे विश्व कप का दूसरा बड़ा उलटफेर
- बीक और मर्व ने द. अफीका को 207 पर ढेर कर नीदरलैंड को जिताया



नई दिल्ली, 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। विकेटकीपर बल्लेबाज स्कॉट एडवडर्स की अविजित 78 रन की बेहतरीन पारी, तीन बेहतरीन कैच व चतुर कप्तानी तथा तेज गेंदबाज लोगन वान बीक (3/60) की धारदार गेंदबाजी से नीदरलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को मंगलवार देर रात धर्मशाला में 38 रन से हराकर आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप 2023 का दूसरा बड़ा उलटफेर कर उसकी लगातार दो जीत के सिलसिले को तोड़ अपनी पहली जीत दर्ज की। दक्षिण अफ्रीका का हर विकेट गिरने के बाद %मैच अप' को जेहन में रखकर नीदरलैंड के कप्तान एडवडर्स का %पर्ची' देख सही गेंदबाज को मोर्चे पर लगाना बेहद कारगर रहा। अफगानिस्तान ने रविवार को मौजूदा चैंपियन इंग्लैंड को 69 रन से हरा मौजूदा संस्करण का पहला सबसे बड़ा उलटफेर किया था। नीदरलैंड ने बीते बरस दक्षिण अफ्रीका को टी-20 विश्व कप में हरा कर खिताब की होड़ से बाहर कर बड़ा उलटफेर किया था। नीदरलैंड ने पहले बल्लेबाजी की दावत पाकर 15.1 ओवर में शुरू के चार विकेट 50 रन पर गंवा दिए थे। वहीं मैच-अप के मुताबिक नीदरलैंड ने स्पिनर खासतौर पर वान डेर मर्व को मोर्चे पर लगाया और पारी के शुरू में दक्षिण अफ्रीका में दो विकेट चटकाए और 11.2 ओवर में उसका स्कोर चार विकेट 44 कर दिया। मर्व का अपने शुरू के दो ओवर के बाद गेंदबाज विश्लेषण था 2-0-5-2 ।

अपने शुरू के 22 वें ओवर में पांच विकेट पर मात्र 82 रन गंवा के बावजूद कप्तान मैन ऑफ द' स्कॉट एडवडर्स के 69 गेंद पर एक छक्के और दस चौकों की मदद से तूफानी अविजित 78 की बदौलत नीदरलैंड ने बारिश के कारण मैच प्रति टीम 43-43 ओवर का किए जाने पर मंगलवार को आठ विकेट पर 245 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। विकेटकीपर बल्लेबाज एडवडर्स ने वान डेर मर्व (29 रन, 19 गेंद, एक छक्का और तीन चौके) साथ आठवें विकेट के लिए 64 और भारतीय मूल के आर्यन दत्त (अविजित 23रन ,9 गेंद, तीन छक्के) के साथ 19 गेंदों में 41 रन की असमाप्त भागीदारी कर नीदरलैंड को उम्मीद से बड़े स्कोर तक पहुंचाया।आखिर के 13 ओवर में नीदरलैंड ने 113 रन जोड़े। नौजवान आर्यन दत्त की तारीफ करनी होगी कि उन्होंने लुंगी एंगिडी और जेरल्ड कोइत्जी की धीमी गेंदों पर तीन जोरदार छक्के जड़ कर कप्तान एडवडर्स के साथ मिलकर सभी का दिल जीत लिया।

नीदरलैंड के तेज गेंदबाज लोगन वान बीक(3/60), पॉल वॉन मीकरन (2/40), बास डी लिडे (2/36) और बाएं हाथ के स्पिनर राल्फ वन डेर मर्व (2/34) के गेंद से कमाल के सामने जवाब में डेविड मिलर (43 रन, 52 गेंद, एक छक्का, चार चौके) और हेनरी क्लासेन (28 रन, 28 गेंद चार चौके) की छठे विकेट 45 रन की भागीदारी तथा केशव महाराज (40 रन, 37 गेंद, एक छक्का, पांच चौके) के बावजूद दक्षिण अफ्रीका की टीम 42.3 में 207 रन पर आउट होकर मैच हार गई। केशव महाराज ने बीक की ऑफ स्टंप के बाहर जाती गेंद पर वान बीक की गेंद पर बल्ला अड़ा अंतिम बल्लेबाज के रूप में आउट होने से पहले लुंगी एंगिडी के साथ 41 रन जोड़े। बीक ने दक्षिण अफ्रीका के हेनरी क्लासेन , मंगलवार को सबसे ज्यादा रन बनाने वाले डेविड मिलर और आखिरी बल्लेबाज केशव महाराज के बेशकीमती विकेट निकाल कर दक्षिण अफ्रीका की ऐतिहासिक जीत में अहम रोल अदा किया। कप्तान तेंबा बाउमा और क्विंटन डी कॉक ने तेज आगाज कर 36 रन जोड़े थे कि कॉक (20 रन, 22 गेंद, 3 चौके,) पारी के आठवें और ऑफ स्पिनर कॉलिन एकरमैन के पहले ओवर की गेंद को पैडल करने की कोशिश और गेंद उनके दस्ताने अपने और कंधे को लेकर उछली और विकेटकीपर स्कॉट एडवडर्स ने कैच लपक लिया। बाएं हाथ के स्पिनर मर्व की तेजी से अंदर गेंद को कप्तान बाउमा (19) टर्न के लिए खेले लेकिन गेंद उनका विकेट उड़ा ले गई और दक्षिण अफ्रीका ने दूसरा 39 रन खोया। दक्षिण अफ्रीका के स्कोर में तीन रन और जुड़े कि एडन मरक्रम (4) ने पॉल वान मीरकन की तेजी से भीतर आती नीची रही गेंद को गेंद को खेलने से चूके और बोल्ड हो गए और दक्षिण अफ्रीका अपना चौथा विकेट 44 रन । हेनरिक क्लासेन (28 रन, 28 गेद, चार चौके) और डेविड मिलर ने पांचवें विकेट के लिए 45 रन जोड़ दक्षिण अफ्रीका को संभालने की कोशिश की। क्लासेन ने वान बीक की उछाल लेती गेंद को उड़ाने के फेर में विक्रमजीत सिंह ने फाइन लेग पर लपक लिया और दक्षिण अफ्रीका ने 19 वें ओवर पांचवां विकेट 89 पर खोया। वान मीकरन ने पारी के अधबीच मार्को येनसन (9) को बोल्ड कर दिया और दक्षिण अफ्रीका ओवर में छह विकेट 109 पर खो कर बड़े संकट में फंस गई। इससे पूर्व दक्षिण अफ्रीका का स्कोर जब 103 पर मर्व की गेंद डे मिलर का कैच छोड़। लोगन वान बीक के पांचवें ओवर की अंतिम गेंद को डेविड मिलर बड़ा शॉट लगाने फेर में बोल्ड हो गए और दक्षिण अफ्रीका ने पारी के 31 वें ओवर में अपना सातवां विकेट जब 145 रन पर खोया तो मैच उसके हाथ से लगभग निकल चुका था कि क्योंकि तब उसे 12 ओवर में जीत के लिए 101 रन की जरूरत थी लेकिन खतरनाक होते दिख रहे कोइत्जी(22 रन, 23 गेंद, एक छक्का व दो चौके) ने तेज गेंदबाज बास डी लिडे की ऑफ स्टंप के बाहर गेंद को पुल करने की कोशिश और कप्तान एडवडर्स ने दबाव में धैर्य से कैच लपक लिया और दक्षिण अफ्रीका ने 33.1 ओवर में आठवां विकेट 147 रन खो दिया और कसिगो रबाड़ा ने बास डी लीडे की गेंद को उड़ाने की कोशिश में नौवां विकेट एंजेलब्रेट को लॉन्ग ऑन पर कैच थमा दिया। बीक ने पारी के 43 वें और अंतिम ओवर में महाराज को आउट कर दक्षिण अफ्रीका की पारी समेट कर नीदरलैंड को जीत दिलाई।

# रोहित ने आईसीसी रैंकिंग में पांच पायदान की लागई छलांग

**दुबई,** 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। आईसीसी एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने कमाल करते हुए 5 स्थानों की छलांग लगाते हुए छठे पायदान पर पहुंच गये है।

उल्लेखनीय है कि 10 अक्टूबर को जारी रैंकिंग में रोहित 11वें नंबर पर थे। ताजा एकदिवसीय रैंकिग में रोहित शर्मा छठे नंबर पर आ गए हैं और एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग के टॉप 10 में भारत के तीन बल्लेबाज शामिल है। शुभमन गिल दो नंबर पर, रोहित शर्मा नंबर छठे तथा विराट कोहली वर्तमान रैंकिंग में नौ नंबर पर हैं। इसके अलावा रोहित शर्मा इस समय टेस्ट और एकदिवसीय रैंकिंग में टॉप 10 में मौजूद रहने वाले इकलौते भारतीय हैं।

बुधवार को आईसीसी मीडिया विज्ञप्ति के अनुसार नवीनतम अपडेट के अनुसार क्विंटन डी कॉक, रोहित शर्मा और ट्रेंट बोल्ट ने पुरुष एकदिवसीय रैंकिंग में छलांग लगाई है। दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज डी कॉक ने लगातार दो शतकों के साथ टूर्नामेंट की शुरुआत की, लेकिन कल नीदरलैंड्स के खेले गये मुकाबले में 20 रन पर आउट होने के बाद शीर्ष स्थान के करीब पहुंचने का मौका चूक गए। दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर-बल्लेबाज फिर भी एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में तीन स्थान ऊपर चढ़कर तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं।

अफगानिस्तान के खिलाफ 131 रन बनाने और चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ 63 गेंदों में 86 रन बनाने के बाद रोहित पांच स्थान की लंबी छलांग लगाकर छठे स्थान पर पहुंच गए हैं।



अफगानिस्तान के सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज़ (19 स्थान ऊपर 18वें स्थान पर) और नीदरलैंड के कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स (16 स्थान ऊपर 27वें स्थान पर) भी शानदार पारियों के बाद बल्लेबाजी रैंकिंग में सुधार हुआ हैं। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने 836 रेटिंग अंक हासिल कर लिए हैं और वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में अपनी बढ़त 18 अंक का सुधार किया है।

वही भारत के युवा खिलाड़ी शुबमन गिल बीमारी पर काबू पाने के बाद पाकिस्तान के खिलाफ 12 रनों के साथ अपने क्रिकेट विश्व कप अभियान की शुरुआत करने वाले दूसरे स्थान पर बने हुए हैं।

बंगलादेश के खिलाफ बेहतरीन गेंदबाजी के बाद न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज बोल्ट एकदिवसीय गेंदबाजी रैंकिंग में पहले स्थान पर पहुंच गए हैं। बोल्ट ने बंगलादेश के खिलाफ 45 रन देकर दो विकेट लिये थे। उन्होंने तौहीद हृदोय को आउट करके एकदिवसीय मैच में अपना 200वां विकेट भी लिया था। अफगानिस्तान के जादूगर राशिद खान गेंदबाजी रैंकिंग में दो स्थान ऊपर चढ़कर चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि दक्षिण अफ्रीका के ही स्पिनर केशव महाराज सात स्थान ऊपर चढ़कर मुजीब उर रहमान के साथ पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं। तेज गेंदबाजों में, भारत के जसप्रित बुमरा (सात स्थान ऊपर) और दक्षिण अफ्रीका के कैगिसो रबाडा (एक स्थान ऊपर) 14वें पायदान पर पहुंच गए हैं, जबकि लुंगी एनगिडी छह स्थान ऊपर 16वें पायदान पर पहुंच गए हैं। बंगलादेश के अनुभवी शाकिब अल हसन 343 अंकों के साथ एकदिवसीय ऑलराउंडर रैंकिंग में पहले स्थान पर हैं। क्रिकेट विश्व कप की तेज शुरुआत से न्यूजीलैंड के स्पिनर मिशेल सैंटनर एक स्थान ऊपर चढ़कर छठे स्थान पर पहुंच गए हैं। क्रिकेट विश्व कप में अब तक गेंद के साथ ग्लेन मैक्सवेल के प्रभावशाली प्रभाव ने ऑलराउंडर रैंकिंग में उन्हें तीन पायदान ऊपर चढ़कर आठवें स्थान पर पहुंच गये है।

**सार संक्षेप**

## न्यूजीलैंड ने अफगानिस्तान को दिया 289 रन का लक्ष्य

**चेन्नई।** न्यूजीलैंड ने गुरुवार को आईसीसी विश्व कप 223 के 16वें मुकाबले में ग्लेन फिलिप्स 71 रन और कप्तान टॉम लैथम 68 रन के अर्धशतकों की बदौलत अफगानिस्तान के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 ओवरों में छह विकेट पर 288 रन बनाये है। एमए चिदंबरम स्टेडियम में आज अफगानिस्तान के कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी ने टॉस जीतकर न्यूजीलैंड को पहले बल्लेबाजी करने का न्यौता दिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत खराब रही है और उसका पहला विकेट सातवें ओवर की तीसरी गेंद पर डेवन कॉन्वे 2 रन के रूप में गिरा। उन्हें मुजीब ने पगबाधा आउट किया। इसके बाद विल यंग और रचिन रविंद्र संभल कर खेलते हुए 79 रनों की साझेदारी की। 21वें ओवर की दूसरी गेंद पर उमरजई ने रविंद्र 32 रन को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। न्यूजीलैंड का तीसरा विकेट विल यंग का गिरा। उन्होंने 64 गेंद में 4 चौको और 3 छक्कों की मदद से 54 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। उन्हें उमरजई ने अलीखिल के हाथों कैच आउट कराया। 22वें ओवर की चौथी गेंद पर डैरिल मिशेल एक रन बनाकर पवेलियन लौट गये। उन्हें राशिद ने इब्राहिम जदरान के हाथों कैच आउट कराया। कप्तान टॉम लेथम ने 74 गेंदों में 68 रन बनाये। उन्हें नवीन अल हक ने बोल्ड आउट किया। ग्लेन फिलिप्स ने 8 गेंद में 4 चौके और 4 छक्के की मदद से 71 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। इन दोनों ने 144 (153) रन की साझेदारी हुई। अफगानिस्तान को मैच जीतने के लिए 289 रन बनाने है। अफगानिस्तान की ओर से अजमतुल्लाह उमरजई और नवीन-उल-हक ने 2-2 विकेट लिये। जबकि मुजीब उर रहमान और राशिद ख़ान को एक -एक विकेट मिला।

## अश्विन को टीम में शामिल करने पर रहेंगी प्रशंसकों की नजर

**पुणे।** आईसीसी विश्व कप में महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में बंगलादेश के खिलाफ गुरुवार को होने वाले मुकाबले में स्पिनर आर अश्विन को टीम में शामिल किये जाने सवाल पर रहेंगी लाखों प्रशंसकों की नजर। हालांकि इस मुकाबले में भारत का पलड़ा भारी है। ऐसा माना जा रहा है कि पुणे की पिच बल्लेबाजी के लिए अनुकूल नेट अभ्यास के दौरान दिग्गज स्पिनर अश्विन को स्पिन गेंदबाजी पर टिप्स देते देखा गया। ऐसा माना जा रहा है कि टीम का बल्लेबाजी क्रम को परेशान नहीं करना चाहता, जब तक कि अश्विन एकादश के जरूरी न हो। यहां प्रशंसक भारत द्वारा आक्रामक खेल की उम्मीद कर रहे हैं, रोहित शर्मा शानदार लय में दिख रहे हैं और शुभमन गिल अहमदाबाद में पाकिस्तान के खिलाफ वापसी की हैं, उन्होंने विकेट पर अपने संक्षिप्त पारी में आक्रमता की झलक दिखाई। रोहित ने तीन मैचों में 217 रन बनाए हैं और पिछले दो मैचों में एक शतक और एक अर्धशतक लगाया है। आईसीसी विश्व कप 223 में आठ विकेट के साथ जसप्रीत बुमरा संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं।

## गाजा के साथ एकजुटता दिखाने पर छात्र निलंबित

**लंदन।** ब्रिटेन के लंदन में स्कूल ऑफ ओरिएंटल एंड अफ्रीकन स्टडीज गाजा के साथ एकजुटता में निकाली गई एक रैली के बाद छात्रों को निलंबित कर दिया है। एसओएएस में फिलिस्तीन समुदाय के छात्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एसओएएस फिलिस्तीन सोसाइटी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, तत्काल एसओएएस यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन, जो अपनी तथाकथित प्रगतिशील राजनीति के लिए प्रसिद्ध है, ने गाजा के साथ एकजुटता में एक रैली के बाद अपने ही छात्रों को निलंबित करने के लिए आधिकारिक तौर पर कदम उठाना शुरू कर दिया है।

# देश विदेश

# अमेरिका इजरायल का समर्थन करना जारी रखेगा : बाइडेन

## अमेरिकी राष्ट्रपति बोले, इजरायली लोगों का साहस, प्रतिबद्धता और बहादुरी 'आश्चर्यजनक'

**यरुशलेम,** 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा है अमेरिका इजरायल का समर्थन करना जारी रखेगा। उन्होंने कहा कि यहां से क्या होगा, इसके बारे में मैं चर्चा करने के लिए उत्सुक हूं। उन्होंने कहा कि इजरायली लोगों का

**मैंने यह दिखाने के लिए इजरायल का दौरा किया कि इस संघर्ष में अमेरिका कहां खड़ा है : जो बाइडेन, अमेरिकी राष्ट्रपति**

साहस, प्रतिबद्धता और बहादुरी 'आश्चर्यजनक' है, मुझे यहां होने पर गर्व है। श्री बाइडेन ने कहा कि उन्होंने यह दिखाने के लिए इजरायल का दौरा किया कि इस संघर्ष में अमेरिका कहां खड़ा है। श्री बाइडेन ने कहा कि हमला सात अक्टूबर को हमास द्वारा किए गए नरसंहार का वर्णन करता है। उन्होंने कहा कि यह कहना अतिशयोक्ति नहीं है कि हमास ने 31 अमेरिकियों सहित 1,300 लोगों की हत्या की। उन्होंने कहा कि वह बच्चों सहित इज़रायली बंधकों के बारे में भी सोचते है। उन्होंने कहा, कल्पना कीजिए कि हमास से छुपे हुए वे बच्चे क्या सोच रहे थे यह मेरी



समझ से परे है।

उन्होंने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से कहा, अमेरिका इजरायल का समर्थन करना जारी रखेगा। यहां से क्या होगा, इसके बारे में मैं चर्चा करने के लिए उत्सुक हूं। श्री बाइडेन ने गाजा में कल रात हुए अस्पताल विस्फोट पर इज़रायल के प्रधानमंत्री से कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि यह दूसरी टीम द्वारा किया गया था। उन्होंने कहा, इस घटना से उन्हें गहरा दु:ख और आक्रोश है। उन्होंने कहा, मैंने जो देखा है उसके आधार पर ऐसा प्रतीत होता है जैसे यह दूसरी टीम द्वारा किया गया था, आपने नहीं। लेकिन वहां बहुत सारे लोग हैं जो निश्चित नहीं हैं, इसलिए हमें बहुत सी चीजों पर काबू पाना होगा। श्री नेतन्याहू ने कहा, सभ्य दुनिया को हमास को हराने के लिए एकजुट होना चाहिए। उसी तरह जैसे उसने आईएसआईएस से मुकाबला करते समय किया था। इजरायल के प्रधानमंत्री

**हम हमास को हरा देंगे और इस भयानक खतरे को अपने जीवन से दूर कर देंगे : बेंजामिन नेतन्याहू, प्रधानमंत्री, इजरायल**

ने कहा, हम हमास को हरा देंगे और इस भयानक खतरे को अपने जीवन से दूर कर देंगे। यह सिर्फ हमारे देश के लिए नहीं बल्कि सभी के लिए है। उन्होंने श्री बाइडेन को 'सच्चा दोस्त' कहा और युद्ध के दौरान इज़रायल का दौरा करने के उनके गहराई से आगे बढ़ने वाले निर्णय की सराहना की। उन्होंने कहा, मुझे पता है कि जब मैं आपको धन्यवाद कहता हूं तो मैं इज़रायल के लोगों के लिए बोलता हूं। श्री नेतन्याहू ने श्री बाइडेन की 'नैतिक स्पष्टता' की प्रशंसा की। श्री नेतन्याहू पहले व्यक्ति हैं जिन्होंने इज़रायल के समर्थन और नैतिक स्पष्टता के लिए श्री बाइडेन को धन्यवाद दिया है।अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा कुछ दिन पहले लिखे गए एक ट्वीट से सहमत होने से पहले श्री बाइडेन से कहा, आपने सभ्यता की ताकतों और बर्बरता की ताकतों के बीच एक स्पष्ट रेखा खींची है।

## अस्पताल में हुई बड़े पैमाने पर मौत के लिए हमास जिम्मेदार : इजरायल

**यरूशलेम।** गाजा पट्टी के एक अस्पताल में कई सौ लोगों की मौत गाजा के आतंकवादी समूह फिलीस्तीनी इस्लामिक जिहाद (हमास) के असफल रॉकेट प्रक्षेपण के कारण हुई। इजरायली सेना ने बुधवार को इस आशय का दावा किया। इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किए गए एक बयान में कहा कि आईडीएफ ऑपरेशनल सिस्टम के विश्लेषण से, एक दुश्मन रॉकेट बैराज को इज़रायल की ओर ले जाया गया। सेना ने कहा, हमारे हाथ लगे कई स्रोतों से मिली खुफिया जानकारी से संकेत मिलता है कि गाजा में अस्पताल पर हमला करने वाले असफल रॉकेट प्रक्षेपण के लिए इस्लामिक जिहाद जिम्मेदार है। वहीं फ़िलिस्तीनी मीडिया ने दावा किया कि अस्पताल पर हुए इज़रायली हवाई हमलों में कम से कम 500 लोग मारे गए। इस 'नरसंहार' के विरोध में फ़िलिस्तीनी प्राधिकरण ने तीन दिनों के शोक की घोषणा की। इससे पहले, स्थानीय प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि एक रॉकेट अस्पताल पर गिरा, जिससे उसके परिसर में एक बड़ा विस्फोट हुआ। सूत्रों ने बताया कि वे कुछ मिनट बाद उस स्थान पर पहुंचे और देखा कि सैकड़ों शव जहां-तहां पड़े हुए हैं। गाजा स्थित स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार प्रभावित अस्पताल सैकड़ों बीमारों और घायलों को रख रहा था तथा साथ ही हजारों विस्थापित नागरिकों को आश्रय दे रहा था, जो लगातार इजरायली हमलों के कारण अपने घरों से भागने के लिए मजबूर हो गए थे। गौरतलब है कि इजरायल व हमास के बीच जारी संघर्ष में अब तक 4800 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं।

## सुडोकू 6351

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 9 | | | | | 5 | | 3 |
| 5 | 2 | | | | 6 | | 4 | |
| | | | 5 | | | | | |
| | | 2 | 6 | 3 | | 1 | | |
| 1 | | | | | | | | 8 |
| | | 5 | | 8 | 2 | 4 | | |
| | | | | | 3 | | | |
| | 3 | | 2 | | | | 7 | 6 |
| 6 | | 1 | | | | | 2 | 4 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : गुरूवार 19 अक्टूबर , 2023 आश्विन शुक्ल पक्ष 5**

### राशिफल

मेष -आज आप सांसारिक बातें भूलकर आध्यात्मिक प्रवृत्ति में संलग्न रहेंगे। गूढ़ रहस्यमय विद्याओं और गहरी चिंतनशक्ति आपके मानसिक भार को हल्का करेंगे। आध्यात्मिक सिद्धि प्राप्त करने के लिए बहुत अच्छा योग है।

वृषभ -आज आप जीवनसाथी की निकटता का सुख प्राप्त कर सकेंगे। परिवार के साथ सामाजिक समारोहों में बाहर घूमने या पर्यटन पर जाने का कार्यक्रम बनेगा। खुशी में समय व्यतीत होगा। तन-मन से प्रसन्नता अनुभव करेंगे।

मिथुन -अधूरे काम की पूर्णता के लिए आज का दिन शुभ है। परिवार में आनंद और उल्लास का माहौल रहेगा। स्वास्थ्य बना रहेगा। काम में यश और कीर्ति मिलेगी। अन्य लोगों के साथ बातचीत के दौरान क्रोध पर काबू रखें।

कर्क -आज का दिन शारीरिक अस्वस्थ और मानसिक रूप से चिंतित रहेगा। पेट-दर्द से परेशानी हो सकती है। आकस्मिक धन खर्च होने की संभावना है। प्रेमीजनों के बीच वाद-विवाद होने से विवाद होने की संभावना है।

सिंह -आज मानसिक अस्वस्थता रहेगी, परिजनों के साथ मनमुटाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। मां के साथ अनबन होगी या उनकी तबीयत खराब हो सकती है।

कन्या -बिना विचारें किसी काम के लिए साहस न करें। भावनात्मक संबंध स्थापित होंगे। भाई-बहनों के साथ मेल-जोल रहेगा। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ मुलाकात होगी।

तुला -आज मानसिक वृत्ति नकारात्मक रहेगी। क्रोधावेश में वाणी पर संयम खोने से पारिवारिक सदस्यों के साथ विवाद होंगे। अनावश्यक खर्च होगा। स्वास्थ्य खराब होगा। मन में ग्लानि रहेगी। अनैतिक प्रवृत्तियों से दूर रहें।

वृश्चिक -आज का दिन शुभ होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से प्रसन्नता रहेगी। पारिवारिक सदस्यों के साथ खुशी से समय गुजरेगा। दोस्तों या स्नेहीजनों की तरफ से आपको उपहार मिलेगा।

धनु -आज क्रोध के कारण पारिवारिक सदस्यों तथा अन्य लोगों के साथ संबंध बिगड़ेंगे। आपकी वाणी और व्यवहार झगड़े का कारण बन सकते हैं। दुर्घटना से बचें। बीमारी के पीछे धन खर्च होगा।

मकर -आज का दिन हर क्षेत्र में लाभदायक है। स्नेहीजनों और मित्रों से मिलना होगा। प्रिय व्यक्तियों के साथ की मुलाकात होगी। विवाहोत्सुक व्यक्तियों की वैवाहिक समस्याएं मामूली प्रयत्न से हल हो जाएंगी।

कुंभ -सभी काम सरलतापूर्वक हल होंगे। उनमें सफलता मिलेगी। नौकरी- धंधे के जगह अनुकूल परिस्थिति निर्मित होगी। सरकारी कार्य निर्विघ्न पूरे होंगे। उच्च अधिकारियों का व्यवहार सहयोगपूर्ण रहेगा। स्वास्थ्य बना रहेगा।

मीन -आज के दिन की शुरुआत भय से होगी। शरीर में सुस्ती और थकान का अनुभव होगा। कोई भी काम पूरा न होने पर हताशा पैदा होगी। भाग्य साथ न देता हुआ प्रतीत होगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## आसियान पुलिस बलों ने क्षेत्रीय सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा की

**वियनतियाने,** 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। लाओस की राजधानी वियनतियाने में मंगलवार को आयोजित 41वें आसियानापोल सम्मेलन में आसियान पुलिस बलों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया और मजबूत क्षेत्रीय सहयोग एवं साझेदारी पर चर्चा की। आसियान पुलिस बल शांति, सुरक्षा और स्थिरता को बढ़ावा देने के साथ-साथ मादक पदार्थों की तस्करी, आतंकवाद, मानव तस्करी और हथियारों के व्यापार जैसे अंतरराष्ट्रीय अपराधों से निपटने में सहयोग बढ़ोतरी के लिए अपनी साझेदारी में बढ़ाये जाने मांग की। लाओस के उप प्रधानमंत्री और सार्वजनिक सुरक्षा मंत्री विलाय लाखमफोंग ने इस सम्मेलन में कहा कि 41वां आसियानापोल सम्मेलन सुविधाओं और अनेक चुनौतियों दोनों के साथ एक वातावरण में हो रहा है। उन्होंने कहा कि इसलिए यह सम्मेलन विभिन्न अपराधों से निपटने में क्षेत्रीय और वैश्विक दोनों स्तरों पर सहयोग को बढ़ावा देने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि क्षेत्रिय और वैश्विक स्तर पर समुदाय में शांति, सद्भाव और स्थिरता कायम हो सके। आसियान पुलिस बलों से एकता बनाए रखने, अंतरराष्ट्रीय अपराध को रोकने, उसे कम करने और उससे लड़ने में सहयोग के लिए निरंतर प्रयास जारी रखने का आग्रह किया गया।

## जॉर्डन ने इजरायल-हमास संघर्ष के कारण शिखर सम्मेलन किया रद्द

**अम्मान,** 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। जॉर्डन ने बुधवार को अम्मान में प्रस्तावित चौतरफा शिखर सम्मेलन को रद्द करने का निर्णय लिया है। यह जानकारी जॉर्डन की सरकारी पेट्रा समाचार एजेंसी ने दी। शिखर सम्मेलन में जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला द्वितीय, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, फिलिस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास और मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल-फतह अल-सीसी को एक साथ लाने की योजना थी। जॉर्डन के उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री अयमान सफ़ादी ने आज कहा कि गाजा पट्टी में फिलिस्तीनियों के खिलाफ चल रहे इजरायली हमले के कारण इस शिखर सम्मेलन को रद्द किया गया है। उन्होंने कहा कि शिखर सम्मेलन में युद्ध को रोकने, फिलिस्तीनियों की मानवता का सम्मान करने और आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए एक समाधान खोजने की योजना बनाई गई थी। उन्होंने कहा कि शिखर सम्मेलन को निलंबित करने का निर्णय फिलिस्तीनियों और मिस्र के समकक्षों के साथ परामर्श करने के साथ-साथ अमेरिका



■ सम्मेलन में किंग अब्दुल्ला द्वितीय, जो बाइडेन, महमूद अब्बास और अब्देल-फतह अल-सीसी को एक साथ लाने की थी योजना

के साथ चर्चा करने के बाद लिया गया है। श्री सफ़ादी ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से रक्तपात समाप्त कराने का आग्रह किया और कहा कि शिखर सम्मेलन ऐसे समय में आयोजित किया जाएगा जब युद्ध को रोक सकता है, गाजा के लोगों को मानवीय सहायता प्रदान किया जा सकता है और तबाही को समाप्त किया जा सकता है।

## तमिलनाडु के मछुआरों पर श्रीलंकाई समुद्री लुटेरों ने किया हमला

**चेन्नई,** 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। तमिलनाडु के नौ भारतीय मछुआरों पर श्रीलंकाई समुद्री लुटेरों ने बीच समुद्र में हमला



किया। पुलिस ने बुधवार को बताया कि लुटेरों ने उस समय हमला किया जब वह कोडाईक्कराई तट के पूर्व में मछली पकड़ रहे थे। पुलिस के अनुसार, घटना मंगलवार रात की है। यह पिछले दो महीनों में तमिल मछुआरों पर छठा हमला है। लुटेरों ने जिन मछुआरों पर समुद्र के बीच में हमला किया उनका सामान भी लूट लिया। मछुआरों ने अपनी शिकायत में बताया कि हमलावर के श्रीलंकाई होने का संदेह है, वह तमिल बोल रहे थे। पुलिस ने कहा कि वेदारण्यम के पास वनावंमाहदेवी के मूल निवासी एन. सुब्रमण्यम (50), ए. मुरुगेसन (45), ए. सुंदरमूर्ति (49), सी. राजगोपाल (63) और एस. महालिंगम (60) मंगलवार दोपहर को मछली पकड़ने के लिए समुद्र में उतरे थे। मछुआरों ने पुलिस को बताया कि जब वे कोडाईकराई तट के पास समुद्र में मछली पकड़ रहे थे, तभी कथित तौर पर श्रीलंकाई चार लोगों ने उन्हें रोक लिया। उनमें से दो व्यक्ति नाव पर चढ़ गए और मछुआरों पर हमला कर दिया और उनमें से तीन को नाव से बांध दिया।


वे अपनी स्पीड बोट में दो मछुआरों को भी ले गए। नाव में रखे 600 किलोग्राम मछली पकड़ने के जाल, जीपीएस सिस्टम और अन्य सामग्री के साथ भाग गए। इसके बाद समुद्री लुटेरों ने एक और मछली पकड़ने वाली नाव ढूंढ ली। वह उसमें घुस गए और एन. सेल्वम (36), एस. मुरुगनाथम (37), एम. सुब्रमण्यन (36) और आर. शनमुघवेल (34) पर हमला कर दिया। वे टॉर्च, कैच, गैजेट और मछली पकड़ने के जाल भी ले गए।

## बच्चे को थप्पड़ मारने पर पुलिसकर्मी को सुनाई सजा

**लंदन,** 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। पिछले साल ब्रिटिश शहर बर्मिंघम में एक स्कूल के बाहर झगड़े के दौरान 12 वर्षीय लड़के को थप्पड़ मारने के मामले में 41 वर्षीय भारतीय मूल की पूर्व महिला पुलिसकर्मी को सजा सुनाई गई है।

बर्मिंघम मेल अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, वेस्ट मिडलैंड्स पुलिस में कांस्टेबल शरणजीत कौर ने पिछले महीने इस्तीफा दे दिया था और इंडिपेंडेंट ऑफिस फॉर पुलिस कंडक्ट (आईओपीसी) की जांच के बाद उन पर आरोप लगाया गया था। बर्मिंघम मजिस्ट्रेट कोर्ट ने पाया कि कौर उस समय ऑफ-ड्यूटी थी, जब उन्होंने बर्मिंघम सड़क पर एक-दूसरे को धक्का दे रहे स्कूली लड़कों के बीच बीच-बचाव किया था। पिछले साल 13 अक्टूबर को हुई घटना का मोबाइल फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसके बाद वेस्ट मिडलैंड्स पुलिस ने आईओपीसी को एक कंडक्ट रेफरल भेजा। क्लिप में, वह स्कूली बच्चों में से एक पर चिल्लाती हुई दिखाई दे रही है, और फिर उसके गाल पर थप्पड़ मारती है। जिस लड़के को थप्पड़ मारा गया था, उसके परिवार की ओर से भी शिकायत की गई है।

## वर्ग पहेली 6351




**बायें से दायें:-**

१. बदचलन, दुश्चरित्र, कुकर्मी
३. खजाना, धनागार
५. न्यारा, सबसे अलग तरह का
६. किसी चीज का मजा मिलने पर उसे फिर खाने की इच्छा
७. हरियाली युक्त
८. किसी व्यक्ति, वस्तु, इमारत की सुरक्षा मेंलगे लोगों का दल
१३. प्रशंसा, तारीफ़
१५. सूचना
१६. शिक्षा, उपदेश, लाभप्रद राय (उर्दू)
१७. एक राक्षसी
१८. सरलता
२०. सूर्य
२२. नया ऊगा हुआ
२३. नयापन

**ऊपर से नीचे:-**

१. गाली, अपशब्द
२. चापलूस
३. शोरगुल
४. करीब-करीब
५. जो किसी से न डरे
९. जिसे नुकसान न हुआ हो
१०. प्रेम, प्यार (उर्दू)
११. होश, चेतना
१२. स्वेच्छाचारिता
१४. विभाग, हुक्म करने की जगह (उर्दू)
१७. इबादत, आराधना
१९. निवासी (उर्दू)
२०. आखिर, अवसान
२१. डूबा हुआ, मग्न

### वर्ग पहेली-6350



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1630- बोस्टन में पहली बार आम अदालत का आयोजन हुआ था।
1689 - रायगढ़ के किले पर औरंगजेब ने कब्जा किया।1
722- फ्रांस के सी. होफर ने फायर फाइटर का पेटेंट कराया था।
1739- इंग्लैंड ने स्पेन के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
1745- गुलिवर ट्रैवल बुक लिखने वाले जोनाथन स्विफ्ट का निधन।
1950- चाम्बो का युद्ध खत्म हुआ। इसे चीन में लिबरेशन ऑफ तिब्बत भी कहा जाता है। यह युद्ध 6 अक्टूबर को तिब्बत और चीन के बीच शुरू हुआ था।
1960- नागरिक अधिकारों के लिए आंदोलन चलाने वाले अमेरिका के मार्टिन लूथर किंग-जूनियर को गिरफ्तार किया गया था।
1956: रूस और जापान ने हस्ताक्षर कर दोनों देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे युद्ध को अधिकारिक रूप से समाप्त किया था।
1774 - इंग्लैंड के सुप्रीम कोर्ट के जजों और नये काउंसिल सदस्यों का एक दल ईस्ट इंडिया कंपनी द्वारा भारत में चलाए जा रहे शासन को बेहतर बनाने के लिए कलकत्ता पहुंचा।
1781 - ब्रिटेन के लार्ड कॉर्नवालिस ने वर्जीनिया के योर्कटाउन में अमेरिकी जनरल जार्ज वाशिंगटन के सामने समर्पण कर दिया, जिससे अमेरिकी क्रांति का अंत हुआ और देश की आजादी का रास्ता बना।
1812 - नेपोलियन बोनापार्ट की फ्रांसीसी सेना ने रूस से वापसी शुरू की। नेपोलियन की सेना एक महीने से रूस की लौटती सेना का पीछा कर रही थी।
1910- एस्ट्रो-फिजिसिस्ट सुब्रह्मण्यम चंद्रशेखर का जन्म
1937- ब्रिटिश फिजिसिस्ट अर्नेस्ट रदरफोर्ड का निधन।

**परेशानी** | *संरा महासचिव के मुख्य प्रवक्ता दुजारिक ने दी जानकारी*

# सूडान संघर्ष में अब तक 4,000 लोग मारे गए

**संयुक्त राष्ट्र, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। सूडान में गत 15 अप्रैल को लड़ाई शुरु होने के बाद से यानी छह महीने में लगभग 4,` लोग मारे गए हैं और हजारों अन्य घायल हुए हैं। यह जानकारी संरा महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के मुख्य प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने मंगलवार को दी। संरा के मानवतावादियों ने कहा कि लड़ाई के कारण हजारों लोगों को पड़ोसी दक्षिण सूडान और चाड से पलायन करने पर मजबूर होना पड़ा है।**

श्री दुजारिक ने कहा कि संरा शरणार्थी एजेंसी (यूएनएचसीआर) ने बताया है कि अधिकांश मौतें 15 अप्रैल और अगस्त के के बीच हुई हैं। उन्होंने कहा कि यह संघर्ष जातीय दुश्मनी का परिणाम है। पूरे दारफुर में कम से कम 29 शहरों, कस्बों और गांवों को लूट लिया गया और नष्ट कर दिया गया। उन्होंने कहा, %यूएनएचसीआर और अन्य भागीदारों ने उत्तर और पश्चिम दारफुर में विस्थापित परिवारों को मुख्य राहत सामग्री प्रदान की। उन्होंने कहा, निश्चित रूप से एजेंसी और संरा में हम सभी संघर्ष में शामिल पक्षों से शरणार्थियों और आंतरिक रूप से विस्थापित मनुष्यों सहित नागरिकों की सुरक्षा की गारंटी देने तथा मानवीय सहायता के सुरक्षित मार्ग को सुनिश्चित करने का आह्वान करते रहते हैं। गौरतलब है कि



■ दारफुर में कम से कम 29 शहरों, कस्बों और गांवों को लूटा गया

लड़ाई सबसे पहले राजधानी खार्तूम में सूडानी सशस्त्र बलों और पहले से सहयोगी रैपिड सपोर्ट फोर्सेज के बीच शुरू हुई और पूरे देश में फैल गई। हिंसा के कारण हजारों लोग सूडान और पड़ोसी देशों में सुरक्षित स्थानों पर भाग गए हैं। मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संरा कार्यालय (ओसीएचए) ने बताया कि दक्षिण सूडान से रोजाना हजारों लोगों का आना जारी है। गत शुक्रवार तक, 310,000 लोग दक्षिण सूडान में सीमा पार कर गए।

## सुडोकू 6351 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 9 | 6 | 8 | 2 | 4 | 5 | 1 | 3 |
| 5 | 2 | 8 | 3 | 1 | 6 | 7 | 4 | 9 |
| 3 | 1 | 4 | 5 | 7 | 9 | 6 | 8 | 2 |
| 8 | 4 | 2 | 6 | 3 | 7 | 1 | 9 | 5 |
| 1 | 7 | 3 | 9 | 4 | 5 | 2 | 6 | 8 |
| 9 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 4 | 3 | 7 |
| 2 | 8 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 | 5 | 1 |
| 4 | 3 | 9 | 2 | 5 | 1 | 8 | 7 | 6 |
| 6 | 5 | 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 2 | 4 |

**हनोई,** 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। वियतनाम में इस साल की शुरुआत से अब तक डेंगू के 99,639 मामले सामने आए हैं और 27 लोगों की मौत हो चुकी है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय के मुताबिक पिछले सप्ताह की तुलना में पिछले सप्ताह डेंगू के नए मामलों की संख्या में कमी आई है, लेकिन राजधानी

## कांग्रेस की दूसरी सूची: 53 प्रत्याशियों के नाम जारी

# बिलासपुर-शैलेष,तखतपुर-रश्मि,कोटा-अटल,बेलतरा-विजय मस्तूरी-लहरिया और बिल्हा से सियाराम फाइनल

**बिलासपुर**,18 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में हो रहे विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने अपनी दूसरी सूची जारी कर दी है। जिसमें बिलासपुर के मौजूदा विधायक शैलेश पांडे और तखतपुर विधायक रश्मि आशिष सिंह को फिर से उम्मीदवार बनाया गया है। कोटा में अटल श्रीवास्तव, बेलतरा में विजय केशरवानी, बिल्हा में सियाराम कौशिक और मस्तूरी में दिलीप लहरिया को कांग्रेस की टिकट मिली है।



कांग्रेस की दूसरी सूची में अविभाजित बिलासपुर जिले में मौजूदा तीनों विधायक ङ्क बिलासपुर से शैलेश पांडे, तखतपुर से रश्मि आशीष सिंह और मरवाही से डॉ. के. के. ध्रुव को फिर से उम्मीदवार बनाया गया है।बाकी सीटों में मस्तूरी, बेलतरा, बिल्हा ,लोरमी और कोटा 2018 में कांग्रेस हार गई थी ।इन में से दो सीटें ऐसी हैं, जहां पूर्व विधायकों को मौका मिला है।बिल्हा से सियाराम कौशिक और मस्तूरी सीट से पूर्व विधायक दिलीप लहरिया उम्मीदवार बनाए गए हैं। बाकी सीटों पर नए चेहरे सामने आए हैं। जिनमें कोटा से अटल श्रीवास्तव, लोरमी से थानेश्वर साहू, मुंगेली से संजीत बनर्जी बेलतरा से विजय केशरवानी को टिकट दी गई है।

जैसा पहले खबरें आई थी कि बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले आठ विधानसभा क्षेत्रों में जातीय समीकरण और महिला उम्मीदवार आदि के संतुलन को देखकर उम्मीदवारों के नाम तय किये जा रहे हैं।इसके अनुरूप ही बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत लोरमी सीट से साहू समाज के थानेश्वर साहू को उम्मीदवार बनाया गया है। मुंगेली सीट पर जिला पंचायत के मौजूदा उपाध्यक्ष संजीत बनर्जी को टिकट मिला है।तखतपुर से महिला उम्मीदवार के रूप में रश्मि आशीष सिंह को फिर से उम्मीदवार बनाया गया है। बिल्हा सीट से कुर्मी समाज के सियाराम कौशिक फिर से टिकट हासिल करने में कामयाब रहे। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष विजय केसरवानी को बेलतरा से टिकट मिला है।समीकरण यह भी बताता है कि मस्तूरी सीट से सूर्यवंशी समाज को प्रतिनिधित्व देते हुए दिलीप लहरिया को उम्मीदवार बनाया गया है।

# सीनियर अधिकारी को बाईपास कर जूनियर को नहीं दे सकते प्रभार

**बिलासपुर**, 18 अक्टूकर (देशबन्धु)। कसडोल, जिला-बलौदा बाजार निवासी डॉ. चैनसिंह पैकरा (मेडिकल ऑफिसर) सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, कसडोल में ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर (बीएमओ) के पद पर पदस्थ थे।



उक्त पदस्थापना के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, बलौदा बाजार द्वारा एक आदेश जारी कर डॉ.चैनसिंह पैकरा से जुनियर डॉ. अंजन सिंह चौहान को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कसडोल में ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर के पद पर पदस्थ कर दिया गया। उक्त पदस्थापना आदेश से क्षुब्ध होकर डॉ. चैनसिंह पैकरा द्वारा हाईकोर्ट अधिवक्ता अभिषेक पाण्डेय एवं गीता देबनाथ के माध्यम से हाईकोर्ट बिलासपुर के समक्ष रिट याचिका दायर की गई।


अधिवक्ता अभिषेक पाण्डेय एवं गीता देबनाथ द्वारा हाईकोर्ट के समक्ष यह तर्क प्रस्तुत किया गया कि पूर्व में दिनांक 29 जनवरी 2020, 04 अगस्त 2011, 16 मई 2012, 14 जुलाई 2014 इसके साथ ही अन्य दिनांक को सचिव, छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग रायपुर द्वारा विभिन्न सर्कुलर जारी कर छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त विभागों को यह निर्देशित किया गया है कि किसी भी विभाग में प्रभार/ चार्ज सीनियर (वरिष्ठ) अधिकारियों को ही दिया जाए एवं वरिष्ठता क्रम में उपर के अधिकारियों को बिना किसी ठोस कारण के बाईपास करते हुए जूनियर अधिकारियों को प्रभार ना दिया जाए।

उच्च न्यायालय, बिलासपुर द्वारा उक्त रिट याचिका की सुनवाई के पश्चात् रिट याचिका को स्वीकार कर सचिव, स्वास्थ्य विभाग, रायपुर एवं आयुक्त, स्वास्थ्य विभाग, रायपुर को यह निर्देशित किया गया कि वे उपर्युक्त वर्णित सर्कुलर के आधार पर याचिकाकर्ता डॉ. चैनसिंह रात्रे को ब्लाक मेडिकल आफीसर (बीएमओ) के पद पर चार्ज दिए जाने हेतु इनके लंबित अभ्यावेदन का निराकरण कर तत्काल आदेश पारित करे।

## सार-संक्षेप

### डॉ. बृजेश सिंह के राष्ट्रनायक महाराणा प्रताप ग्रंथ प्रकाशित

**बिलासपुर**, 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। साहित्यकार डॉ. बृजेश सिंह द्वारा लिखित शोधपरक ग्रंथ राष्ट्रनायक महाराणा प्रताप तथा मेवाड़ की बलिदानी परम्परा का प्रकाशन साहित्य ग्राम पब्लिकेशन ने किया है। इस ग्रंथ को प्रबुद्ध पाठकगण द्वारा अच्छा प्रतिसाद मिला है जिसके फलस्वरूप अल्पकाल में ही इसके दो संस्करण प्रकाशित हो चुके हैं। यह महत्वपूर्ण ग्रंथ राष्ट्रनायक महाराणा प्रताप तथा मेवाड़ की बलिदानी परम्परा शोधार्थियों के लिए शोध संदर्भ ग्रंथ के रूप में उपयोगी सिद्ध हो, इस तथ्य को दृष्टिगत रख इसका प्रणयन किया गया है। महाराणा प्रताप पर केन्द्रित साहित्यकार बृजेशसिंह की यह सातवी पुस्तक है। डॉ. बृजेश सिंह के पचास से अधिक ग्रंथों पर केंद्रित दो दर्जन से अधिक पी-एच डी व शोधपरक ग्रंथ प्रकाशित हो चुके हैं। आपके लेखन का मुख्य विषय राष्ट्रीय चेतना, पर्यावरण व अध्यात्म दर्शन है। उक्त जानकारी प्रदीपकुमार प्रवक्ता विकास संस्कृति साहित्य अकादमी ने दी।




### नोनी जोहार कार्यक्रम में स्वयंसेवियों को किया गया सम्मानित



**बिलासपुर**, 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। रायपुर में आयोजित नोनी जोहार कार्यक्रम के तहत यूनिसेफ और छत्तीसगढ़ वी द प्यूपल और सीजी एग्रीकों के प्रयास से दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन रायपुर स्थित होटल सायाजी में संपन्न हुआ जिसमें मानसिक स्वास्थ्य एवम अंतरराष्टीय बालिका दिवस के मौके पर पूरे प्रदेश से आए स्वयंसेवी जिन्होंने स्वास्थ्य, शशक्तीकरण, बाल संरक्षण, पोषण, स्वच्छता, वृक्षारोपण जैसे विभिन्न क्षेत्रों में कार्य किया है उनको प्रोत्साहित एवम सम्मानित किया गया। इसी कार्यक्रम में ज़िला बिलासपुर से आय वालंटियर अमन कश्यप , वर्षा पाटले, कल्पना थवैत, सत्यम शर्मा , आँचल जैन ,अलिशा अंसारी एनइरोस तोद्वार , राहुल राज तिवारी एवं ज़िला सलाहकार, यूनिसेफ़-रुमाना ख़ान (एसबीसीसी) और ज़िला समन्वयक योगेश पुरोहित (मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम मनोबल) भी उपस्थित रहे। जिले में किए गए समाज कर्यो के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के फलस्वरूप उन्हें मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया, जिससे समाज में स्वास्थ्य और पोषण में किए जा रहे जागरूकता कार्य हेतु प्रोत्साहन मिला एवम आगामी दिवसों में उत्साह पूर्वक उनके द्वारा सामाजिक जागरूकता कार्य युद्ध स्तर में की जाने की बात कही गई।

### बर्खास्त से बहाल होने वाले स्वास्थ कर्मचारियों को हड़ताल अवधि का वेतन शीघ्र देने की मांग

**बिलासपुर**,18 अक्टूबर (देशबन्धु)। स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा विगत महीनों में अपनी मांगों के संबंध में हड़ताल किया गया था। जिसके कारण शासन द्वारा उन्हें निलंबन एवं बर्खास्त कर दिया था । जिन्हें बाद में शासन द्वारा उन्हें एवं उनके परिवार के स्थिति को और आम जनता की स्वास्थ्य सुविधा को देखते हुए उन्हें बहाल कर दिया गया है। किंतु हड़ताल अवधि का वेतन लगभग 2 माह से उन्हें प्राप्त नहीं हुआ है। जिससे उन्हें आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्वास्थ्य कर्मचारियों को हड़ताल अवधि को अर्जित अवकाश में समायोजित करते हुए वेतन शीघ्र देने की मांग स्वास्थ्य सचिव एवं राज्यपाल से इंसाफ के राष्टीय उपाध्यक्ष एफ.आर. जांगड़े कलेक्टर बिलासपुर के माध्यम से की है।

## इंटर कालेज फुटबाल मे डीपी विप्र विजेता

**बिलासपुर**,18 अक्टूबर (देशबन्धु)। टाईब्रेकर में साइंस कालेज को हराया इंटर कालेज फुटबाल में प्रतियोगिता में डीपी विप्र पीजी कालेज ने टाइब्रेकर में साइंस कालेज को हराकर खिताब पर कब्जा किया। मैच प्रारंभ होने से लेकर अंत तक दोनों टीमें संघर्ष करती रहीं, किंतु एक भी गोल नहीं हुआ।टाइब्रेकर से निर्णय हुआ। डीपी विप्र महाविद्यालय द्वारा आयोजित परिक्षेत्र स्तरीय फुटबाल (पुरुष) प्रतियोगिता का आयोजन खेल परिसर में हुआ। इसमें आठ महाविद्यालय की टीमों ने भाग लिया। आज विज्ञान महाविद्यालय और डीपी विप्र महाविद्यालय के मध्य मैच खेला गया। पुरे मैच दौरान दोनों टीमे कोई भी गोल नही कर सकी और अंत में मैच टाइब्रेकर द्वारा हुआ। जिसमे डीपी विप्र की टीम विजेता बनी।आज मुख्य रूप से डा. सुनील गौरहा, डा.अजय सिंह, अजय मिश्रा, डा.बसंत अंचल, आलोक शर्मा, डा. सतीश गोयल, डा. देवर्षि चौबे, आशीष बाजपेयी, चोलेश साहू, सृष्टी कांस्कार समस्त क्रीड़ा अधिकारी व महाविद्यालय से डा.विवेक अंबलकर आदि उपस्थित थे व सबने मिलकर विजेता और उपविजेता टीम को ट्रॉफी वितरण किये! निर्णायक के रूप में सानंद कुमार, विजय आनंद, बी साई, आनंद कुमार रहे! टीम विजेता होने पर महाविधालय के प्राचाय डा.अंजू शुक्ला, डा.मनीष तिवारी, डा.तम्बोलि सर, डा.आशीष शर्मा, ए. श्रीराम, शैलेंद्र तिवारी, निधीष चौबे, सुशील एवं क्रीड़ा अधिकारी डा. अजय यादव विशेष रूप से उपस्थित थे।



# 39 टिकट की ओबीसी समाज ने की मांग

**बिलासपुर** , 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। छ.ग. पिछड़ा महासंघ द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता में महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष श्याममूरत कौशिक,जिलाध्यक्ष सालिकराम यादव एवं वरिष्ठ सलाहकार अम्बिका कौशिक उत्तम सोनी, डॉ संतोष साहू एवं अधिवक्ता लवकुश साहू ने कहा कि छ.ग में ओबीसी वर्ग को काग्रेस पार्टी में पर्याप्त प्रतिनिधित्व दिया जावे। कुल 51 सामान्य सिटो में कम से कम 39 टिकिट ओबीसी के लोगो को दिया जाये। साथ ही बिलासपुर लोक सभा में कम से कम 4 विधानसभा क्षेत्र से हमारे पिछड़ा महासघ से जुड़े हुये या अन्य जो भी जीतने लायक ओबीसी के दावेदार है, उन्हे टिकिट दिया जावे। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष श्याम मूरत कौशिक ने पत्रकारो से कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी एवं प्रियंका गांधी जी जाति जनगणना एवं ओबीसी को सामाजिक न्याय दिलाने की गांरटी की बात कर रहे है तो छ.ग. में उसे अमल में लाये जाये। छ.ग. में कांग्रेस की सरकार है तो जाति जनगणना हो जानी चाहिये थी जैसे कि बिहार राज्य में हो गई।




छ.ग. में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण दिया गया लेकिन कुछ दिनों बाद ओबीसी आरक्षण के खिलाफ याचिका दायर करने वाले कुणाल शुक्ला को कबीर शोध पीठ संस्थान का अध्यक्ष बनाकर उपकृत कर दिया गया। अत: हम कांग्रेस नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी. छ.ग. कांग्रेस प्रभारी कुमारी शैलजा, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज से मांग कर रहे है कि बिलासपुर लोक सभा मे कम से कम 4 विधान सभा में ओबीसी के लोगो को टिकिट दिया जाये और पूरे छ.ग. में कम से कम 39 सीटों में ओबीसी के लोगो को टिकिट दिया जाये। पिछड़ा महासंघ ने भारतीय जनता पार्टी से भी मांग किया है कि छ.ग. में ओबीसी मुख्यमंत्री घोषित किया जाये तथा बेलतरा विधान सभा क्षेत्र से ओबीसी के दावेदार को टिकिट दिया जाये। प्रेसवार्ता में महासंघ के सालिकराम यादव, अंबिका कौशिक, डॉ. संतोष साहू अधिवक्ता लवकुश साहू,उत्तम साहू, वैज्ञानिक कीर्ति कश्यप, श्रीमती पूजा प्रजापति,श्यामा मानिकपुरी,सीमा साहू, गंगा साहू उपस्थित थे।

# स्कूटी में गांजा ले जाते युवक गिरफ्तार

### आरोपी के कब्जे से 10 किलोग्राम गांजा जब्त

**बिलासपुर**,18 अक्टूबर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह भा.पु.से द्वारा जिले में नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने हेतु निजात अभियान के तहत कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है, जिसके परिपालन में थाना क्षेत्रांतर्गत अवैध शराब / गांजा बिक्री करने वालों के विरूद्ध हेतु मुखबिर तैनात किया गया था।




इसी तारतम्य में आज मुखबिर से सूचना मिला कि एक व्यक्ति मुलमुला जांजगीर चांपा से एक व्यक्ति सब्जी भांजी के आड में भारी मात्रा में गांजा खपाने हेतु अपने काला रंग के स्कूटी में मोपका क्षेत्र की ओर आ रहा है। कि उक्त सूचना से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) राजेन्द्र जायसवाल एवं सीएसपी (सरकंडा) श्रीमति पूजा कुमार को अवगत कराकर आवश्यक मार्ग दर्शन प्राप्त कर थाना प्रभारी सरकंडा निरीक्षक जे.पी. गुप्ता के दिशा निर्देश में टीम तैयार कर छठघाट से मोपका जाने वाले रोड में आने जाने वाले काला रंग के स्कूटी पर नजर रखी गई थी। की उसी दौरान एक काला रंग के स्कूटी को चालक द्वारा तेज रफ्तार से तोरवा की ओर से मोपका की ओर जाते दिखा। जिसे टीम के द्वारा रूकने का इशारा करने पर स्कूटी को तेजी से चलाकर भागने का प्रयास करने लगा। जिसे टीम के द्वारा घेराबंदी कर पकडे पूछताछ करने पर अपना नाम शिव कैलाश बताया जिसके स्कूटी कमांक सीजी 10 बी एन 0979 के सामने रखे एफ सफेद रंग का प्लास्टिक के बोरी को तलाशी लेने पर बोरी में पत्ता गोभी के नीचे से अलग अलग एक एक किलो के पैकेट में कुल 10 पैकेट मादक पदार्थ गांजा कीमती करीबन 200000 रू. का बरामद हुआ।जिससे विधीवत् मादक पदार्थ गांजा एवं स्कूटी को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध एन डी पी एस एक्ट के तहत् कार्यवाही किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी जे. पी. गुप्ता उप निरी. एन के ठाकुर सउनि जीवन जायवाल प्रधान आर विनोद यादव प्रमोद सिंह, आरक्षक मिथलेश सोनी, विवेक राय, संजीव जांगडे, मनोज बघेल एवं विवेक चंदेल का विशेष योगदान रहा।

# ट्रेनों में ज्वलनशील विस्फोटक पदार्थ लेकर यात्रा न करें

### रेलवे यात्रियों को कर रहा जागरूक

### आरपीएफ व जीआरपी कर रही जांच




**बिलासपुर** , 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। यात्रा के दौरान ज्वलनशील एवं विस्फोटक पदार्थो के साथ यात्रा करना न सिर्फ जान लेवा है वरन यह एक दण्डनीय अपराध भी है । रेल प्रशासन के द्वारा इस प्रकार के कृत्य को रोकने के लिए समय-समय पर विशेष अभियान चलाये जाते हैं, विशेषकर त्योहारो एवं भीड़भाड़ के दौरान आरपीएफ़/जीआरपी के द्वारा स्टेशनों में सघन जाँच भी किए जाते हैं । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में भी संरक्षा को ध्यान में रखते हुए अग्नि निरोधक अभियान चला कर रेल यात्रियों को समय-समय पर जागरूक किया जाता है । इस प्रकार के अभियान के तहत रेलवे द्वारा विभिन्न प्रचार माध्यमों के साथ ही साथ स्टेशनों पर उपलब्ध एनाउंस सिस्टम द्वारा भी यात्रियों को ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा नहीं करने संबंधी चेतावनी दी जाती है । रेलवे बोर्ड द्वारा आगजनी से बचाव के उपायों एवं सावधानियों के साथ ही साथ इस संबंध में विशेष दिशा-निर्देश भी समय-समय पर सभी जोनल मुख्यालयों को जारी की जाती है । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे प्रशासन द्वारा रेल यात्रियों से अनुरोध है कि रेल गाडियों में ज्वलनशील पदार्थ एवं विस्फोटक पदार्थो जैसे गैस सिलेंडर, पेट्रोल/डीजल, पटाखे आदि के साथ यात्रा न करे, यह दुर्धटनाकारक हो सकती है । इन पदार्थो के साथ किसी अन्य को यात्रा करते देखे जाने पर इसकी जानकारी डयूटीरत टीटीई, आरपीएफ या अन्य रेल कर्मचारियों को दें । वेंडरों के द्वारा असुरक्षित तरीके से ले जा रही जलती सिगडी आदि देखे जाने पर भी इसकी जानकारी तुरंत डयूटीरत टीटीई एवं आरपीएफ आदि को दें । ट्रेनों एवं स्टेशनों आदि सार्वजनिक स्थानों पर धुम्रपान निषेध है । इस प्रकार के कृत्य करते देखे जाने पर इसकी जानकारी अवश्य ही डयूटीरत टीटीई एवं आरपीएफ को दें। गैरकानूनी रूप से जैसे पटाखे, पट्रोल, डीजल, मिटटी तेल आदि जैसे सामानों के साथ रेल यात्रा न करें । जल्द आग पकडने वाले समानों जैसे माचिस, लाईटर, फिल्म आदि जैसे समानों को अपने साथ यात्रा में न रखें । कोच में दिये गए बिजली के समानों एवं स्विच बोर्ड के साथ छेडछाड न करें इन सभी का उपयोग रेलवे नियमानुसार करें । यात्रियों से अनुरोध है कि वे रेल प्रशासन के साथ सहयोग करें एवं ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करते हुये सुरक्षित यात्रा में रेलवे का सहयोग करें ।

## बिलासपुर पुलिस के नशे के विरूद्ध संचालित कार्यक्रम निजात के तहत बच्चों में नशा प्रवृत्ति रोकने पर हुई चर्चा

# संघर्षरत् बच्चों को अपराध से दूर करने एक महत्वपूर्ण कदम-एसपी

### डायवर्जन प्रक्रिया का उद्देश्य बच्चों को अपराध की दिशा में बढ़ने से रोककर उनके उचित विकास कर भविष्य सुरक्षित करना-चेतना

**बिलासपुर**,18 अक्टूबर (देशबन्धु)। निजात अभियान के संयुक्त तत्वाधान में यूनीसेफ तथा सीएसजे (काउंसिल टू सिक्योर जस्टिस) संस्था के द्वारा बच्चों के लिए डायवर्जन प्रक्रिया के संबंध में आज मीटिंग का आयोजन पुलिस लाईन बिलासा गुड़ी मीटिंग हॉल में किया गया।

बिलासगुड़ी में आयोजित कन्वर्जेंस मीटिंग में यूनिसेफ के बाल संरक्षण विशेषज्ञ चेतना देसाई ने बताया कि डायवर्जन प्रक्रिया समाज के ऐसे बच्चों के लिए है जो अपराध की दिशा में उन्मुख हुये हैं, तथा पर्याप्त देखरेख तथा संरक्षण के अभाव में अपराध के क्षेत्र में बढ़ रहे हैं, ऐसे बच्चों को जे.जे. एक्ट तथा बच्चों से संबंधित अन्य प्रावधानों के माध्यम से अपराध की दिशा में बढ़ने से रोककर उनके उचित विकास हेतु विधि द्वारा प्रदत्त प्रावधानों का पालन करते हुये विधि से संघर्षरत् बालकों को समाज के मुख्य धारा से जोड़कर उनका भविष्य सुरक्षित करना डायवर्जन प्रक्रिया का मुख्य उद्देश्य है।गीतांजलि दासगुप्ता (स्टेट कंसलटेंट चाइल्ड प्रोटेक्शन, यूनिसेफ) और कुहू (कोर्डिनेटर प्रोग्राम्स एंड ऑपरेशंस, सीएसजे) ने कहा कि बाल अधिकारों के लिए काम करने वाली सभी संस्थाओं को साथ करने के आवश्यकता है।




कार्यक्रम के उद्बोधन में पुलिस अधीक्षक बिलासपुर संतोष कुमार सिंह के द्वारा कार्यक्रम की महत्ता को बताते हुये योजना के उद्देश्यों पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई तथा विधि से संघर्षरत् बालकों को अपराध से दूर करने तथा उनके सतत् विकास के लिए इस कार्यक्रम को एक महत्वपूर्ण कदम बताया गया। बैठक में विधि से संघर्षरत बालकों को किस प्रकार विभिन्न विभागों के संयुक्त प्रयासों से, साथ ही विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ देकर ऐसा बालको को मुख्य धारा से जोड़े के बारे में विस्तृत चर्चा हुई। इस बैठक में समस्त विभागों को एक अवसर मिला अपने अपने स्तर पर किस प्रकार बेहतर समन्वय स्थापित करे। डायवर्सन प्रक्रिया के बेहतर क्रियान्वयन के लिए विभिन्न संस्थाओं ने सुझाव भी दिये। बिलासपुर पुलिस के द्वारा संचालित निजात अभियान के संयुक्त तत्वाधान में पुलिस अधीक्षक बिलासपुर संतोष कुमार सिंह (भापुसे) अति. पुलिस अधीक्षक (शहर) राजेन्द्र जायसवाल, अति. पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्रीमति अर्चना झा, नगर पुलिस अधीक्षक (सिटी कोतवाली) श्रीमति पूजा कुमार (भापुसे), नगर पुलिस अधीक्षक(सिविल लाइंस) संदीप पटेल(भापुसे) ,उप पुलिस अधीक्षक रक्षित केन्द्र मंजूलता केरकेट्टा, कॉलेज, स्कूल के प्राचार्य तथा शिक्षक, सामाजिक संस्थाओं के प्रमुख तथा सदस्यगण के साथ-साथ थाना सरकण्डा, सिटी कोतवाली, सिविल लाईन, चकरभाठा, के थाना प्रभारी तथा स्टाफ उपस्थित रहे। रामनारायण वर्मा ( टेक्निकल एक्सपर्ट डायवर्सन , काउंसिल टू सिक्योर जस्टिस), किशोर न्यायालय, चाईल्ड वेल्फेयर कमेटी, राज्य मानसिक चिकित्सालय सेन्दरी, श्रम विभाग, शिक्षा विभाग, रेल्वे सुरक्षा बल, राज्य रेल्वे पुलिस बल के अधिकारी उपस्थित रहे।

## NECC

| 19.10.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 510 | 65 | 160 |
| चिल्हर | 6.00 | 80 | 185 |

डिलीवरी 525 सैकड़ा

दर्जन अंडा 70 रु.

मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रू.

CSPFA

प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 डाक पंजीयन 112-002/2002 सी जी फोन- 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188